

राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता बनर्जी - 12



एलपीजी में 20 प्रतिशत डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये - 12



राजनीति में दिखावा जरूरी इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं : ट्रंप - 13



मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को एक और साल का अनुबंध दिया गया - 14


आज का मौसम
39.0° अधिकतम तापमान
24.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.42
सूर्यास्त 06.40

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया 07:27 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 20 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 145, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# विपक्ष का आचरण द्रौपदी चीरहरण जैसा नारी सम्मान के खिलाफ अक्षम्य पाप: योगी

## नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर बोला तीखा हमला

- सीएम बोले, कांग्रेस, सपा, टीएमसी डीएमके समेत इंडी दलों को कभी माफ नहीं करेगी नारी शक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को पारित नहीं होने देने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने विपक्ष के आचरण की तुलना महाभारत के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग से करते हुए इसे नारी सम्मान के खिलाफ अक्षम्य पाप बताया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का यह व्यवहार देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय में रविवार को पत्रकार से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने हर बार इन प्रयासों का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने संसद में गैर-जिम्मेदाराना आचरण करते हुए महिलाओं को उनका अधिकार मिलने से रोकने का षड्यंत्र किया। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2023 में पारित अधिनियम को 2034 के बजाय वर्ष 2029 से लागू करने के लिए संशोधन प्रस्तावित किया था।

इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीटें बढ़ाने का प्रावधान किया गया था, ताकि किसी भी राज्य या वर्ग के अधिकार प्रभावित न हों। इसके बावजूद विपक्ष ने सहयोग नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने इस संदर्भ में डॉ. भीमराव आंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों ने जिस प्रकार का रवैया अपनाया, वह लोकतंत्र के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है।



**लखनऊ :** भाजपा के राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

### शाहबानो प्रकरण के समय मौन क्यों थे

योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में सरकार गंभीर थी और इसे वर्ष 2029 से लागू कराने के लिए संशोधन लाया गया था, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से इसका विरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि जो दल आज मुस्लिम महिलाओं की बात करते हैं, वे शाहबानो प्रकरण के समय मौन थे और ट्रिपल तलाक कानून का भी विरोध करते रहे हैं, जो उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

### योगी ने गिनाई महिला सशक्तीकरण योजनाएं

योगी ने महिला सशक्तीकरण के लिए कई योजनाओं का उल्लेख किया। इनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत शामिल हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश में लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं। इन प्रयासों से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी में वृद्धि हुई है।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका, 23 की गई जान, आठ गंभीर

विरुधुनगर, एजेंसी

- विरुधुनगर में हुआ हादसा, छह गंभीर, 100 से अधिक मजदूर कर रहे थे काम
- भीषण विस्फोट से तीन कमरे मलबे में तब्दील, आसपास की कई इमारतों को भारी नुकसान

तमिलनाडु के विरुधुनगर के निकट स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में 23 से अधिक श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह विस्फोट वाचकारपत्ती पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कट्टनरपत्ती में मुथुमानिकम के स्वामित्व वाली 'वनजा' पटाखा फैक्टरी में हुआ। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, घायल हुए 8 लोगों की हालत नाजुक है और उनका विरुधुनगर सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज जारी है।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस पटाखा निर्माण इकाई को नागपुर स्थित पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (पीईएसओ) से लाइसेंस मिला हुआ है। परिसर में 100 से अधिक श्रमिक काम कर रहे थे। ऐसा माना जा रहा है कि विस्फोट बरामदे वाले क्षेत्र में हुआ, जहां श्रमिक कच्चे माल से पटाखों को अंतिम रूप दे रहे थे।

विस्फोट का प्रभाव इतना भीषण था कि तीन कमरे मलबे में तब्दील हो गए और आसपास की कई इमारतें को भारी नुकसान पहुंचा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने अब तक 23 शव बरामद किए हैं, जिनमें से कई बुरी तरह जल चुके थे और उनकी पहचान करना मुश्किल था। अधिकारी ने बताया कि घायल छह लोगों में से तीन महिलाएं हैं और वे 60 प्रतिशत तक जल गई हैं।



विस्फोट के बाद आग बुझाते दमकलकर्मी।

### विस्फोट के काफी देर बाद तक पटाखे फटते रहने से बचाव कार्य में आई बाधा

सूत्रों के अनुसार, अग्निशमन और बचाव कर्मियों ने कई घंटों तक आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआती विस्फोट के काफी देर बाद भी पटाखे फटते रहने के कारण बचाव अभियान में काफी बाधा आई। सूत्रों के मुताबिक, आशंका है कि मलबे के नीचे और भी श्रमिक फंसे हो सकते हैं। यह घटना इस क्षेत्र में इस वर्ष की सबसे घातक औद्योगिक दुर्घटना है। यह घटना उसी जिले के वेम्बाकोट्टई क्षेत्र में कुछ ही दिनों पहले हुए एक ऐसे ही विस्फोट के बाद घटी है, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी।

### मुख्यमंत्री ने बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए दो मंत्री घटनास्थल पर भेजे

इसी बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपना दुख व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए दो मंत्रियों को घटनास्थल पर भेजा है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विरुधुनगर जिले के कट्टनरपत्ती में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत की खबर से गहरा दुख हुआ है। मृतकों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। उन्होंने कहा, इस दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मैंने जिला कलेक्टर से संपर्क किया और उन्हें सभी आवश्यक सहायता का समन्वय करने का निर्देश दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### बोकारो में मालगाड़ी का डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतरा

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में रविवार को लेवल क्रॉसिंग पर मालगाड़ी का एक डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतर गया। अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना बोकारो थर्मल पुलिस थाना (बीटीपीएस) अंतर्गत ओवरब्रिज के पास हुई, जब मालगाड़ी दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) ऊर्जा संयंत्र से निकल रही थी। मामले में जांच की जा रही है। ट्रेन से टक्कर के बाद कार कुछ दूरी तक घिसटती रही, जिसके बाद ट्रेन रुक गई।

### ड्रोन आयात रिश्वत मामले में वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक अन्य निजी कंपनी के लिए ड्रोन आयात की सुविधा प्रदान करने के बदले पर 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में एक प्रमुख कॉरपोरेट समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत माथुर और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुख्यालय, नई दिल्ली में 'एयरवर्दीनेस डायरेक्टरेट' के उप महानिदेशक मुदावथ देवुला को गिरफ्तार किया। आरोपी डीजीसीए के अधिकारी ने एक निजी एयरोस्पेस कंपनी के लिए डीजीसीए के पास लंबित आवेदनों की मंजूरी और संबंधित आदेश जारी करने के बदले में निजी व्यक्तियों से अनुचित लाभ की मांग की थी।

# युद्धविराम के दो दिन शेष ईरान नहीं खोलेगा होर्मुज

काहिरा/तेहरान, एजेंसी

- कहा- होर्मुज से हमारे जहाज नहीं निकले तो किसी के नहीं गुजरने देंगे, 2 और जहाज वापस लौटाए

ईरान ने अपने बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रहने तक होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर रोक लगाने के फैसले पर और कड़ा रुख अपना लिया है। अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान के कड़े रुख के बीच मध्यस्थ युद्धविराम की अवधि बढ़वाने की कोशिश कर रहे हैं, जो बुधवार को खत्म हो जाएगी।

नाकेबंदी के कारण पाकिस्तान की मध्यस्थता में हो रही कोशिशें जटिल हो गई हैं और अब सवाल खड़ा हो गया है कि दो हफ्ते का संघर्षविराम आगे बढ़ पाएगा या नहीं। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ ने शनिवार देर रात कहा, जब हमारे खुद के जहाज होर्मुज जलडमरुमध्य से नहीं गुजर सकते तो दूसरों को भी इस रास्ते से गुजरने देना असंभव है। अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार गालिबाफ ने अमेरिकी नाकाबंदी को अज्ञानता के कारण लिया गया एक नासमझी भरा फैसला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अब भी शांति चाहता है, लेकिन अमेरिका पर गहरा अविश्वास बना हुआ है। गालिबाफ ने कहा, अभी भी बड़े मतभेद बरकरार हैं, और कुछ बुनियादी मुद्दे अब तक हल नहीं हुए हैं। रविवार को भी ईरान ने दो और जहाज को होर्मुज से लौटा दिया।

### भारतीय टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया

**नई दिल्ली।** भारत के ध्वज वाले एक तेल के टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया। भारतीय टैंकर ने इस तनाव ग्रस्त जलमार्ग को ऐसे समय पार किया है, जब दो अन्य भारतीय जहाजों को गोलीबारी के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था और भारत ने वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता को ईरान के साथ साझा किया था। पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर सरकार द्वारा दी गई अद्यतन जानकारी के मुताबिक, कच्चे तेल से भरा टैंकर देश गरिमा 18 अप्रैल को रणनीतिक जलमार्ग को पार कर गया और 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। इस जहाज पर 31 भारतीय नाविक सवार थे।

### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज पहुंचेगा पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिकी वार्ताकार सोमवार को ईरान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान पहुंचेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

## गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा शुरू



**देहरादून।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ खोल दिए गए। इसके साथ ही रविवार से उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2026 का भी शुभारंभ हो गया है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा व अभिषेक के साथ दोपहर 12:15 बजे गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए।

# मासूम को उठा ले गया तेंदुआ, अधखाया शव मिला



दिलशाद (मृतक)

- गेहूं काटने गए माता-पिता मासूम को ले गए थे साथ, रात में तलाश के दौरान भट्ठे के पास मिला शव

**सिंगाही (लखीमपुर खीरी)।** गेहूं की फसल काटने गए माता-पिता अपने साथ चार साल को लेकर भी खेत पर आए थे। इसी दौरान मासूम तेंदुए का शिकार बन गया। बच्चे का शव देर रात तिकुनिया रोड स्थित ईंट भट्ठे के पास झाड़ियों में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

ग्राम पंचायत उमरा के नयापुरवा निवासी उम्मेद अली मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। वह पत्नी और बच्चों के साथ शनिवार को गांव निबोरिया के खेत में गेहूं की कटाई करने गए थे। दिनभर काम के दौरान बच्चे पास में खेलते रहे, लेकिन शाम को घर लौटते समय चार साल का दिलशाद अचानक गायब हो गया। खोजबीन पर कोई सुराग नहीं मिला। साथ खेल रहे बच्चों ने इशारों में किसी जंगली जानवर के आने की बात बताई। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और टॉर्च व मोबाइल की रोशनी में खोजबीन शुरू हुई। तलाश के दौरान बच्चे के दादा की नजर झाड़ियों पर पड़ी, जहां तेंदुआ बैठा दिखाई दिया। भीड़ बढ़ते ही तेंदुआ वहां से भाग निकला। जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो झाड़ियों में दिलशाद का अधखाया शव पड़ा मिला। यह दृश्य देख परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई।

# प्रदेश में अब 45 दिन तक नहीं कटेगी स्मार्ट मीटर की बिजली

- तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक लगी रोक
- जीरो बैलेंस होने पर भी 3 दिन तक जारी रहेगी सप्लाई

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने बिजली उपभोक्ताओं को राहत देते हुए पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया पर अस्थायी रोक लगा दी है। यह निर्णय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गठित तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक लागू रहेगा। प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने यहां आयोजित समीक्षा बैठक में विद्युत व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और उपभोक्ता हितैषी बनाने के उद्देश्य से कई निर्णयों की घोषणा की।

मंत्री ने बताया कि जब तक तकनीकी समिति अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं कर देती और उसकी जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर में बदलने की प्रक्रिया तत्काल प्रभाव से स्थगित रहेगी। उन्होंने कहा कि जहां हाल ही में स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं, वहां उपभोक्ताओं को राहत देते हुए लगभग 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन, यानी कुल करीब 45 दिन तक किसी का भी बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। इसके अलावा, स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह व्यवस्था की गई है कि शून्य बैलेंस की स्थिति में भी अधिकतम तीन दिन या 200 रुपये तक (दो किलोवाट भार तक) बिजली आपूर्ति बाधित नहीं होगी।



उपभोक्ताओं को समय पर सूचना देने के लिए पांच-स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी, जिसके तहत बैलेंस 30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत, शून्य होने, डिस्कनेक्शन से एक दिन पहले और डिस्कनेक्शन के बाद संदेश भेजे जाएंगे।

सरकार द्वारा जारी बयान के अनुसार, रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में बैलेंस नकारात्मक होने पर भी किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। गर्मी के मौसम को देखते हुए मंत्री ने सभी बिजली वितरण कंपनियों को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रांसफार्मर बदलने में देरी न हो और ढीले तारों तथा स्पार्किंग जैसी समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाए।

# डिजिटल अरेस्ट से बचाएगा सीबीआई का चैटबॉट अभय

नई दिल्ली, एजेंसी



- लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में करेगा मदद

सीबीआई डिजिटल अरेस्ट से लोगों को बचाने के लिए सोमवार को एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित चैटबॉट 'अभय' की शुरुआत करेगी, जो लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में मदद करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने अपने संस्थापक निदेशक के सम्मान में सोमवार को 22वें डी पी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया है और इसी अवसर पर सीजेआई सूर्यकांत चैटबॉट 'अभय' की औपचारिक शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान न्यायाधीश 'साइबर अपराध की चुनौतियां - पुलिस और न्यायपालिका की भूमिका' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर वह सराहनीय सेवा के लिए 24 पदक भी प्रदान करेंगे। सीबीआई के प्रवक्ता ने कई मामलों में यह सामने आया है कि सीबीआई अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने वाले ठगों ने एजेंसी की ओर से जारी किए गए फर्जी नोटिस दिखाकर जनता को धमकाया है, उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' किया है और इस दौरान करोड़ों रुपये की उगाही की है।

## सुप्रीम आदेश

**कोर्ट ने सड़क सुरक्षा पर देशभर के लिए जारी किए निर्देश, कहा- एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है**

# खतरे के कॉरिडोर बन रहे एक्सप्रेस-वे, नए ढाबों पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि देश की सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग हैं लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है।

पीठ ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़कें अधिक सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि अवैध रूप से वाहन खड़ा करना या दुर्घटना संभावित स्थलों जैसे टाले जा सकने वाले खतरों के कारण एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है। कोर्ट ने 13 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिया गया जीवन का अधिकार जीवन को केवल गैरकानूनी तरीके से छीने जाने के विरुद्ध गारंटी नहीं देता, बल्कि राज्य पर यह सकारात्मक दायित्व भी डालता है कि वह ऐसा सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करे, जहां मानव जीवन सुरक्षित रहे और उसका सम्मान हो। पीठ ने राजस्थान के फलोदी और तेलंगाना के रंगारेड्डी में दो और तीन नवंबर, 2025 को हुई सिलसिलेवार सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज किए गए स्वतः संज्ञान मामले में यह आदेश पारित किया। इन दुर्घटनाओं के लिए प्रणालीगत लापरवाही और विनाशकारी बुनियादी ढांचागत विफलताओं को जिम्मेदार ठहराया गया है।



### आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं

पीठ ने कहा कि न्यायालय इस बात को दोहराता है कि कोई भी आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती और यहां दी गई सख्त समयसीमा इस संवैधानिक दायित्व की तात्कालिक आवश्यकता को दर्शाती है। उसने निर्देश दिया कि राजमार्ग पर वाहनों को कहीं भी खड़ा या रोका नहीं जाएगा। उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) के जरिये राज्य पुलिस को सतर्क किया जाएगा, जीपीएस आधारित तस्वीरों को साक्ष्य बनाया जाएगा जिनमें समय दर्शाया होगा और एकीकृत ई-चालान प्रणाली का इस्तेमाल होगा। निर्देशों का पालन एनएचएआई, राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी करेंगे। संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेंगे, जिसमें सभी एजेंसियों द्वारा नियमित निरीक्षण और गश्त का प्रावधान होगा। आदेश की तारीख से 60 दिन के भीतर इन निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

### व्यावसायिक ढांचे के निर्माण व अन्य संचालन पर तत्काल रोक लगाई

महत्वपूर्ण निर्देशों में से एक निर्देश यह है कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग के मार्ग अधिकारी क्षेत्र में किसी नए ढाबे, भोजनालय या व्यावसायिक ढांचे के निर्माण अथवा संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। पीठ ने निर्देश दिया, जिला मजिस्ट्रेट सात अगस्त, 2025 की मानक संचालन प्रक्रिया और सीएनएच अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 60 दिन के भीतर सभी नए या मौजूदा अनधिकृत ढांचों को हटाना सुनिश्चित करें। अदालत ने कहा कि कोई भी विभाग, प्राधिकरण या स्थानीय निकाय राजमार्ग सुरक्षा क्षेत्र के भीतर स्थित किसी स्थल के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की पूर्व अनुमति के बिना कोई लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) या व्यापार मंजूरी न दे और न ही उसका नवीनीकरण करे। ऐसे सभी मौजूदा लाइसेंस की 30 दिन के भीतर समीक्षा की जाए।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 20 अप्रैल 2026
पीलीभीत

# जिलेभर में धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया

## प्राचीन गौरीशंकर मंदिर समेत कई जगह हुए पूजन और हवन, उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को किया गया सम्मानित



मोहल्ला मोहतशिम खां में परशुराम जयंती पर हुए हवन में श्रद्धालु। ● अमृत विचार



गौरीशंकर मंदिर में हुए कार्यक्रम में अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : जिलेभर में रविवार को भगवान परशुराम की जयंती और अक्षय तृतीया पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न संस्थाओं और राजनीतिक दलों की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर परशुराम भगवान का पूजन किया गया। बिलसंडा में शोभायात्रा निकाली गई, जबकि कई जगह भंडारे भी हुए। ब्राह्मण समाज के कई मेधावियों को सम्मानित भी किया गया। मंदिरों में विशेष आरती पूजन हुआ। वहीं, अक्षय तृतीया को लेकर सराफा बाजार में लोग खरीदारी को पहुंचे। हालांकि महंगाई का खासा असर देखा गया।

ब्राह्मण कल्याण समिति की ओर से मोहल्ला मोहतशिम खां स्थित नवनिर्मित कार्यालय पर भगवान परशुराम जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुंदर कांड का पाठ हुआ और भगवान परशुराम का विधिवत पूजन व हवन कर आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान डॉ. शिव किशोर शर्मा, डॉ. प्रेमरतन अवस्थी, शांति देवी शर्मा, प्रजित शुक्ला को सम्मानित किया गया। संस्थापक सुनील मिश्रा, अध्यक्ष राजेश मिश्रा, मंत्री अमिताभ त्रिपाठी एडवोकेट, उपमंत्री अंबरीश शर्मा अंबू, रमाकांत पांडे, डॉ. जगदीश प्रसाद वाजपेयी, पीयूष शुक्ला, अमित पाठक एडवोकेट, डॉ. महेश चंद्र दुबे, डॉ. लक्ष्मीकांत दीक्षित, रामप्रकाश शुक्ला, मनोज मिश्रा, अमित अवस्थी, हर्षवर्धन पांडे, राजीव त्रिवेदी, निर्मलकांत शुक्ला, अमिताभ अग्निहोत्री, सभासद पुष्पा उपाध्याय सुमन मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं, अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की ओर से सुबह 10 बजे से प्राचीन गौरीशंकर मंदिर में जिलाध्यक्ष अशोक बाजपेयी, महामंत्री दीपक शुक्ला की अगुवाई में कार्यक्रम हुआ। भगवान परशुराम का पूजन किया गया। इसके बाद उत्कृष्ठ कार्य करने वाले विभिन्न ब्राहमण समाज के लोगों को पटका पहनाकर और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीबीएसई बोर्ड 10 कक्षा में बेहतर अंक लाने पर एडवोकेट महेंद्र मिश्रा के पुत्र संकल्प मिश्रा को भी सम्मानित किया गया। इधर, श्रीद्वारकाधीश मंदिर में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम भगवान परशुराम की पूजा अर्चना की गई। प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित श्रीराम शर्मा, वरिष्ठ अधिवक्ता धीरेंद्र मिश्र आदि सम्मानित किए गए। जिला अध्यक्ष पंडित अभय शर्मा, स्पर्श मिश्रा, मनोज मिश्रा, नीरज शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



समाजवादी अधिवक्ता सभा की ओर से भी अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। संतोषी माता मंदिर परिसर में कार्यकर्ता जमा हुए और सर्वप्रथम परशुराम भगवान के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। परशुराम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष आशीष कुमार, शिशिर यादच, विकास रस्तोगी, राजीव यादव, हिमांशु दीक्षित, पराग मिश्रा, हर्ष, राजेश मिश्र, चित्रांश, गुरवेंद्र सिंह , हरगोविंद गंगवार आदि मौजूद रहे।

### पिंजरापोल गोशाला में हुआ हवन, दीं आहुतियां...श्रद्धालुओं ने गाए भजन



श्रीराधा माधव संकीर्तन मंडल की ओर से रविवार को अक्षय तृतीया पर शहर की पिंजरापोल गोशाला में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंडित शिवमोहन पाठक के दिशा निर्देशन में श्रीविग्रह का विधिवत पूजन किया गया। मुख्य यजमान दिल्ली से आए गौरव गर्ग, आरती गर्ग रहे। आयोजन में संकीर्तन मंडल और पिंजरापोल गोशाला समिति के सदस्यों ने सहयोग किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और हवन में आहुतियां दी। पिंजरापोल गोशाला के अध्यक्ष अश्विनी अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को प्रसादी अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर अशोक अग्रवाल, प्रमोद पंत, राजीव अग्रवाल, दीपक गोयल, सुमित कुमार, पवन अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### विधायक भी हुए शामिल, किया पूजन



कस्बा बिलसंडा में परशुराम जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा व अन्य कार्यक्रमों में बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा भी शामिल हुए। उन्होंने भगवान परशुराम का पूजन किया और यात्रा में भी शामिल हुए। इस मौके पर नगर पंचायत चेयरमैन डीके गुप्ता, भाजपा नेता सुमित गुप्ता भी मौजूद रहे।

### निकाली शोभायात्रा

**बीसलपुर, अमृत विचार** : नगर में भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा निकाली गई। मनमोहक झांकियां सजाई गई। कई जगह पुष्पवर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। मोहल्ला दुर्गा प्रसाद स्थित बाबा त्रिलोकी नाथ मंदिर समिति के तत्वावधान में रविवार दोपहर दो बजे से भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा शुरू की गई जोकि विभिन्न मार्गों से गुजरी।विधायक विवेक वर्मा ने इसकी शुरुआत कराई। भगवान परशुराम, राधा कृष्ण, भगवान गणेश, मां दर्गा सहित विभिन्न देवताओं की झाकियां सजाई गई। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, अखिल भारतीय सवर्ण महासभा के अध्यक्ष सुरेश बाबू मिश्रा, किसान सहकारी चीनी मिल के उपसभापति नरेश चंद्र शर्मा, शिवेंद्र नाथ शुक्ला, राकेश अवस्थी,अमित मोहन मिश्रा, राजाबाबू शुक्ला, राजीव पाठक,प्रबल शर्मा,अनुभव अवस्थी,ब्रजेश शुक्ला, नितिन पाठक,आलोक नगाइच,आयुष मिश्रा, उमाकांत मिश्र आदि मौजूद रहे।

# नौ ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थल का काम पूरा, एक अंतिम चरण में

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पंचायती राज पोर्टल पर जनपद अंत्येष्टि स्थल निर्माण में पहले स्थान पर

**अमृत विचार** : अंत्येष्टि स्थल के निर्माण कार्य में पीलीभीत प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। 10 ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थल के लक्ष्य के सापेक्ष नौ में काम पूरा हो चुका है, जबकि एक ग्राम पंचायत में कार्य अंतिम चरण में है।

डीपीआरओ रोहित भारती ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ग्रामीण क्षेत्रों में अन्त्येष्टि स्थलों के विकास योजनान्तर्गत 10 अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ। इसके सापेक्ष जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण को प्राप्त 36 प्रस्तावों में से परीक्षणों के उपरान्त 10 ग्राम पंचायतों का चयन किया और अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

प्राप्त धनराशि का कोषागार के माध्यम से सम्बन्धित ग्राम पंचायत के खाते में आहरण करने से पूर्व नियमानुसार ले-आउट कराकर निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए गए। चयनित ग्राम पंचायतों को प्रथम किस्त के रूप में 18.08 लाख रुपये हस्तांतरित की गई। प्रथम किश्त की धनराशि का उपभोग करते हुए अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य के फोटोग्राफ्स, कार्य की एमबी और उपभोग प्रमाण पत्र प्रस्तुत करते हुए द्वितीय किश्त की मांग की गई। इसका परीक्षण करने के बाद अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण के लिए चयनित ग्राम पंचायतों के बैंक खातों में द्वितीय किश्त 6.02 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए। 12 मार्च को डीएम द्वारा अन्त्येष्टि स्थल निर्माण की समीक्षा की गई। कराए गए निर्माण के फोटो अवलोकित किये गए।

लक्ष्य के सापेक्ष नौ ग्राम पंचायतों (पिपरिया दुलई, सिरसा, रोहतनियां, बौनी, गुलैंदा गौटिया, पहाड़गंज, बमरौली, गौनेरा, भोपतपुर ) में अन्त्येष्टि स्थलों के निर्माण का कार्य पूरा किया गया है। ग्राम पंचायत रामनगर जगतपुर में अंत्येष्टि स्थल के निर्माण का कार्य अप्रैल के अन्त तक पूर्ण कराया जाएगा।

# गोवर्धन की परिक्रमा से नष्ट होते है पाप

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



भजनों पर थिरकते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

- श्रीमद भागवत कथा में उमड़े श्रद्धालु, भजनों पर थिरके

**अमृत विचार** : शेरों वाली मठिया के समीप श्रीब्रह्मदेव मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पांचवें दिन श्री गिरिराज जी महाराज की कथा का वर्णन किया गया। प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं को भी सुनाया गया। भजनों पर भक्त जमकर थिरके।

श्रीवृंदावन धाम से आए ब्रजवासी रासबिहारी लाल व्यास श्रीगोकुल ठाकुर जी महाराज ने श्री गिरिराज की कथा सुनाई। बताया कि गोवर्धन पर्वत, जिसे गिरिराज जी के नाम से भी जाना जाता है, एक पवित्र पर्वत है। यह भगवान कृष्ण की लीलास्थली है, जिन्होंने ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप से बचाने के लिए इस पर्वत को अपनी कनिष्ठ उंगली पर उठाया था। जब हनुमान व्रज में थे, जहां आज भी गोवर्धन विराजमान हैं, तभी रामचन्द्र का यह संदेश उन्हें मिला। इसलिए हनुमान ने गिरिराज-गोवर्धन को वहीं रखा और प्रभु श्री राम के पास लौट आए। उसी समय से गोवर्धन वहां विराजमान हैं। गोवर्धन वहां आकर बहुत प्रसन्न हुए, चूंकि कृष्ण वहां आकर अपनी सभी लीलाएं प्रकट करेंगे। गोवर्धन परिक्रमा का व्रत लेते हैं, उनके घर में कभी भी दरिद्रता, कलह और अकाल मृत्यु का प्रवेश नहीं होता। इस मौके पर भोगराज, शिवलाल,सुशीला कृतिका,कार्तिक आदि मौजूद रहे।




# नवग्रह वाटिका विकसित कराने को लिखा पत्र

**पीलीभीत, अमृत विचार:** शहर के मोहल्ला सिविल लाइन साउथ के रहने वाले जिला पर्यावरण समिति के नामित सदस्य अधिवक्ता शिवम कश्यप ने डीएम और प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी को पत्र लिखा है।

इसमें आगामी पौधरोपण सत्र में नवग्रह वाटिका रोल मॉडल स्थापित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इसमें ग्रहों से जुड़े वृक्ष की जानकारी और उनके रोपण उपरांत लाभ का व्याख्यान किया जाए। यह भी आग्रह किया कि प्रशासन वीडियो संदेश के जरिए आम जनमानस से अपील करते हुए लोगों को भी अपने पर्याप्त संसाधनों के अनुसार निजी एवं सरकारी भूमि में पौधरोपण के लिए प्रेरित करें। इसे लेकर डीएम ज्ञानेंद्र सिंह और प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी भरत कुमार डीके ने समस्त रेंजों में इसकी स्थापना के लिए निर्देशित किया है।

# बिलसंडा में निकाली शोभायात्रा

संवाददाता, बिलसंडा



बिलसंडा में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल संत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : परशुराम जन्मोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा समेत कई संगठनों ने कार्यक्रम किए।

शोभायात्रा की शुरुआत श्रीनिवास कुंज आश्रम से हुई। डीजे की धुन पर गूंज रहे भजनों पर भक्त झूमते रहे। राम दरबार,भगवान परशुराम,भोलेनाथ की मनमोहक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कई जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष अनुपम दीक्षित,युवा इकाई अध्यक्ष रामलखन शुक्ला,रवि शुक्ला,पुष्पेंद्र शुक्ला,कमलकांत मिश्रा,रामसेवक शुक्ला, रामाधार मिश्रा,रामदास पाठक,मनोज त्रिवेदी,रामवीर मिश्रा,रामेंद्र गोस्वामी,व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद अवस्थी,सुशील कुमार तिवारी,राकेश कुमार शर्मा आदि शामिल हुए। साथ ही राष्ट्रीय योगी सेना के कार्यकर्ताओं ने भी शोभायात्रा का आयोजन किया। जिसमें न्यूरानपुर आश्रम के महंत योगी हनुमान नाथ,योगी सरोजनाथ,बाबा सत्यगिरि समेत लोग शामिल हुए।

# सप्लाई के संसाधन बदहाल, कटौती से उपभोक्ता बेहाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



रामस्वरूप पार्क के पास ट्रांसफार्मर में आई खराबी ठीक करते कर्मचारी।

- गर्मी की दस्तक के साथ ही बढ़ने लगी अघोषित कटौती, हो रहे लोकल फाल्ट
- शनिवार रात से कई इलाकों में गहराई समस्या, रविवार को भी बनी रही मुसीबत

**अमृत विचार** : एक तरफ स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं की बढ़ी समस्या कम नहीं हो सकी है। आए दिन कभी बिजली का बढ़ा बिल ठीक कराने तो कभी बिल जमा न होने पर बिजली गुल होने की शिकायतें लेकर उपभोक्ता पावर कॉरपोरेशन के अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर लगा रहे हैं। वहीं, मीटर तो स्मार्ट कर दिए गए, लेकिन सप्लाई के लिए इंस्तेमाल संसाधन हल्का सा लोड बढ़ते ही हांफ रहे है। इसका खामियाजा बिजली संकट गहराने पर उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

शहर की बिजली व्यवस्था लंबे समय से चरमराई है। बीते सालों में व्यवस्था को बेहतर बनाने के दावों के साथ बंच केबिल डलवाई गई। मगर उसमें में तमाम अनियमित्ताएं उजागर हुई। कई गलियों में बीच-बीच में पुराने जर्जर तारों के मकड़जाल छोड़ दिए गए और मुसीबत बरकरार रही। शहर में कई इलाके अभी भी इससे वंचित रह गए। इसके अलावा हर साल की तरह गर्मी की दस्तक में लोड बढ़ने पर समस्या न आए। इसके लिए बीते दिनों सुधार कार्य चला और दावे भी खूब हुए। इसी बीच स्मार्ट मीटर लगने के बाद समस्या उस वक्त गहराई जब बिल जमा न होने पर अचानक सैकड़ों घरों की सप्लाई बंद हुई। हालांकि उपभोक्ताओं की इसे लेकर अपनी परेशानी है। व्यापारी वर्ग भी ज्ञापन दे चुका। खैर, सप्लाई की बात करें तो दशकों पुराने जर्जर संसाधनों के चलते व्यवस्था अभी भी बेहतर नहीं हो सकी है। शनिवार को दिनभर बिजली की आंख मिचौली चलती रही। इसके बाद रात को भी समस्या गहरा गई। रामस्वरूप पार्क के पास लगे 250 केवीए ट्रांसफार्मर में खराबी आने के बाद संबंधित क्षेत्र की सप्लाई गुल हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर टीम भेजी गई और जल्द सप्लाई चालू होने का आश्वासन दिया जाता रहा। इसके अलावा लोहा मंडी क्षेत्र की सप्लाई गड़बड़ाई। दूधिया मंदिर रोड पर दिन भर के बाद रात को भी बेहतर सप्लाई नहीं मिल सकी। मोहल्ला पंजाबियान में भी बिजली गुल रही। केजीएन कॉलोनी में रात नौ बजे के बाद एक फेस की बिजली गुल हो गई। सुनगढ़ी, नई बस्ती, काला मंदिर व आसपास के इलाकों में भी देर रात तक लोग बिजली कटौती की मार झेलते रहे। पकड़िया के पास फेक कटा हुआ था। कई जगह टीमें दौड़ी और सुधार किया जाता रहा। मगर देर रात 12 बजे के आसपास मोहल्ला जोशीटोला में ट्रिपिंग होती रही।

### टीम भेजकर सभी जगह किया सुधार

मोहल्ला तखान स्थित पंप पर फॉल्ट हो गया और बत्ती गुल हो गई। इसे लेकर देर रात डेढ़ बजे तक लोग बिजली आने के बारे में जानकारी करते रहे और आश्वासन मिलता रहा। दूधिया मंदिर मार्ग व आसपास के इलाके में पूरी रात बिजली गुल रही। इसके बाद साप्ताहिक अवकाश के दिन रविवार को भी समस्या कई इलाकों में बनी रही। दूधिया मंदिर रोड, मोहल्ला तखान, छतरी चौराहा गुरुद्वारा वाली गली समेत कई गजह खराबी रही। राजीव कॉलोनी में भी सुबह से बिजली गुल रही। जेई जहांगीर आलम ने बताया कि कुछ जगह लोकल फाल्ट के चलते सप्लाई प्रभावित रही थी। टीम भेजकर सभी जगह सुधार करा दिया गया है।

## शहर में आज

- शेरोवाली मठिया ब्रहमदेव बाबा मंदिर में श्रीमद भागवत कथा शाम 06 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत शहर समेत कई जगह जागरुकता कार्यक्रम सुबह 09 बजे से।
- श्रीपंचमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजन सुबह 7 .30 बजे।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला से छेड़छाड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना न्यूरिया में दी तहरीर में क्षेत्र की महिला ने बताया कि उसकी दो ननद रंजिश मानती हैं। वह अपने एक परिचित अजय माइकल से उसको परेशान कराती हैं। 10 अप्रैल को सुबह आठ बजे अजय माइकल ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट और छेड़छाड़ की। उसके पति और ससुराल पक्ष के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देता भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### युवती को ले जाने की एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 19 वर्षीय पुत्री 18 अप्रैल को घर से बिना बताए कहीं चली गई। काफी देर तक वापस न आने पर उसने अपनी पुत्री की काफी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### महिला और पुत्रों के साथ की मारपीट

**बिलसंडा, अमृत विचार** : ग्राम नवदिया मरौरी की रहने वाली सुशीला देवी पत्नी विजेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्हें व दो पुत्र अजमेर सिंह औ लखविंदर सिंह को गांव के ही पवन सिंह, विपिन सिंह और राजेंद्र सिंह ने हमला कर पिटाई कर दी। घर में घुसकर हमला किया गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### युवक पर हमला कर की मारपीट, धमकाया

**पीलीभीत,अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला थानसिंह निवासी विजय कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 अप्रैल को रात साढ़े दस बजे वह अपने भांजे को चिप्स दिलवाने जा रहा था। तभी सड़क पर उसके बहनोई छोटू पुत्र कमल निवासी मोहल्ला थानसिंह ने उसके साथ गालीगलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। आसपास के लोगों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देता भाग गया।

# अस्पताल परिसर में खुले अवैध रास्तों पर मेहरबानी, लापरवाही या कोई और कहानी!

## निजी मेडिकल स्टोरों से दवाओं के खेल में भी लग चुके आरोप, सुरक्षा पर भी उठ रहे सवाल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


जिला अस्पताल परिसर में शिवनगर कॉलोनी की तरफ जाने को खुला अवैध रास्ता।

**अमृत विचार** : जिला अस्पताल परिसर में खुले अवैध रास्तों को बंद नहीं कराया जा सका है। बजट मिलने के बाद काम कराए जाने के दावे तो कई बार किए गए। इसके लिए सर्वे भी कराए जाने का दावा कर दिया गया, लेकिन इन रास्तों पर जिम्मेदारों की मेहरबानी बरकरार है। जबकि कई बार इन्हीं रास्तों के जरिए निजी मेडिकल स्टोरों की दवाओं की बिक्री से जुड़ी साठगांठ के आरोप तक लग चुके हैं। इतना ही नहीं परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से भी इसे गलत माना जा रहा है। इसके बावजूद अवैध रास्तों को बंद न कराए जाने के पीछे तमाम सवाल उठ रहे हैं। सवाल ये भी है कि जब बजट मिल चुका था तो अब तक काम क्यों नहीं हो सका है।

मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला संयुक्त चिकित्सालय परिसर से आईटीआई, शिवनगर कॉलोनी के लिए दो रास्ते निकले हुए हैं। इन रास्तों पर कुछ मेडिकल स्टोर भी संचालित हैं। वहीं, कॉलोनी वासियों के साथ ही बड़ी संख्या में लोग इन्हीं रास्तों से आवाजाही कर मेडिकल कॉलेज होते हुए शहर के भीतर और टनकपुर हाईवे तक पहुंचने के लिए लंबे समय से इस्तेमाल कर रहे हैं। हालांकि जिला अस्पताल रहते हुए हुए भी इन रास्तों को अवैध बताते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान कई बार बंद कराने के निर्देश दिए। इसे लेकर कुछ दिन सख्ती चली और फिर हालात जस के तस हो गए। मेडिकल कॉलेज के निर्माण के दौरान जब प्रथम एलओपी के लिए एनएमसी टीम दो साल पहले पहुंची थी और निरीक्षण किया। उस वक्त भी रिपोर्ट बनाकर शासन स्तर पर भेजी गई थी। जिसमें इन अवैध रास्तों को बाउंड्री वॉल कराकर बंद करने के लिए निर्देशित किया गया था। इसके बाद पीडब्ल्यूडी की टीम से सर्वे तक कराया गया था। जिसमें बाउंड्री वॉल के निर्माण में आने वाले खर्च को भी बता दिया गया था। इसके बाद कुछ समय तक बजट के इंतजार में रास्ते खुले छोड़ दिए गए। मगर इसके बाद पूरे मामले को ही नजरअंदाज कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज बनने के बाद संचालन हुए भी लंबा समय बीत चुका है। इसके बाद पिछले साल नवंबर माह में ये दावा किया गया कि कैंपस की सुरक्षा को देखते हुए उक्त अवैध रास्ते बंद कराए जाएंगे। इसके लिए 75 लाख रुपये का बजट मिलने का दावा किया गया था। जिला अस्पताल में चिकित्सकों द्वारा बाहर की दवाएं अभी भी कई बार लिखी जा रही है। इसके पीछे कमीशन का खेल चर्चा में रहता है। गेट पर बने कुछ मेडिकल स्टोर के साथ ही इन अवैध रास्तों के पीछे भी मेडिकल स्टोर हैं। जहां, पर अक्सर मरीजों को कई बार दवा की पर्ची थमाकर भेज दिया जाता है। ये माना जा रहा था कि बजट मिलने के बाद रास्ते बंद होने और काफी हद तक ये खेल भी बंद होगा। मगर, इस दिशा में लंबे समय बाद भी कार्रवाई अधूरी सी है। फिलहाल जिम्मेदार टेंडर होने और जल्द कार्य शुरू होने की बात कह रहे हैं।



> अस्पताल परिसर की बाउंड्री वॉल के लिए बजट मिल चुका है। इसी में संबंधित दोनों रास्ते भी बंद कराए जाएंगे। इसके लिए टेंडर कर दिया गया है। संबंधित फर्म को रकम भी ट्रांसफर कर दी गई है। जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। – **डॉ . संगीता अनेजा**, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज

- **कई बार किए जा चुके दावे अभी तक धरातल पर नहीं दिख सका काम**

### अस्पताल परिसर को बना दिया पार्किंग

एनएमसी टीम की ओर से किए गए निरीक्षण के बाद शासन को भेजी गई रिपोर्ट में इन दोनों अवैध रास्तों को सुरक्षा के साथ जोड़कर देखा गया था। मगर उसके बाद भी कोई कार्य इसके समाधान के लिए नहीं हो सका है। आलम ये है कि बात सिर्फ इन रास्तों से आवाजाही तक सीमित नहीं है। पीछे की तरफ की गलियां सकरी है। ऐसे में कई लोग वहां तक वाहन न पहुंचने के चलते मेडिकल कालेज से संबद्ध जिला अस्पताल में ही वाहन पार्क कर रहे हैं। कई बार गार्ड भी ये पता नहीं कर पाते हैं कि परिसर में खड़ा वाहन तीमारदार, स्टाफ का है या फिर किसी अन्य का। बाहरी लोगों की आवाजाही भी नहीं रुक सकी है।

# लखनऊ में सम्मानित किए गए जिले के पांच शिक्षक


लखनऊ में सम्मानित हुए पीलीभीत के शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : लखनऊ के इंदिरानगर स्थित रानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल स्कूल में रविवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के परिणाम में जिले की परफॉर्मेंस बेहतर रहने पर पांच शिक्षकों और जिला समन्वयक को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 8 नवंबर 2025 को जिले के विभिन्न केंद्रों पर कराई गई थी। परीक्षा के व्यापक प्रचार प्रसार और शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जिले के पांच शिक्षक, शिक्षिकाओं के साथ जिला समन्वयक को प्रदेश स्तर पर सम्मानित किया गया। कंपोजिट स्कूल बरहा के शिक्षक संतोष कुमार खरे, ममता गंगवार, कंपोजिट विद्यालय कैंच के शिक्षक नवनीत पाल सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा के शिक्षक अजय कुमार, कंपोजिट विद्यालय ललौरी खेड़ा की शिक्षिका मिथलेश कुमारी, जिला समन्वयक राकेश पटेल को सीईटी के प्राचार्य अजय कुमार सिंह, पूर्व शिक्षा निदेशक बेसिक डॉ. सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह आदि ने प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। जिले सहयोगी शिक्षक वैभव जैसवार, खेमपाल को शिक्षकों का सहयोग करने के लिए पुरस्कृत किया गया। बीएसए रोशनी सिंह ने कहा कि इस सम्मान से जनपद का गौरव प्रदेश में बढ़ा है।

# जमीन दिलाने के नाम पर 70 लाख रुपये ठगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **एसपी के आदेश पर गजरौला थाने में दंपती समेत तीन नामजद और दो अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार** : जमीन दिलाने के नाम पर ग्रामीण ने करबी 70 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। एसपी के आदेश पर गजरौला पुलिस ने दंपति समेत तीन नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गजरौला थाने में दर्ज की गई रिपोर्ट में ग्राम देवीपुरा के निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र स्वर्गीय सुरेश कुमार ने बताया कि उनकी कृषि भूमि का विवाद ग्राम जतीपुर की रहने वाली ओमवती पत्नी रामचंद्र से चल रहा है, जोकि न्यायालय में विचाराधीन है। इस विवादित जमीन का बैनामा जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम लालपुर के निवासी हरिओम गंगवार पुत्र बुद्धसेन ने अपनी पत्नी कामाक्षी गंगवा और अपने साथियों के हक में ओमवती व उसकी पुत्री सुनीता गंगवार से करा लिया। 7 जनवरी को दोनों पक्षों के बीच संभ्रांत व्यक्तियों और अधिकारियों के सहयोग से समझौता हो गया। संबंधित विवादित गाटा संख्याओं को हरिओम द्वारा 1.17 करोड़ रुपये में बेचने का सौदा पीड़ित से कर लिया। इस समझौते के अनुसार आठ जनवरी को सात लाख रुपये बतौर बयाना पीड़ित ने अपने भाई प्रेमपाल के खाते से हरिओम की पत्नी के खाते में आरटीजीएस कर दिया। 9 जनवरी को न्यायालय तहसीलदार पीलीभीत के न्यायालय में विचाराधीन दाखिल खारिज का वाद समझौते के कारण पीड़ित ने वापस ले लिया। इसके बाद तेरह जनवरी को 1.17 करोड़ की आधी धनराशि देकर संबंधित गाटा संख्या का एग्रीमेंट और एक अन्य गाटा संख्या का बैनामा 29 जनवरी को कराना तय हुआ। 13 जनवरी को 23 लाख रुपये आरटीजीएस के माध्यम से कामाक्षी गंगवार के खाते में भेज दिया और 19 जनवरी को भाई के खतो से हरिओम के खाते में 15 लाख और फिर सात लाख दिए। हरिओम ने पंद्रह लाख रुपये अपने खाते से यह कहकर वापस कर दिए कि उसे नकद चाहिए। इस पर 29 जनवरी को 22 लाख रुपये नकद दे दिए। 2.70 लाख रुपये स्टाम्प शुल्क, रसीद आदि पर खर्च किए। इसके बाद कई तिथि में लाखों रुपये ट्रांसफर कर दिए गए। मगर छह फरवरी को हरिओम, उसकी पत्नी व अन्य लोग बैनामा कराने नहीं आए। रुपये मांगने पर धमकाया गया। आसरोपी ने पीड़ित का 69.70 लाख रुपये हड़प लिया और करीब 2.70 लाख अलग से खर्च में नुकसान कराया। एसओ गजरौला ब्रजवीर सिंह ने बताया कि लालपुर गांव के हरिओम गंगवार, कामाक्षी गंगवार, रविंद्र गंगवा उर्फ गुड्डू और दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पहले लगाई एफआर, अब पुनः विवेचना ठंडे बस्ते में

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **धोखाधड़ी कर जमीन की बिक्री से जुड़ा मामला, पीड़ित ने लगाई गुहार**
- **बोला- डेढ़ साल से लगा रहे चक्कर, साक्ष्य भी दिए मगर नहीं मिला न्याय**

**अमृत विचार** : धोखाधड़ी कर जमीन की बिक्री करने के मामले में एफआईआर के डेढ़ साल से अधिक समय बाद भी पीड़ित को न्याय नहीं मिल सका है। आरोप है कि पुराने विवेचक ने उनके दिए साक्ष्य को नाकाफी बताते हुए फाइनल रिपोर्ट लगा दी। जब पुनः विवेचना के आदेश हो गए, इसके बाद भी मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया है। पीड़ित ने सहायक पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं, पोर्टल पर भी शिकायत की गई है।

बता दें कि एसपी के आदेश पर न्यूरिया थाने में 15 अगस्त 2024 को शहर के मोहल्ला कुंवरगढ़ के निवासी नीरज मिश्रा पुत्र स्वर्गीय वीरेश कुमार की ओर से धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसमें कैलाशनगर डाकखाना नवाबगंज बरेली के प्रदीप कुमार सूरी, ग्राम भिंडारा मझोला के गोपाल, देवीदास, गुलड़िया भिंडारा की सीमा विश्वास, शांति राय, चमेली देवी, लवली और पकड़िया विजयपुर गांव की उर्मिला देवी कुल आठ आरोपी बनाए गए थे। इसमें बताया था कि उसके पिता वीरेश कुमार, राजेश कुमार और सुरेश कुमार तीन भाई थे। उनकी भूमि की देखरेख के लिए मुख्तारनामा प्रदीप कुमर सूरी और मुशीलाल के पक्ष में किया गया था। जब उक्त लोगों ने संपत्ति खुर्द-बुर्द करनी चाही तो पिता वीरेश कुमार ने भी पंद्रह मई 2013 को इसे निरस्त करा दिया था। पिता वीरेश कुमार की मृत्यु छह जनवरी 2018 को हुई और फिर वारिसान के तौर पर पीड़ित व परिवार के अन्य लोगों के नाम वारिस के तौर पर कागजात में अंकित हुए। 2023 में उक्त भूमि पर काम कराने पहुंचे तो पता चला कि इस जमीन को प्रदीप सूरी ने दूसरों को बेच दिया है। आरोप है कि प्रदीप सूरी ने खुद को वीरेश कुमार का मुख्तारेआम बताकर जमीन बेची। जबकि मुख्तारनामा 2013 में ही खंडित हो चुका था। इस मुकदमे के वादी नीरज मिश्रा ने सहायक पुलिस अधीक्षक / सीओ सदर नताशा गोयल से एक बार फिर शिकायत की है। उनका कहना है कि उनकी ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पूर्व के विवेचक ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी जबकि उनकी ओर से पर्याप्त साक्ष्य दिए गए थे। इसके बाद एसपी से शिकायत की गई और पुनः विवेचना के आदेश करदिए गए हैं। मगर इसको भी कई दिन बीत चुके हैं। मगर अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। उनका कहना है कि आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। कई बार शिकायतें कर चुके हैं, लेकिन उनके साक्ष्य को नाकाफी बताकर टाला जा रहा है। जबकि आरोपियों से इससे जुड़ा एक साक्ष्य तक नहीं लिया गया है। उन्होंने मामले में निष्पक्ष विवेचना कराकर न्याय की गुहार लगाई है। उधर, विवेचक सुधीर कुमार का कहना है कि इस मामले में पुनः विवेचना चल रही है। दोनों पक्षों से साक्ष्य मांगे गए हैं, उसी आधार पर अग्रिम निर्णय लिया जाएगा। वहीं, सीओ सदर नताशा गोयल ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# रेल में अपराधियों की पहचान करेगा यक्ष एप



जीआरपी थाना पीलीभीत का भवन। ● अमृत विचार

सौरभ सिंह, पीलीभीत

- **एआई फीडिंग के तहत मिलेगी जानकारी, जीआरपी-आरपीएफ को मिलेगी मदद**
- **सक्रिय अपराधियों का फीड किया जाएगा डेटा, आवाज से होगी एप पर पहचान**

**अमृत विचार** : ट्रेन में होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए शासन ने यक्ष एप की शुरुआत की है। इसकी मदद से प्लेटफार्म के साथ ट्रेनों में सक्रिय अपराधियों की कुंडली अब कंप्यूटर पर एक क्लिक करते ही खुल जाएगी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) इन दिनों यक्ष एप में डाटा अपलोड कर अपडेट कर रही है। इस एप में अपराधियों के नाम-पता, फोटो, फिंगर प्रिंट और वॉयस सैंपल के साथ गिरोह का विवरण होगा। जिससे किसी भी वारदात के बाद संदिग्धों तक पहुंचना चंद सेकेंड का काम रह जाएगा।

बता दें कि ट्रेन के साथ ही रेलवे स्टेशन परिसर, प्लेटफार्म की सुरक्षा का दायरा मजबूत किया जा रहा है। मई माह से रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म या ट्रेन में किसी प्रकार की वारदात होती है तो जीआरपी सबसे पहले यक्ष की मदद से उनकी कुंडली से साक्ष्य मिलान करेगी, जो कभी रेलवे अपराध मामले में जीआरपी के हत्थे चढ़े या जिन पर किसी भी अपराध का अभियोग पंजीकृत रहा। चंद सेकेंड की इस मैचिंग के जरिये जीआरपी यह सुनिश्चित कर सकेगी कि ताजा घटना क्रम में क्या कोई पुराना अपराधी तो नहीं शरीक है। अगर किसी पुराने अपराधी से घटना का तरीका, घटनास्थल पर कैद अपराधी की आवाज, फोटो या अन्य किसी भी क्लू की मिलान हो जाती है तो उन तक जीआरपी की सीधी पहुंच होगी। प्रदेश स्तर पर शुरू किए गए यक्ष एप में अपराधियों के नाम-पते, फोटो, फिंगरप्रिंट और वॉयस सैंपल सहित विस्तृत प्रोफाइल तैयार की जा रही है। पीलीभीत रेलवे जंक्शन पर भी इस दिशा में काम तेजी से जारी है। जीआरपी एसओ अभिषेक पांडे ने बताया कि थाने में दर्ज 15 हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की गहन पड़ताल की जा रही है, जिनमें से अब तक 10 का पूरा डाटा एप पर अपलोड किया जा चुका है। एसओ अभिषेक पांडे ने बताया कि यक्ष एप पर दी जाने वाली जानकारी समय-समय पर अपडेट की जाएगी। इसकी भी एप में सुविधा दी गई है। यदि अपराधी की मौत हो जाती है या फिर मामले में वह दोषमुक्त हो जाता है तो तत्काल ऐसे अपराधी का डेटा हटा दिया जाएगा। साथ ही मॉनीटरिंग भी की जाएगी।

> यक्ष ऐप की शुरुआत की गई है। यह एप एआई से जोड़कर तैयार किया है। इसमें समस्त अपराधियों की जन्म कुंडली रहेगी। आवाज और फिंगर भी अपलोड होगी। इस ऐप के मदद से अगर कोई घटना होती है तो घटनास्थल पर मिलने पर साक्ष्य के आधार पर मिलान किया जा सकता है कि इसमें कोई पुराना अपराधी तो शामिल नहीं है। इतना ही नहीं अब पकड़े जाने वाले प्रत्येक अपराधी का डेटा भी अपलोड होगा। इससे काफी सहूलियत होगी। – **रोहित मिश्रा**, एसपी रेलवे

# भूसे के ढेर में लगी भीषण आग, दो ग्रामीण झुलसे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


राणा प्रताप नगर में लगी आग के बाद उठती लपटें। ● अमृत विचार

- **हजारा क्षेत्र के राणाप्रताप नगर का मामला, बमुश्किल किया जा सका आग पर काबू**

**अमृत विचार** : हजारा थाना क्षेत्र के राणा प्रताप नगर गांव में रविवार को भूसे के ढेरों में अचानक भीषण आग लग गई। तेज लपटों और उठते धुएं ने इलाके में अफरातफरी मचा दी, जबकि आग से बचाव के प्रयास में दो ग्रामीण झुलस गए। किसी तरह ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया। हालांकि दूरी की वजह से फायर की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंच सकी।

हादसा रविवार दोपहर करीब तीन बजे का है। राणा प्रताप नगर गांव में अज्ञात कारणों के चलते भूसे के ढेरों में आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग इतनी तेज थी कि इसका धुआं करीब दो किलोमीटर दूर से दिखाई दे रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लपटें तेजी से फैलते हुए आसपास रखे सामान को भी अपनी चपेट में लेने लगीं। इसी दौरान अपने जरूरी सामान और उपकरण बचाने की कोशिश कर रहे दो ग्रामीण आग की चपेट में आकर आंशिक रूप से झुलस गए। उन्हें तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही हजारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। तेज हवा और भूसे की अधिक मात्रा के चलते आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। कई घंटे की कोशिशों के बाद आग के फैलाव को रोका जा सका। इस अग्निकांड से क्षेत्र के किसानों को नुकसान हुआ है। कई भूसे के ढेर जलकर राख हो गए। सीओ पूरनपुर प्रतीक दहिया ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच कराई जा रही है।

# मोबाइल से दूरी, किताबों से दोस्ती, स्कूलों में नई पहल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : अब परिषदीय स्कूलों के बच्चे मोबाइल स्क्रीन से दूर होकर किताबों की दुनिया में रमते नजर आएंगे। बेसिक शिक्षा विभाग ने बच्चों में पढ़ने की आदत बढ़ाने और उनकी एकाग्रता मजबूत करने के लिए नई योजना लागू की है।

डिजिटल दौर में बच्चों के बीच बढ़ती मोबाइल की लत को कम करने के लिए शिक्षा विभाग ने अहम कदम उठाया है। नए शैक्षिक कैलेंडर के तहत अब परिषदीय स्कूलों में पढ़ाई के साथ-साथ पुस्तक पढ़ने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसका मकसद बच्चों की समझ, सोचने की क्षमता और रचनात्मकता को बेहतर बनाना है। बीएसए रोशनी सिंह ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए हैं कि स्कूलों में पुस्तकालय को सक्रिय किया जाए और बच्चों को नियमित रूप से वहां बैठाकर किताबें पढ़ाई जाएं। उन्होंने कहा कि बच्चे महापुरुषों की जीवनी, प्रेरक कहानियां और ज्ञान बढ़ाने वाली किताबों से जुड़ें, ताकि उनमें सीखने की रुचि बढ़े। योजना के तहत स्कूलों में ऐसी गतिविधियां भी कराई जाएंगी, जिनमें बच्चे किताबों से सीखी बातों को साझा करेंगे। विभाग का मानना है कि मोबाइल का ज्यादा इस्तेमाल बच्चों की एकाग्रता को प्रभावित करता है, इसलिए किताबों की ओर उनका रुझान बढ़ाना जरूरी है।

# रेलवे जंक्शन पर जीआरपी ने महिलाओं को किया जागरूक

**पीलीभीत, अमृत विचार** : मिशन शक्ति अभियान के तहत कई दिनों से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। थाना स्तर पर गठित महिला शक्ति केंद्र टीमें भ्रमण कर छात्राओं और महिलाओं को जागरूक कर रही है।

इसी क्रम में रविवार को रेलवे जंक्शन पर एसओ जीआरपी अभिषेक पांडे के नेतृत्व में टीम ने प्लेटफार्म पर मौजूद महिलाओं और युवतियों को जागरूक किया। छात्राओं और महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के बारे में बताया। उन्हें सुरक्षित एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। इनमें वूमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन181, पुलिस आपातकालीन सेवा112, स्वास्थ्य सेवा102/108, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, चाइल्ड लाइन1098 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन-1930 आदि प्रमुख रहे। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि साहस से काम लेते हुए सूचना दें, तत्काल सख्त एक्शन लिया जाएगा। साथ ही प्लेटफार्म पर रेलवे ट्रैक पार न करने की सलाह दी। अगर कोई समस्या होती है तो तत्काल महिला सिपाही से संपर्क करने की सलाह दी।


महिलाओं को जागरूक करती पुलिस।

# सोने-चांदी की महंगाई ने फीकी की बाजार की रौनक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : अक्षय तृतीया पर सर्राफा बाजार में लोगों ने सोने-चांदी खरीदारी की। सोने की कीमतों में बढ़ोत्तरी के बावजूद महिलाओं ने मनपसंद आभूषण खरीदें। खास बात यह रही कि अक्षय तृतीया के दिन सोने की कीमत में बढ़ोत्तरी देखने को मिली। कारोबारियों की मानें तो इस बार सोने पर महंगाई के चलते पिछली अक्षय तृतीया की अपेक्षा कारोबार हल्का रहा।

मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन जो भी जेवर अथवा कोई वस्तु खरीदी जाती है वह संचित रहती है। रविवार को बेटी की शादी-विवाह, पुरोहितों को भोजन कराकर दान-दक्षिणा और उपहार स्वरूप सामान देने जैसे अनेकों शुभ कार्यों का शुभारंभ हुआ। वहीं अक्षय तृतीया को लेकर सराफा बाजार को भी सजाया गया। कुछ शोरूमों पर फूलों से ग्राहकों का स्वागत किया गया। सुबह से ही सराफा की दुकानों पर ग्राहक खरीदारी करने के लिए पहुंचना शुरु हो गए। हालांकि दोपहर में गर्मी का असर दिखा और आवाजाही कम रही। शाम होते ही दोबारा शोरूम सहित सराफा दुकानें एक बार फिर ग्राहकों से गुलजार दिखी।

रविवार को सोने का भाव करीब 1.54 लाख प्रति तोला रहा। चांदी का भाव 2.51 लाख प्रति किलो के पार रहा। खरीदारी हुई लेकिन पूर्व की भांति कम रही। महिलाएं पसंद के सोने की आभूषण खरीदने के लिए शोरूमों में नजर आईं। कमोवेश ऐसी ही स्थिति सराफा बाजार में अन्य दुकानों की भी रही।

शहर के चौक बाजार, जेपी रोड, स्टेशन रोड, लाल रोड पर ज्वैलरी शोरूमों समेत दुकानों पर ग्राहक कम दिखाई दिए। कम लोगों ने ही परिजनों के साथ सराफा दुकानों पर पहुंचकर अंगूठी, नेकलेस, चेन, इयर रिंग समेत तमाम तरह के आभूषणों की खरीदारी की। सराफा कारोबारी अर्पित अग्रवाल ने बताया कि मंहगाई के चलते इस बार कारोबार में उतार-चढ़ाव की स्थिति रही है। सोने की कीमतों में बढ़ोत्तरी के चलते इस बार कारोबार हल्का रहा है। शादी ब्याह वाले ही खरीदारी करने वाले अधिक रहे।


एक दुकान पर जेवर की खरीदारी को पहुंचीं महिलाएं।

### भीड़ रही मगर सोने की बिक्री कम हुई

सोने-चांदी के दाम में खासी बढ़ोत्तरी के चलते ग्राहकों के जेहन में उथल-पुथल रही। इस अक्षय तृतीया को लेकर लोग खरीदारी करने के लिए तो निकले, मगर अधिकतर पुराने सोने को उलट-पुलट करके ही नई ज्वेलरी की खरीदारी करते रहे। सराफा कारोबारियों के मुताबिक सोने के दाम लाख में पहुंचने पर कारोबार में गिरावट आई है। इसी वजह से पहले की अपेक्षा सोने की खरीदारी कम हुई रही है। यही कारण रहा कि सराफा बाजार में दुकानों पर भीड़ तो खूब दिखी, मगर खरीदारी कम ही रहीं। अधिकांश मध्यमवर्गीय परिवारों के लोग एक-दो आभूषण खरीदकर रस्म अदायगी करते देखे गए।

- **सोने का भाव 1.54 लाख तक पहुंचा, खरीदारों की घटी संख्या**
- **कम वजन के खरीद रहे जेवर शादी विवाह वाले ही रहे सीमित**

# 50 हजार का इनामी लुटेरा मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

## सेवानिवृत्त शिक्षक से हुई लूट के मामले में पुलिस कर रही थी तलाश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


जहानाबाद पुलिस की गिरफ्त में पकड़ा गया इनामी लुटेरा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** करीब डेढ़ माह से फरार चले रहे शातिर लुटेरे से जहानाबाद पुलिस की मुठभेड़ हो गई। उस पर 50 हजार का इनाम भी घोषित था। पुलिस टीम के रोकने का प्रयास करने पर आरोपी ने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की ओर से चलाई गई गोली पैर में लगने से इनामी अपराधी घायल हो गया और पुलिस ने उसे धर दबोचा। मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराकर उसका इलाज कराया गया। उसके पास से अवैध असलहा और बाइक की बरामदगी हुई। एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की।

बता दें कि जहानाबाद थाना क्षेत्र में नौ मार्च को सेवानिवृत्त शिक्षक के साथ लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। 23 हजार रुपये लूटने के बाद पीड़ित को कार से फेंककर आरोपी भाग गए थे। इस मामले में ग्राम कनाकोर के रहने वाले श्याम बिहारी लाल पुत्र स्वर्गीय रामप्रसाद की ओर से अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। 20 मार्च को जहानाबाद पुलिस ने इस मामले में खुलासा करते हुए कुशीनगर जनपद के थाना कसया क्षेत्र के ग्राम अहरौली के रहने वाले धर्मेन्द्र और मेईनुद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मुकदमे में अहरौली गांव के ही सहादत की तलाश पुलिस कर रही थी। वह लगातार फरार चल रहा था। उस पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर दिया गया था। शनिवार रात पुलिस को सूचना मिली कि इनामी सहादत क्षेत्र में आया हुआ है और बरेली जाने की फिराक में है। इस पर जहानाबाद पुलिस ने बरेली हाईवे पर व्यापार मंडल तिराहा और सियावाड़ी पट्टी रेलवे क्रॉसिंग पर दो टीमें लगाकर वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी। इसी दौरान एक व्यक्ति काले रंग की बाइक से आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोकने की तैयारी ही की थी कि उसने पुलिस को देख बाइक मोड़ी और भागने लगा। संदेह पर पुलिस टीम ने पीछा किया तो आरोपी ने तमंचे से पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।

- बरेली जाने की फिराक में था
- पुलिस के रोकने पर चलाई गोली

> सेवानिवृत्त अध्यापक से हुई लूट के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। दो आरोपी पूर्व में ही जेल भेज दिए गए थे। फरार चल रहे 50 हजार के इनामी अपराधी सहादत को बीती रात मुठभेड़ में गिरफ्तारी की गई। उसके पैर में गोली लगी है। जहानाबाद थाना पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई है। – **नताशा गोयल**, सीओ सदर

पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई और आरोपी सहादत अली के बाएं पैर में घुटने के नीचे गोली लगी। जिससे वह घायल हो गया और गिर गया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया। आनन-फानन में उसे सीएचसी जहानाबाद भेजा गया, जहां उसका प्राथमिक इलाज किया गया। बरामद हुए अवैध असलहा को लेकर अलग से आर्म्स एक्ट के तहत और मुठभेड़ के संबंध में भी एफआईआर दर्ज की गई।

# शहर को जलभराव से मुक्ति दिलाने पर जोर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


भ्रमण कर जल निकासी दुरुस्त कराने को निरीक्षण करतीं चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

- बीते दिनों हुई बेमौसम बारिश के बाद जलभराव ने बढ़ाई चिंता पालिकाध्यक्ष ने परखे हालात
- मानसून से पहले जल निकासी दुरुस्त कराने पर जोर, कई जगह नाला-पुलिया निर्माण कार्य शुरू

**अमृत विचार :** कुछ दिन पहले ही बेमौसम बारिश हुई और सड़कों पर जलभराव ने मुसीबत बढ़ा दी। ऐसे में मानसून को लेकर चिंता बढ़ गई। बारिश के दिनों में शहरवासियों को कोई दिक्कत न आए। इसके लिए नगरालिकाध्क्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने रविवार को भ्रमण कर हालात परखे। आगामी बरसात को देखते हुए जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। स्थानीय लोगों के साथ नालों और पुलियों की स्थिति का जायजा लिया। कई स्थानों पर निर्माण कार्य भी शुरू कराने के निर्देश दिए।

रविवार को सुबह से ही नगरपालिकाध्क्ष डॉ. आस्था अग्रवाल टीम के साथ शहर के भ्रमण पर निकली। कई जगह निर्माण कार्य चल रहे हैं, उनका भी हाल जाना। कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए सख्त निर्देश दिए कि कार्य मानक के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं। बल्लभनगर कॉलोनी में स्थानीय लोगों से संवाद कर रेलवे स्टेशन के पास सड़क निर्माण के बाद उत्पन्न जलभराव की समस्या को गंभीरता से लिया। रामलीला रोड स्थित चपटा तालाब के पास नाले को चौड़ा करने के निर्देश दिए। कार्य भी तत्काल शुरू कराने की बात कही। इसके बाद छतरी चौराहा से रेलवे स्टेशन की ओर बड़े नाले के निर्माण का कार्य भी शुरू कराया।

गोदावरी स्टेट कॉलोनी में भी जलभराव की समस्या बीते साल हुई थी। ऐसे में पुलिया और नाले के निर्माण के निर्देश दिए गए। ईदगाह रेलवे क्रॉसिंग के समीप पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस से छात्रावास मार्ग पर चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने नाले की चौड़ाई बढ़ाने और कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बरसात शुरू होने में लगभग दो महीने का समय है, ऐसे में पूरे शहर की जल निकासी व्यवस्था एक महीने के भीतर दुरुस्त कर ली जाए। इसके अलावा वार्ड नंबर 26, 23 और 14 में निर्माणाधीन सड़कों और नालियों का भी निरीक्षण कर गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

## समझौते का दबाव बनाकर धमकाया, रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम बिथरा निवासी इंद्रवती पत्नी राम बहादुर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिछले वर्ष होली के समय उसके पुत्र पूरन लाल की गांव के रहने वाले वासुदेव भारती ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। जिसकी थाना न्यूरिया में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसका मामला वर्तमान में कोर्ट में विचाराधीन है। 18 अप्रैल की शाम छह बजे उसके घर के पास वासूदेव आया, आरोपी ने उसे और उसके पति के साथ गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी अभी दो दिन पूर्व ही जेल से छूट कर आया है। आरोपी गवाही न देने का दबाव बना रहा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# मुख्य आरोपी से पूछताछ के बाद जिम्मेदारों तक पहुंच रही आंच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- दो अन्य लिपिकों के बाद डीआईओएस से भी हुए सवाल
- चपरासी द्वारा किए गए घोटाले में कइयों की फंस रही गर्दन

**अमृत विचार :** डीआईओएस कार्यालय में हुए करोड़ों के घोटाले की आंच अब अधिकारियों तक पहुंचती दिखाई दे रही है। भले ही शासन स्तर से गठित टीम की कार्रवाई शुरू न हो सकी हो, लेकिन पुलिस की विवेचना को मिली गति ने जिम्मेदारों की चिंता बढ़ा दी है। मुख्य आरोपी चपरासी इल्हाम से हुई पूछताछ के बाद दो अन्य लिपिकों और बीते दिनों डीआईओएस से भी सवाल जवाब किए गए हैं। इसके अलावा ट्रेजरी से भी काफी डाटा मांगा गया है। हालांकि डीआईओएस और ट्रेजरी कार्यालय के जिम्मेदारों की भूमिका इस घोटाले में शुरुआत से ही संदिग्ध बनी हुई है। मगर अब तक चली आ रही उनकी चुप्पी, पुलिस की विवेचना को गति मिलने के बाद मुश्किलें भी बढ़ा सकती है।

बता दें कि बीसलपुर के जनता टेक्निकल इंटर कॉलेज में चपरासी पद पर तैनात इल्हाम उर्रहमान शम्सी और उसकी पत्नी अर्शी खातून के खिलाफ डीआईओएस राजीव कुमार की ओर से सदर कोतवाली में 13 फरवरी को गबन की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप था कि इल्हाम उर्रहमान शम्सी ने अपनी पत्नी अर्शी खातून के खाते में 12 सितंबर 2024 से कुल 98 ट्रांजेक्शन में एक करोड़ से अधिक की सरकारी रकम स्थानांतरित की थी। ये रकम डीआईओएस कार्यालय के शिक्षक मद की थी। जिसे फर्जी व कूटरचित तरीके से वेतन मद से बेनिफिशियरी गलत तरीके से बनाकर ट्रेजरी के माध्यम से एनईएफटी के द्वारा आहरण एवं वितरण कर गबन किया गया था। पुलिस की विवेचना को गति मिली और एक करोड़ के गबन की जांच का ये मामला पांच करोड़ पार कर चुका है। पुलिस अब तक 53 खातों में संदिग्ध वित्तीय लेनदेन चिन्हित करते हुए इन खातों की 05 करोड़ 28 लाख 57 हजार 605 रुपये की धनराशि फ्रीज करा चुकी है।

मुख्य आरोपी इल्हाम से हुई पूछताछ के बाद उसने कई अन्य लोगों के भी शामिल होने की ओर इशारा किया। जिस पर दो अन्य लिपिकों से बीते दिनों विवेचक ने सवाल जवाब किए थे। बताते हैं कि इल्हाम के सामने ही बुलाकर सवाल दागे गए थे। इसके बाद कुछ सवालों को लेकर बताते हैं कि जवाब डीआईओएस के पास होने की बात कही गई। जिसके बाद जिम्मेदारों पर भी पुलिस की जांच की आंच पहुंचने लगी है। बताते हैं कि शनिवार को विवेचक और डीआईओएस के बीच बंद कमरे में काफी वार्ता चली। इसे घोटाले से जुड़े सवाल जवाबों से जोड़कर ही देखा जा रहा है। वहीं, कोषागार से भी विवेचक ने एक दशक का माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़ा लेखा-जोखा मांगा है। जिसे लेकर खलबली मची हुई है।

बता दें कि इस मामले में शुरुआत से ही डीआईओएस व कोषागार कार्यालय के जिम्मेदारों की भूमिका पर सवाल उठते रहे हैं। पहले जांच को दबाने का प्रयास होता रहा और फिर कईदिनों तक घोटाला किए जाने से ही इनकार करते रहे थे।

इसके बाद चुप्पी और सवाल उठने पर टालमटोल किए जाना भी संदेह बढ़ाता रहा। फिलहाल पुलिस के स्तर से मामले की विवेचना में तेजी लाई गई है। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि गहनता से पूरे मामले की विवेचना कराई जा रही है।

## 150 लोगों ने शिविर में कराई निःशुल्क जांच


शिविर में पहुंचे मरीज।

**बिलसंडा, अमृत विचार :** रौतापुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें बरेली से डॉ. अंकित मौर्य, महिला चिकित्सक अन्नपूर्णा, डॉ. रश्मि टीम के साथ पहुंचे। शिविर में 150 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको उचित सलाह दी गई। मरीजों को बदलते मौसम से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी और उपचार के बारे में बताया। बुजुर्ग और बच्चों को लू के बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

# पत्नी को लाठी से पीटा पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** समाधान दिवस अधिकारी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने 35 दिन पूर्व महिला के साथ पति द्वारा की गई मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

जिसमें मोहल्ला ग्यासपुर निवासी रामरति ने बताया कि 13 मार्च को मिडलैंड बैंक शाखा बीसलपुर के कर्मचारियों का खाना बनाकर वापस आई। मकान का ताला खोलते समय पति रामचंद्र पुत्र राम बहादुर ने लाठियां से प्रहार कर उसे अचेत अवस्था में कर दिया। पूर्व में इसकी शिकायत की गई । उस वक्त मेडिकल परीक्षण कराया गया लेकिन कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद समाधान दिवस में शिकायत की। अब पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

## युवक को घेरकर पीटा, एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम कैंचू टांडा निवासी सोनू मौर्य पुत्र गंगाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 अप्रैल को दोपहर साढ़े 12 बजे वह भारत गैस एजेंसी रसूला फरदिया से सिलिंडर लेकर बाइक से आ रहा था। उसकी बाइक के पीछे आ रही दूसरी बाइक पर सवार तीन लोगों ने उसकी बाइक रोककर गालीगलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट की। आरोपियों की बाइक की नंबर प्लेट पर काला टेप चिपका था। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए 950 विद्यार्थी


सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सुमन कंप्यूटर इंस्टीट्यूट की ओर से शहर के सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज में रविवार को सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 950 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

आयोजक सौरभ सक्सेना ने बताया क इसका परिणाम पंद्रह मई को सेलीब्रेशन बरात घर में घोषित किया जाएगा। प्रथम स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को एक साल का कंप्यूटर प्रशिक्षण निशुल्क कराया जाएगा। इसके अनावा सौ छात्र छात्राओं को अखिल भारतीय चित्रांश महासभा और छात्र कल्याण सेवा समिति की ओर से सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर संजय सक्सेना, सतीश कुमार, विपिन सक्सेना, हिमांशु, अमन, सूर्य प्रकाश, खेमकरन, यशपाल, संजीव, विनय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## विवाहिता को घर से निकाला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला फीलखाना निवासी निकांक्षा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह एक वर्ष पूर्व शिव नरायण सक्सेना निवासी मोहल्ला फीलखाना से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग दहेज में दो लाख रुपये की मांग करने लगे। 16 अप्रैल को रात दस बजे पति शिव नरायण, देवर विक्रांत, ससुर अशोक, नंद बुलबुल ने उसके साथ मारपीट की और कमरे में बंद कर दिया। पुलिस में शिकायत करने में जान से मारने की धमकी दी। 17 अप्रैल को वह किसी तरह अपने मायके आई और परिजनों को घटनाक्रम की जानकारी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## कोचिंग गया छात्र लापता

**बीसलपुर, अमृत विचार:** ग्राम गागूपुर निवासी देवपाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका 16 वर्षीय पुत्र शिव गंगवार 17 अप्रैल को घर से कोचिंग पढ़ने निकला था। इसके बाद से उसका कुछ पता नहीं चल सका है। ये भी पता चला कि पुत्र कोचिंग सेंटर पहुंचा ही नहीं। पुलिस गुमशुदगी दर्ज कर जांच कर रही है।

## साढ़ू ने उधार के 25 लाख हड़पे

**बिलसंडा, अमृत विचार :** एसपी के आदेश पर पुलिस ने ग्राम घनश्यामपुर के राजकुमार मिश्रा की ओर से रिपोर्ट दर्ज की, जिसमें बताया कि उन्होंने अपना खेत 45 लाख रुपये में बेचा था। उनके साढ़ू शाहजहांपुर जनपद के थाना निगोही क्षेत्र के ग्राम चौढ़ेरा चौढ़ेरी निवासी मनोज कुमार ने अपना कर्जा निपटाने के लिए रुपये की जरूरत बताई। कुछ दिन में रुपये वापस करने की बात कही। कई बार में 25 लाख रुपये उधार दिए। काफी समय बाद भी रुपये वापस नहीं किए। 27 मार्च को पुत्र अभिषेक के साथ रुपये मांगे तो झगड़ा शुरू कर दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

# नवीन कार्यकारिणी गठित, संजय नए जिलाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की नई कार्यकारिणी। ● अमृत विचार

- राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का अधिवेशन गांधी प्रेक्षागृह में हुआ
- जिलाध्यक्ष बोले- फूट डालो राज करो की नीति का होगा विरोध

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का एक दिवसीय अधिवेशन रविवार को गांधी प्रेक्षागृह में संपन्न हुआ। इसकी अध्यक्षता हशमुद्दीन खां ने की। अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके शुरुआत कराई।

अधिवेशन के दौरान प्रांतीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें संजय कुमार तोमर को जिलाध्यक्ष बनाया गया। धर्मपाल सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुधीर कुमार जिला मंत्री, रामकिशोर, अवनीश कुमार, अनीता तिवारी, विजय राज, मोहम्मद रिजवान, डॉ.देवेंद्र अस्थाना, राजकुमार पासवान, शिवशंकर मौर्य को उपाध्यक्ष, राजवीर सिंह कोषाध्यक्ष, हरिपाल सिंह, जाकिर अली संगठन मंत्री, विभा मिश्रा संयुक्त मंत्री, रोशनी वर्मा उपमंत्री, माजिद अली मीडिया प्रभारी, देवेंद्र मिश्रा सांस्कृतिक मंत्री, रामेश्वर दयाल सम्प्रेक्षक, सुनील कुमार शाक्य प्रचार मंत्री, रविंद्र सिंह संगठन मंत्री बनाए गए। इसके अलावा मंजुल मिश्रा, सौरभ गंगवार, रुपेश कुमार, दीपचंद्र, अफराज बेग, हेमराज, अतुल कुमार पाठक, राजेंद्र कुमार कार्यकारिणी सदसय बने। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने एकजुटता का संदेश देते हुए नवीन कार्यकारिणी को आश्वस्त किया कि वह कर्मचारी हित के लिए कार्य करेंगे। फूट डालो और राज करो की नीति का खुलकर विरोध किया। सभी पदाधिकारियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं, लंबे समय से संगठन के जिलाध्यक्ष हशमुद्दीन खां अब आजीवन संरक्षक रहेंगे। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष एसपी तिवारी, डीडीओ संजय कुमार, डीसी मनरेगा हेमंत कुमार आदि विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए और विचार व्यक्त किए।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana – Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY – अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

ADITYA आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें :-
बिना सुई बिना टांका आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
100000 से अधिक आंखों के आपरेशन का अनुभव
सभी प्रकार के TPA कैशलेस/इंश्योरेन्स से इलाज की सुविधा उपलब्ध
मोतियाबिन्द ग्लूकोमा का डायग्नोसिस एवं उपचार अत्याधुनिक मशीनों द्वारा
8077344353 समय : प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री आपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी MBBS, DOMS, DNB, MNAMS CARARACT REFRATIVE & GLAUCOMA SURGERON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

जीवनी बोन एण्ड हैल्थ क्लीनिक
डा. विनय गंगवार एमबीबीएस (एएमयू), डी. आर्थो (एएमयू), डीएनबी आर्थो (दिल्ली) डीआईपी, फीफा (स्पोर्टस मेडिसिन) हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ
कुल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, दूरबीन विधि द्वारा (Arthoscopic) घुटने का इलाज (ACL/PCL Tear) गठिया एवं समस्त जोड़ों के दर्द का इलाज, सियाटिका/कमर दर्द का इलाज, फिजियोथेरेपी, प्लास्ट एवं टूटी हड्डी (फ्रैक्चर) के समस्त ऑपरेशन
डा. आंचल अग्रवाल एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन) सीसीईबीडीएम, सीसीओपीएम (पीएचएफआई) फीजिशियन
शुगर एवं ब्लड प्रेशर, खांसी, सांस में दर्द, भूख न लगना, उल्टी एवं दस्त की बीमारी, माइग्रेन का इलाज, पैरों में सूजन, पीलिया/काला पीलिया का इलाज, टीवी, गुर्दे में दिक्कत, कोलेस्ट्रॉल चेकअप, बुखार (डेंगू, टाइफाइड, मलेरिया)
ओपीडी समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे शाम 6 बजे से रात 8 बजे तक
बंसल इंटीरियर के सामने, 6-ए, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, बरेली मो. 6396640323

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

## न्यूज ब्रीफ

### दीवार गिराने को लेकर सास-बहू से मारपीट

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** खमरिया थाना क्षेत्र के लोनियनपुरवा गांव निवासी लक्ष्मी पत्नी सीताराम ने बताया कि घर में हिस्सेदारी के बाद वह अपने हिस्से में दीवार बनवा रही थी। गांव के हरेराम, अंजली, रेश्मा देवी और श्यामू ने उसकी दीवार गिरानी शुरू कर दी। विरोध पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए उसकी पिटाई कर दी। जब उसकी सास छबीली बचाने आईं तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया, जिससे दोनों को चोटें आईं। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दरवाजा तोड़ने को लेकर पिता-पुत्र में विवाद

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र के बुढनापुर गांव निवासी खजान सिंह ने बताया कि शाम करीब 7 बजे उसका पुत्र अमन पाल सिंह दरवाजे को तोड़ रहा था। जब उसने इसका विरोध किया तो बेटे ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। आरोप है कि मारपीट में खजान सिंह के माथे पर चोट आई और बेटे ने जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच एसआई आदित्य कुमार मौर्य को सौंपी है।

### राजापुर में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**फूलबेहड़, अमृत विचार** कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव राजापुर निवासी आरिफ खान ने बताया कि उनके बड़े भाई शुक्रवार की रात करीब 1 बजे उठे तो बाइक घर के बाहर खड़ी थी, लेकिन सुबह करीब 4 :30 बजे दोबारा देखने पर बाइक गायब मिली। पहले उन्हें लगा कि छोटा भाई कहीं गया होगा, लेकिन पूछताछ करने पर पता चला कि वह घर पर ही मौजूद था। इसके बाद बाइक चोरी की पुष्टि हुई तो आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। बाइक चोरी की तहरीर पुलिस को दी गई है। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### आज से शुरू होगा प्रगणकों का प्रशिक्षण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जनगणना को लेकर 20 अप्रैल से 4 मई तक प्रगणक एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित होगा। अभियान में 7,392 प्रगणक और 1,263 सुपरवाइजर सहित 10 प्रतिशत रिजर्व के साथ कुल 9,524 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये कार्मिक अपने-अपने प्रगणना ब्लॉकों में 22 मई से 20 जून के बीच मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य करेंगे।

# ट्रैफिक प्लान फेल, चौराहे पर फंसी एंबुलेंस

## चौराहों और बाजारों में जाम से लोग परेशान, यातायात पुलिस नहीं दे रही ध्यान, मेला मैदान चौराहे पर जाम बड़ी समस्या

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शहर में जाम की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इससे यातायात पुलिस का ट्रैफिक प्लान फेल साबित हो रहा है। रविवार होने के बाद भी नौरंगाबाद चौराहे पर शाम को करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। इस बीच ऐरा रोड से आ रही एंबुलेंस भी फंस गई। करीब 20 मिनट बाद निकल पाई। इससे मरीज और तीमारदार भी बेहाल रहे।

शहर में कहीं भी ट्रैफिक प्लान का पालन नहीं हो पा रहा है। हमदर्द चौराहे से मेन रोड पर बाजार में चौपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध है। यहां से वाहन थरबरनगंज होकर निकाले जाने का प्लान बनाया गया, लेकिन ऐसा एक भी दिन नहीं हो पाया। इसी तरह संकटा देवी मार्ग पर भी लगने वाला जाम आए दिन की समस्या है। रोडवेज बस अड्डा से विकास भवन तक सड़क के दोनों ओर ठेले आदि लगने से रास्ता संकरा हो गया है, जिससे गुरु गोविंद सिंह चौक पर भी जाम लगा रहता है।

### टुन्नू सिंह चौराहा बना चौपहिया वाहन स्टैंड



मिश्राना पुलिस चौकी अंतर्गत टुन्नू सिंह चौराहा पर चौपहिया वाहन खड़े होने से राहगीरों को खासी दिक्कत होती है। पिछले दिनों परेशान होकर मोहल्ले के आशीष सिंह ने अपनी फेसबुक वॉल पर न सिर्फ चौराहे पर खड़ी कारों की फोटो अपलोड की, बल्कि इसको लेकर सभासद अनिरुद्ध त्रिपाठी पर चुपचाप बैठे रहने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पुलिस पर इस ओर ध्यान नहीं दे रही है।

> पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को बनाने के लिए मुख्य मार्गों पर जवान मुस्तैद हैं। जहां जरूरत है, वहां अतिरिक्त जवानों को लगाया जा रहा है। ई-रिक्शा का संचालन भी बाजार के अंदर न हो, इसके लिए निर्देशित किया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही जाम की समस्या का काफी हद तक समाधान हो जाएगा।
>
> **-सचिन गंगवार**, यातायात उप निरीक्षक।

मेला मैदान चौराहे पर जाम एक बड़ी समस्या बन गई है। शहर में टुन्नू सिंह चौराहा, मिश्राना चौराहा, इमली चौराहा सहित सभी मार्गों पर जाम एक बड़ी समस्या है। रविवार को गंभीर हालत में मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस नौरंगाबाद चौराहे पर लगी जाम में फंस गई, जिससे निकलने में 20 मिनट लग गए। इस दौरान मरीज और तीमारदार परेशान रहे।



नौरंगाबाद चौराहे पर जाम में फंसी एंबुलेंस। ● अमृत विचार



यातायात व्यवस्था बनाने के लिए शहर में पार्किंग की अत्यंत और तुरंत आवश्यकता है। साथ ही ई-रिक्शा संचालन पर भी नियंत्रण होना चाहिए। इसके अलावा ट्रैफिक जवान मुस्तैद रहें तो इस समस्या का काफी समाधान हो जाएगा। वहीं व्यवस्था बनाने के लिए प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस के अलर्ट होन के साथ ही लोगों को भी जागरूक होना होगा। **-प्रकाश गुप्ता**, व्यापारी



ट्रैफिक व्यवस्था के लिए प्रशासन व ट्रैफिक पुलिस की मुस्तैदी के साथ ही व्यापारियों और शहरवासियों का सहयोग जरूरी है। बाजार में चौपहिया, दुपहिया और ई-रिक्शा पर प्रतिबंध होना चाहिए। बिना संयुक्त सहयोग के व्यवस्था बनाना मुश्किल है। सिर्फ प्लान बनाने से कुछ नहीं होगा। उस पर अमल करना और कराना होगा। **-शरद मेहरोत्रा**, महामंत्री केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन।

# लाइसेंसी बंदूक, जेवर और नगदी ले गए चोर

संवाददाता, भीरा

- **दो घरों में सेंध लगाकर लाखों की चोरी से दहशत**

**अमृत विचारः** नगर के अलग-अलग मोहल्लों में शनिवार की रात चोरों ने धावा बोला। सेंध लगाकर दो घरों में घुसे बदमाश लाइसेंसी बंदूक, सोने-चांदी के जेवर और हजारों की नकदी समेटकर फरार हो गए। एक ही रात में हुई इन दो वारदातों से इलाके में हड़कंप मच गया है।

पहली घटना रेल गन्ना सेंटर के पास सरदार गुरमेल सिंह के घर हुई। चोरों ने पीछे की दीवार काटकर सेंध लगाई और कमरे में घुस गए। वहां बेड पर रखी लाइसेंसी डबल बैरल 12 बोर बंदूक, कारतूस की पेटी व डिब्बा उठा ले गए। इसके बाद अलमारी तोड़कर करीब 50 हजार रुपये नकद और करीब तीन तोला सोना व चांदी के आभूषण भी पार कर दिए। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य दूसरे कमरे में सो रहे थे। सुबह जब कमरे का दरवाजा बाहर से बंधा मिला तो शक हुआ। अंदर जाकर देखा तो दीवार कटी हुई, सामान बिखरा और अलमारी खुली मिली, जिससे परिवार के होश उड़ गए।

दूसरी घटना रेलवे लाइन के पास सलावत नगर के निकट सरदार ओंकार सिंह के घर हुई। यहां चोरों ने पहले जाली काटी, फिर ग्रिल तोड़ी और दीवार काटकर खिड़की के रास्ते घर में दाखिल हुए। बदमाश करीब 30 हजार रुपये नकद और बक्सों में रखे लगभग पांच तोला सोने के जेवर लेकर फरार हो गए। इस दौरान भी परिवार के सदस्य दूसरे कमरे में सोते रहे और सुबह उठने पर चोरी की जानकारी हुई। लगातार दो घरों में चोरी की वारदातों से आसपास के लोगों में भारी दहशत है। लोगों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाते हुए अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है।दोनों घटनाओं की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रोहित दुबे मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। उन्होंने पीड़ितों को जल्द खुलासा करने का भरोसा दिलाया है।

# प्रेम विवाह से खफा ससुराल पक्ष ने युवक पर चलाई गोली

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **बनवारीपुर के पास रास्ता रोककर दी जान से मारने की धमकी**

**अमृत विचारः** कोतवाली सदर क्षेत्र में प्रेम विवाह से नाराज ससुरालियों ने अपने दामाद को रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि ससुर और साले ने जान से मार देने की नीयत से तमंचे से फायर कर दिया। गनीमत रही कि वह बच गया। पुलिस ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम अमकोटवा निवासी योगेश वर्मा ने बताया कि उसने करीब 10 माह पहले संजीवनी रस्तोगी के साथ प्रेम विवाह किया था। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर ससुराल पक्ष लगातार रंजिश रखे हुए था। शुक्रवार की शाम करीब 5:40 बजे वह बाइक से बनवारीपुर के पास से गुजर रहा था। तभी उसके ससुर कृष्ण गोपाल रस्तोगी अपने बेटे रवि रस्तोगी के साथ स्कूटी से पहुंचे और उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि दोनों ने पहले गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद कृष्ण गोपाल रस्तोगी ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया, लेकिन किस्मत अच्छी रही कि गोली उसे नहीं लगी।

गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। वह अपनी जान बचाकर मौके से भाग गया और उसकी बाइक वहीं छूट गई, जिसे बाद में पुलिस चौकी महेवागंज ने कब्जे में ले लिया। पीड़ित ने मामले की तहरीर सदर कोतवाली पुलिस को दी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। प्रकरण की जांच दिनेश कुमार पांडेय को सौंपी गई है।

# जंगल किनारे गांवों में बढ़ा खतरा, तेंदुए की दहशत में लोग

संवाददाता, सिंगाही (खीरी)

**अमृत विचारः** निघासन तहसील क्षेत्र के गांवों में जंगली जानवरों का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। खासकर तेंदुओं की सक्रियता ने ग्रामीणों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है। खेतों में काम करने जाना हो या बच्चों का बाहर खेलना, हर समय डर का माहौल बना रहता है।

ग्रामीणों का कहना है कि बीते कई महीनों से इलाके में तेंदुओं और बाघों की आवाजाही बढ़ी है। कई बार खेतों और गांव के किनारे उनके पगचिह्न भी देखे गए हैं, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग की ओर से ठोस कार्रवाई नहीं की गई। खेतों में काम के दौरान अक्सर बच्चे साथ रहते हैं, जिससे उन पर खतरा ज्यादा मंडरा रहा है। महिलाएं भी सुबह-शाम खेतों में जाने से डरने लगी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी पशुओं पर हमले हो चुके हैं, लेकिन अब इंसानों पर हमले से दहशत और गहरी हो गई है।



घर पर रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार



पीड़ित परिवार को सहायता देते वन क्षेत्राधिकारी बेलरायां भूपेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- **खेत में काम करने जाने से डरते हैं ग्रामीण, खेतों व गांव के किनारे दिखे जाते हैं पगचिह्न**
- **ग्रामीणों ने रात में गश्त बढ़ाने और वन विभाग की टीम की स्थायी तैनाती की मांग की**

घटना के बाद हालात ऐसे हैं कि गांव में शाम ढलते ही सन्नाटा छा जाता है। लोग जरूरत पड़ने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। ग्रामीणों ने रात में गश्त बढ़ाने और वन विभाग की टीम की स्थायी तैनाती की मांग की है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि लगातार मिल रही सूचनाओं के बावजूद वन विभाग ने न तो गश्त बढ़ाई और न ही तेंदुए को पकड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाए। अब इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश है और वे जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### पहले भी हो चुकी हैं घटनाएं

तेंदुए के हमले में बच्चे की मौत की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी तेंदुआ कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है। पिछले दो हफ्ते पहले ग्राम पंचायत सिन्हौना के फुटहा फार्म निवासी जोगा सिंह की पुत्री सिमरनदीप कौर (7) घर में खेल रही थी। देर शाम तेंदुआ घर में घुस आया और परिजनों की आंखों के सामने ही उसकी गर्दन दबोच ली और उसे खींच ले गया था। शोर शराबा होने पर तमाम ग्रामीण और परिजन तेंदुए के पीछे दौड़े। इस पर तेंदुआ उसे घर से करीब 500 मीटर दूर स्थित एक खेत में छोड़कर भाग निकला था। इस घटना से पूर्व भी कई अन्य घटनाएं भी हो चुकी हैं। लगातार तेंदुए के हमलों की हो रहीं घटनाओं से पूरे क्षेत्र में दहशत व्याप्त है। लोग अब खेतों की तरफ जाने और शाम होने के बाद से घरों के बाहर निकलने से डर रहे हैं।

### क्या चाहते हैं ग्रामीण

- तेंदुए को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाए।
- गांव के आसपास झाड़ियों और गन्ने के खेतों की सफाई कराई जाए।
- वन विभाग की नियमित गश्त सुनिश्चित हो।
- प्रभावित परिवार को पर्याप्त मुआवजा दिया जाए
- घटना ने एक बार फिर जंगल से सटे गांवों की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

# मोतीपुर गांव में धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हालात, लौट रही रौनक



अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते थाना प्रभारी बृजेश कुमार मौर्य। ● अमृत विचार

- **14 अप्रैल के बवाल के बाद दहशत में सूना पड़ा था मोतीपुर गांव और बांकेगंज बाजार**

संवाददाता, बांकेगंज

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव में 14 अप्रैल को अंबेडकर मूर्ति को लेकर हुए बवाल के बाद फैला भय अब कम होने लगा है। पुलिस की सक्रियता और आला अधिकारियों के आश्वासन के चलते गांव व बाजार में फिर से रौनक दिखाई देने लगी है।

घटना के बाद पथराव और आगजनी से सहमे ग्रामीण पुलिस कार्रवाई के डर से घर छोड़कर चले गए थे। महिलाएं और बच्चे भी रिश्तेदारों के यहां चले गए थे, जबकि आसपास के गांवों के लोग भी बांकेगंज बाजार आने से कतराने लगे थे।

स्थिति सामान्य करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय परिषद के मनोनीत सदस्य जुगल किशोर गांव पहुंचे और लोगों को भरोसा दिलाया कि कार्रवाई केवल उपद्रवियों पर ही होगी। एसपी पश्चिमी अमित कुमार राय ने भी यही बात दोहराई। इसके बाद गांव छोड़ चुके लोग अब वापस लौटने लगे हैं। बाजारों में फिर से चहल-पहल दिखने लगी है और स्कूलों में भी छात्रों की संख्या बढ़ रही है। बवाल स्थल के पास स्थित विनायक इंटर कॉलेज और जानकी देवी इंटर कॉलेज में अब बच्चों की उपस्थिति में सुधार देखा जा रहा है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल जगह-जगह तैनात है और अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं।



बांकेगंज में पटरी पर लौटी जिंदगी, आते-जाते लोग। ● अमृत विचार

### अफवाह फैलाने वालों पर कसेगा शिकंजा माइक से किया ऐलान

मोतीपुर गांव में हुए बवाल के बाद फैल रही झूठी अफवाहों को रोकने के लिए पुलिस और प्रशासन ने संयुक्त रूप से मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को एसओ मैलानी बृजेश कुमार मौर्य और नायब तहसीलदार गोला ताहिर परवेज ने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर माइक से अनाउंसमेंट किया। लोगों से अपील की गई कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही उसे फैलाएं। अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित किया जा रहा है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई सूचना प्राप्त होती है, तो उसकी प्रशासनिक पुष्टि अवश्य करें। बता दें कि 14 अप्रैल को मोतीपुर गांव में हुए बवाल के दौरान सोशल मीडिया पर एक महिला की मौत की झूठी अफवाह फैलाई गई थी, जिससे लोगों में आक्रोश और बढ़ गया था। पुलिस जांच में यह खबर पूरी तरह गलत पाई गई। इस मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था, जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

# राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड 2026 का शेड्यूल जारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **शिक्षा विभाग के निर्देश पर स्कूलों में तैयारियां हुईं तेज**

**अमृत विचारः** माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड 2026 का शेड्यूल जारी कर दिया है। शिक्षा विभाग के निर्देश मिलते ही जिले के स्कूलों में इसकी तैयारियां तेज हो गई हैं। इस आयोजन को लेकर स्कूलों में छात्र-छात्राओं के चयन और अभ्यास की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। साथ ही शिक्षकों द्वारा छात्रों को योग की बारीकियों की जानकारी भी दी जा रही है।

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि इस बार योग ओलम्पियाड पांच चरणों में आयोजित किया जाएगा। सबसे पहले विद्यालय स्तर की प्रतियोगिता 21 अप्रैल तक कराई जाएगी, जबकि 23 अप्रैल तक जनपद स्तर की प्रतियोगिता पूरी होगी। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर से दो छात्र और दो छात्राओं का चयन कर आगे भेजा जाएगा। प्रतियोगिता में कक्षा 9 और 10 में अध्ययनरत छात्र-छात्राएं ही भाग ले सकेंगे, जिनकी आयु 14 से 17 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने खीरी सहित लखनऊ मंडल के सभी जिलों को समय से प्रतियोगिता कराकर चयनित प्रतिभागियों की सूचना भेजने के निर्देश दिए हैं। मंडल स्तर की प्रतियोगिता 25 अप्रैल को आयोजित की जाएगी, जिसका स्थल बाद में घोषित किया जाएगा।

# आर्य समाज की नई कार्यकारिणी का गठन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** आर्य समाज मंदिर परिसर में साल 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का चुनाव संरक्षक ज्ञान सहाय शुक्ला की निगरानी में हुआ। सर्वसम्मति से ओमप्रकाश मिश्रा को प्रधान चुना गया, जबकि उदय कुमार शुक्ला उपप्रधान बने। सुषमा देवी को मंत्री और सुनील कुमार मिश्रा को उपमंत्री की जिम्मेदारी दी गई।

इसके अलावा रविन्द्र कुमार वर्मा को कोषाध्यक्ष, रमेश गुप्ता को पुस्तकालयाध्यक्ष, संतोष कुमार मिश्रा को आर्य वीर दल का प्रभारी और राहुल कुमार को लेखा अधिकारी बनाया गया। यह जानकारी कार्यकारिणी के सदस्य रजत पांडेय ने दी।

# आठ दिन बाद दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, पसगवां

**अमृत विचारः** नौ दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटके मिले शव के मामले में पुलिस ने दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें पति, सास, ससुर सहित पांच नामजद हैं।

बीती 11 अप्रैल की शाम साढ़े छह बजे जंगबहादुरगंज निवासी अरविंद कुमार की पत्नी 20 वर्षीय माधुरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका मिला था। अरविंद कुमार ने उसके मायके वालों को फांसी लगाकर आत्महत्या की जानकारी दी। पसगवां थाना के ग्राम गणेशापुर से उसके मायके वाले मौके पर जंगबहादुरगंज पहुंचे। मृतका माधुरी के पिता भगवान दीन का आरोप है कि जब वह मौके पर पहुंचा तो देखा कि उसका शव बिस्तर पर पड़ा था और पानी फैला हुआ था।

उधर, मृतका के पिता का आरोप है कि दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने उसकी पुत्री माधुरी की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी लगाकर पंखे के सहारे लटका दिया। पुलिस ने मामले में पति अरविंद कुमार, ससुर दुलारे, सास रामदेवी, जेठ राम भजन और जेठानी के विरुद्ध दहेज हत्या के एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। भगवान दीन ने बताया अपनी पुत्री माधुरी की शादी 20 अप्रैल 2025 को जंगबहादुरगंज निवासी अरविंद कुमार के साथ की थी। आरोप है कि अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर पति अरविंद कुमार व अन्य ससुरालीजन माधुरी को मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे।

# दोनों पक्षों में मारपीट, एक-एक व्यक्ति चोटिल

**बरवर, अमृत विचारः** बहन को गाली देने का विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट से दोनों ओर से एक एक व्यक्ति चोटिल हुआ है। यहां के मोहल्ला रोशन नगर निवासी वीरेंद्र पुत्र अखिलेश ने बताया कि शनिवार की रात नौ बजे पडोस के निवासी सुनील और अंचल पुत्रगण होरीलाल उसकी बहन को गालियां दे रहा था। मना करने पर उसको लात घूसों व लाठी डन्डो से मारा-पीटा जिससे उसके सिर में चोट आयी है । दूसरी ओर अंचल पुत्र होरीलाल का आरोप है कि पड़ोसी वीरेंद्र और पागडा पुत्र मस्ताना ने उसे बुलाकर गाली गलौज किया और लगा लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे वह चोटिल हुआ है । पुलिस ने दोनों की रिपोर्ट दर्ज कर चोटिलों का मेडिकल परीक्षण सीएचसी में कराया है।

# जनगणना में खुद जानकारी भरने का मिलेगा मौका

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **7 से 21 मई तक ऑनलाइन खोला जाएगा पोर्टल**

**अमृत विचारः** जनगणना 2027 में इस बार आम लोगों को एक नई सुविधा मिलने जा रही है। अब लोग खुद अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन भर सकेंगे। डिजिटल प्रक्रिया के जरिए जनगणना को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने की तैयारी है। हालांकि अभी तक कई लोगों को इस नई व्यवस्था की पूरी जानकारी नहीं है, लेकिन यह सुविधा मई से लागू होने जा रही है। ऐसे में आने वाले दिनों में यह व्यवस्था आम नागरिकों के लिए अहम साबित हो सकती है।

जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत इस बार स्व-गणना की सुविधा दी जा रही है। इसके तहत 7 मई से 21 मई तक ऑनलाइन पोर्टल खोला जाएगा, जहां लोग स्वयं अपने परिवार से जुड़ी जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह पहली बार है जब जनगणना प्रक्रिया में आम नागरिकों को सीधे तौर पर डेटा भरने का विकल्प दिया गया है। इस सुविधा के जरिए लोग अपने घर बैठे मोबाइल या कंप्यूटर से परिवार के सदस्यों का विवरण भर सकेंगे। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि जानकारी अधिक सटीक रूप से दर्ज हो सकेगी। हालांकि अभी भी काफी लोगों को इस नई व्यवस्था के बारे में पूरी जानकारी नहीं है। स्व-गणना के बाद 22 मई से जिले में मकान सूचीकरण और गणना का कार्य शुरू होगा, जिसमें प्रगणक घर-घर जाकर विवरण एकत्र करेंगे। ऐसे में जिन लोगों ने पहले ही अपना डेटा ऑनलाइन भर दिया होगा, उनके लिए प्रक्रिया और आसान हो सकती है।

### जिले में जनगणना की तैयारी पर एक नजर

जिले में आगामी जनगणना को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। पहले चरण में 22 मई से 20 जून के बीच मकानों की गिनती और सूचीकरण का कार्य कराया जाएगा, जिसके लिए बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इस कार्य में 7392 प्रगणक और 1263 सुपरवाइजर लगाए जाएंगे, वहीं कार्य की निरंतरता बनाए रखने के लिए अतिरिक्त रिजर्व कर्मियों की भी व्यवस्था की गई है। प्रशासन द्वारा सभी संबंधित कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जिससे गणना प्रक्रिया को सुचारु और त्रुटिरहित बनाया जा सके। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की आबादी 40 .21 लाख थी, जो अब बढ़कर करीब 46 से 48 लाख के बीच पहुंचने का अनुमान है। अधिकारियों का कहना है कि इस बार जनगणना के जरिए जिले की वास्तविक और अद्यतन जनसंख्या के आंकड़े सामने आएंगे, जो भविष्य की विकास योजनाओं और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

### क्या है स्व-गणना सुविधा

1- 7 मई से 21 मई तक खुला रहेगा ऑनलाइन पोर्टल

2- लोग खुद भर सकेंगे अपने परिवार का पूरा विवरण

3- मोबाइल या कंप्यूटर से किया जा सकेगा डेटा एंट्री

4- पहली बार जनगणना में दी जा रही यह सुविधा

5- बाद में 22 मई से शुरू होगा घर-घर गणना कार्य

न्यूज ब्रीफ

### रेलवे ट्रैक के पास मिला अज्ञात का शव

**उचौलिया, अमृत विचार :** शाहजहांपुर-सीतापुर रेलवे ट्रैक पर उचौलिया थाना क्षेत्र में सोनौआ रेलवे क्रॉसिंग के पास ट्रेन लाइन के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। रेलवे क्रासिंग के पास एक शव को पड़ा देख स्थानीय लोगों का हुजूम लग गया। घटना की सूचना पर उचौलिया पुलिस मौके पर पहुंची। काफी प्रयासों के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। ऐसी आशंका है कि किसी ट्रेन से यह व्यक्ति गिर गया हो। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय लखीमपुर भेज दिया है।

### धुंधकारी गोकर्ण की कथा सुन श्रोता मुग्ध

**बिझौली, अमृत विचार :** पड़ोस के गांव चिंतापुरवा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन कथावाचक पंडित मुनीश अवस्थी ने गोकर्ण और धुंधकारी की कथा का रसपान कराया। कथाव्यास ने सुनाया कि तुंगभद्रा नदी के तट पर आत्मदेव और उनकी पत्नी धुंधुली की कथा सुनाकर नारद चरित्र और कलयुग आगमन की कथा सुनाई। कथा में योगेश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, रितेश, सुनील, प्रमोद, सौरभ वर्मा, दिनेश वर्मा आदि रहे।

### फब्तियां कसते मनचले का किया चालान

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नीलकंठ मैदान स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के आगे चूडी वाली गली के सामने से मेला देखकर निकल रही महिलाओं व लड़कियों पर फब्तियां कसने और अश्लील गीत गाने पर पुलिस ने युवक को पकड़ कर हिरासत में लेकर पूछताछ की। सूचना पर पहुंची महिला उप निरीक्षक अपूर्वा शर्मा, आरक्षी परीक्षित सैनी, अंकित बर्मन ने मनचले को हिरासत में लेकर तलाशी और पूछताछ में उसने अपना नाम जितेन्द्र निवासी अलियापुर गांव बताया।

# धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव, आश्रम में उमड़े श्रद्धालु

## गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारी एवं आश्रम वासियों ने किया पूजन-अर्चन, भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर भक्तों ने मांगा देश की समृद्धि और सुख-शांति का आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** भगवान विष्णु के छठे अवतार एवं अष्ट चिरंजीवियों में से एक भगवान परशुराम जी महाराज का जन्मोत्सव जिले भर में श्रद्धालुओं ने बड़े धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया। शहर से सटे देवकली तीर्थ स्थित भगवान परशुराम की भव्य प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर महंत प्रमोद जी महाराज के मार्गदर्शन में आचार्य सुधीर मिश्र, आचार्य प्रमोद अवस्थी, आचार्य कुसुमेश शुक्ला, आचार्य टीकाराम उपाध्याय, गुरुकुल के वटुक ब्रह्मचारी एवं आश्रम वासियों ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया।

सुबह 8 बजे से ही श्रद्धालुओं का आश्रम में जमावड़ा लगना शुरू हो गया था। पूरे कार्यक्रम के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजकिशोर दीक्षित, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, श्रीमती विनीता त्रिपाठी, श्रीमती सविता दीक्षित, अवधेश मिश्रा, पुत्तन मिश्रा, धीरज शुक्ला, आशीष दीक्षित, अनुज शुक्ला, मनोज मिश्रा, रवि श्रीवास्तव, विक्रम गुप्ता, राजीव वाजपेयी, विनोद शुक्ला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजन-अर्चन किया।

कार्यक्रम के अंत में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान परशुराम जी महाराज से देश की समृद्धि और सुख-शांति के लिए आशीर्वाद मांगा।



भगवान परशुराम की प्रतिमा के समक्ष पूजन अर्चन के दौरान बटुक और आचार्य। ● अमृत विचार



देवकली तीर्थ स्थित भगवान परशुराम में भव्य प्रतिमा। ● अमृत विचार

### पलिया के श्रीकुल आश्रम पर धूमधाम से मनी परशुराम जयंती,



**पलिया कलां।** श्रीकुल सेवा संस्थान में भगवान परशुराम जी की जयंती पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। संस्थापक आचार्य गोविंद माधव मिश्र सहित सभी पदाधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भगवान परशुराम जी के चित्र पर तिलक लगाकर पूजा अर्चना व आरती की। इस मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम जी के जयकारे भी लगाए। पश्चात प्रसाद वितरण व भंडारा आयोजित हुआ। संस्थाध्यक्ष शांति स्वरूप शुक्ला, उपाध्यक्ष गगन मिश्रा एड ., नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनूप मिश्रा, उपाध्यक्ष आशीष अग्निहोत्री, रो .डीके श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**भीरा।** भगवान परशुराम जयंती पर प्रसाद के रूप में मीठा शरबत वितरण किया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बस्तौला चौराहे के राधा कृष्ण मंदिर पर भगवान परशुराम के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चन के बाद गुजरते राहगीरों को शीतल मीठा शरबत वितरण कर पुण्य कमाया। इसमें राज बंधु वाजपेयी, अखिलेश शुक्ला, आतिश अवस्थी आदि का सहयोग रहा।

### मैगलगंज में निकली भव्य शोभायात्रा



**मैगलगंज।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा निकाली गई। नवीन गल्ला मंडी से प्रारंभ शोभायात्रा में जय श्री परशुराम के जयघोष से वातावरण गूंज उठा। प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भजन-कीर्तन एवं धार्मिक नारों के बीच यात्रा मढ़िया घाट पहुंची, जहां पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। शोभायात्रा में करणी सेना के जिलाध्यक्ष अजय सिंह राठौड़, गन्ना समिति की चेयरमैन राजेन्द्र मिश्रा, श्याम किशोर अवस्थी, मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### गोला में धूमधाम से मनाया गया प्राकट्य दिवस

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नीलकंठ मैदान स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में रविवार सुबह भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। द्विज सहायता समिति ने सुंदरकांड का पाठ और परशुराम भगवान का पूजन कर ब्राह्मण समाज से संगठित रहने की बात कही। समारोह में मेधावी विद्यार्थी, समिति के सदस्यों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य वक्ता विचारक, लेखक रामबाबू पांडे ने कहा कि भगवान परशुराम को चिरंजीवी माना जाता है, जो यह संदेश देते हैं कि न्याय और सत्य की रक्षा का उद्देश्य शाश्वत है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, पूर्व विधायक विनय तिवारी, होनहार विद्यार्थी अश्वनी तिवारी सहित समिति के पदाधिकारियो, सदस्यों को सम्मानित किया गया। संचालन आलोक तिवारी ने किया। समिति के संरक्षक डॉ. सौरभ दीक्षित, डॉ. आदर्श दीक्षित, दीपक मिश्रा, इं. मिलिंद शुक्ला, मनोज मिश्रा, शिवदयाल पांडे, पंकज मिश्रा, रामगुलाम पांडे, संदीप अवस्थी एडवोकेट, उमेश मिश्र, अवधेश मिश्रा, विमलेश मिश्रा, केजी त्रिवेदी, हरद्वार बाजपेई आदि मौजूद रहे।

### मोहम्मदी में पहले हवन पूजन, फिर निकली शोभायात्रा

**मोहम्मदी, अमृत विचार:** भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। ब्राह्मण वेलफेयर फाउंडेशन की नगर इकाई ने अक्षय तृतीया पर प्रभु परशुराम का जन्मोत्सव मनाकर देश व समाज की अखंडता, संप्रभुता और विकास की भावना के लिए हवन किया। विप्र समाज ने नगर में शोभायात्रा निकाली। यज्ञाचार्य पंडित गोविन्द वाजपेयी ने 1008 गायत्री मंत्र, विष्णु मंत्र, शिव मंत्र सहित आदिशक्ति मंत्रों के साथ चार चरणों में यज्ञ संपन्न कराकर प्रभु परशुराम की महाआरती कर भोग लगाकर प्रसाद वितरित किया। पश्चात दोपहर दो बजे रामलीला मैदान से भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा में राधा कृष्ण, हनुमान जी, गणेशजी, काली अखाड़ सहित अन्य झाकियां निकाली गई, जो आकर्षण का केन्द्र रहीं। शोभायात्रा के दौरान नगर में कई स्थानों स्वागत और पुष्प वर्षा की गई। शोभायात्रा का शुभारंभ रामलीला मैदान से निकलकर पूरे नगर का भ्रमण कर रामलीला मैदान में समापन हुआ और उपस्थित सभी ने भंडारा का भोग प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील शुक्ला, आनंद वाजपेयी, अभिषेक पांडेय, प्रमोद त्रिवेदी, अनुपम शुक्ला एड, योगेश त्रिवेदी एड, सच्चिदानंद राय, संदीप शुक्ला, बीसी चौबे, पंकज मिश्रा, अथर्व श्रीरंजन आदि बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल लोग। ● अमृत विचार

### ब्राउन शुगर व नशीली दवा के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**पलिया कलां, अमृत विचार:** रविवार को पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को ब्राउन शुगर और नशीले अल्प्राजोलम पाउडर के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े अभियुक्तों में अरमान निवासी मोहल्ला बरबंडा के पास से 10 ग्राम ब्राउन शुगर और दूसरे अभियुक्त सलमान निवासी मोहल्ला अहिरान के पास से 28 ग्राम नशीला अल्प्राजोलम पाउडर बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों पर पहले से ही दो-दो मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान भेजा है।




### बच्चों को खेलकूद-शैक्षिक गतिविधियों से जोड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- बैगलेस डे पर पढ़ाई के पारंपरिक माहौल से कुछ अलग सीखा

**अमृत विचार:** परिषदीय विद्यालयों में बैगलेस डे के दौरान बच्चों को पढ़ाई के पारंपरिक माहौल से अलग रखते हुए खेलकूद और शैक्षिक गतिविधियों से जोड़ा गया। सप्ताह भर की पढ़ाई के बाद इस दिन बच्चों ने विभिन्न खेलों और रचनात्मक माध्यमों के जरिए सीखने के साथ मनोरंजन भी किया।

जिले के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को खेलकूद सामग्री उपलब्ध कराई गई है, जिससे वे अपनी रुचि के अनुसार खेलों में भाग ले सकें। विद्यालयों में लूडो, कैरम, चेस के साथ-साथ टेनिस और वॉलीबॉल जैसी खेल सामग्री के माध्यम से बच्चों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। खेलों के जरिए बच्चों में टीम भावना और शारीरिक सक्रियता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों के लिए पांच हजार रुपये और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के लिए 10 हजार रुपये तक की खेलकूद किट उपलब्ध कराई गई है। इसका उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के प्रति भी प्रोत्साहित करना है।

वीडियो में बैलगाड़ी, मेला, गुब्बारे, झूले और प्राकृतिक दृश्यों को आकर्षक तरीके से प्रस्तुत किया गया, जिससे बच्चों ने रुचि के साथ उन्हें देखा और समझा। शिक्षकों का कहना है कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है और वे मानसिक व शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं। बैगलेस डे के माध्यम से बच्चों को तनावमुक्त माहौल में सीखने का अवसर मिल रहा है।

### नारी शक्ति वंदन पर जागरूकता कार्यक्रम का समापन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित नारी शक्ति वंदन विषयक तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का समापन हुआ। प्राचार्या प्रो. डॉ. वाणी गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शैक्षणिक व रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसमें लघु नाटिकाओं के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को उजागर किया गया, वहीं पदयात्रा और वाद-विवाद प्रतियोगिता के जरिए छात्रों ने अपने विचार साझा किए। भाषण और सेमिनार में महिला आरक्षण, नेतृत्व विकास, कौशल निर्माण, ड्रोन दीदी जैसी योजनाओं, महिला सुरक्षा और सामाजिक-राजनीतिक भागीदारी जैसे विषयों पर चर्चा हुई। प्राचार्या ने कहा कि इस तरह के आयोजन छात्राओं में सामाजिक संवेदनशीलता और जिम्मेदारी की भावना को विकसित करते हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि यह विधेयक यदि पास हो जाता तो महिलाओं की आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी को मजबूत करता।

### शिवम चौराहे पर अक्सर लगता जाम

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** शिवम चौराहा यानी छोटा चौराहा पर एक तरफ रोडवेज की बसें तो दूसरी तरफ डग्गामार मैजिक खड़ी होती हैं, जिससे यात्रियों को आपाधापी में बैठाने के कारण वाहन रोड तक आ जाने से जाम की स्थिति बन जाती है। ऐसे में राहगीर, स्कूली वाहन और नगरवासी परेशान होते हैं।

नगर के शिवम चौराहे स्टेशन रोड पर आए दिन रोडवेज बसें और सिनेमा रोड शिवम कांप्लेक्स के निकट मैजिक वाहन अक्सर सवारियां बैठाने के लिए रुक जाते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और जाम भी लग जाता है। बस चालक और मैजिक चालक दोनों ही सवारियों के लालच में वाहन सड़क व चैराहे पर ही रोक देते हैं, जिससे यातायात बाधित हो जाता है। दोनों तरफ से वाहन खड़े होते ही पीछे वाहनों की कतार लग जाती है। रोज लग रही जाम के कारण राहगीरों, स्कूली बच्चों, और कामकाजी लोगों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ता है और वह भीषण गर्मी में भी परेशान होते हैं।



शिवम चौराहे के स्टेशन रोड पर खड़ीं रोडवेज की बसें। ● अमृत विचार



गोला के शिवम चौराहे के सिनेमा रोड पर खड़ीं मैजिकें। ● अमृत विचार

- स्कूली वाहन, राहगीर जाम में फंसकर होते हैं परेशान

इस प्रकार से अचानक बीच सड़क पर वाहन रोकने से जाम तो लगती ही है साथ ही दुर्घटना होने की संभावना भी बढ़ जाती है। चौराहे पर बस, मैजिक वाहन रुकते ही ई रिक्शा चालक बेतरतीब तरीके से वाहनों को घेर लेते हैं, जिससे आवाजाही में लोगों को काफी दिक्कतें होती हैं। शिवम चौराहे पर ट्रैफिक कंट्रोल में लगे सुरक्षाकर्मी भी जाम खुलवाने में असहाय दिखते हैं।

### 210 युवा ले रहे विशेष प्रशिक्षण

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार:** युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें मुख्य धारा के रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत विशेष प्रशिक्षण ओपरोटेक टेक्नोलॉजीस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चलाया जा रहा है, जिसमें 210 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

केंद्र के समन्वयक ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण निर्धन युवाओं को कौशल प्रदान कर उन्हें न्यूनतम मजदूरी से ऊपर के मासिक वेतन वाले रोजगार की ओर अग्रसर करना है। 210 युवा विभिन्न ग्राम पंचायतों से चयनित प्रशिक्षण के क्षेत्र सोलर पैनल इंस्टॉलर, सोलर सिस्टम सर्विस के साथ ही कंप्यूटर ट्रेनिंग, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, इंग्लिश स्पीकिंग की भी ट्रेनिंग दी जा रही है। योजना के तहत छात्रों को निःशुल्क वर्दी, पाठ्य सामग्री और प्रशिक्षण के दौरान भोजन की सुविधा दी जा रही है। तीन से चार महीने के इस सघन प्रशिक्षण के बाद सफल प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा और प्रतिष्ठित निजी कंपनियों में प्लेसमेंट सहायता भी प्रदान की जाएगी।



गोला में तकनीकी ज्ञान प्राप्त करते प्रशिक्षणार्थी। ● अमृत विचार

- प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को मासिक वेतन वाले रोजगार की ओर अग्रसर करना

दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की ब्रांच हेड आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की महत्वपूर्ण पहल है। 18 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं पर केंद्रित है। योजना का लक्ष्य शौर्य मित्र तैयार कर मेक इन इंडिया के सौर ऊर्जा अभियान को गति देना है। सुम्मी राजपूत के कुशल निर्देशन में रावेंद्र पाल, सत्यम शुक्ला, मोनिका सिंह, विवेक चौधरी, छाया, रेशा राजपूत, आकृति वर्मा, दुर्गेश कुमार द्वारा को ट्रेनिंग दी जा रही है।

### उप स्वास्थ्य केंद्र से सोलर बैटरियां चोरी

**भानपुर, अमृत विचार:** भीरा थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही भीरा-बिजुआ मार्ग स्थित भानपुर चौराहे पर बने उप स्वास्थ्य केंद्र का है, जहां सोलर लाइट की चारों बैटरियां अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गईं। घटना का खुलासा उस समय हुआ, जब कई दिनों तक सोलर लाइटें बंद रहीं। संदेह होने पर ग्रामीणों ने मौके पर जाकर जांच की, तो सोलर सिस्टम से बैटरियां गायब थीं।

### दबंगों ने की मारपीट

**उचौलिया।** थाना क्षेत्र के गांव गड़रियापुरवा निवासी उसमान ने बताया कि शनिवार देर शाम उसके विपक्षी शम्भू और उसके पुत्रों अब्बास, गुरफान और नुकसार ने उसके दरवाजे पर गाली गलौज किया और फिर लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे जिससे वह चोटिल हुआ है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसका मेडिकल परीक्षण सीएचसी पसगवां में कराया।

### चंदन चौकी में छात्रावास का किया लोकार्पण

संवाददाता, पलिया कलां

- विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा होगी उपलब्ध

**अमृत विचार:** थारू क्षेत्र के प्रमुख कस्बा चंदन चौकी स्थित प्रताप नारायण मिश्र स्मारक सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नवनिर्मित महाराणा प्रताप छात्रावास का रविवार को विधि-विधान के साथ लोकार्पण किया गया। पूजन-अर्चन के बाद छात्रावास का आरंभ हुआ, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी।

यह छात्रावास फ्लोरिडा (अमेरिका) की अग्रवाल एंड गुप्ता फैमिली के सहयोग से तैयार कराया गया है। लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केके बिरला ग्रुप ऑफ शुगर कंपनी के पूर्व प्रेसिडेंट एवं विद्या भारती के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष चंद बिहारी पटोदिया शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि संगठन मंत्री यतींद्र कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत ने की।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक सलिल अग्रवाल, अध्यक्ष फूल सिंह राणा, प्रधानाचार्य बलदेव श्रीवास्तव सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी कृष्ण अवतार सिंह, बलजीत सिंह, संतराम गुप्ता, शिवपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में अभिभावक और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि छात्रावास के निर्माण से दूर-दराज के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में शैक्षिक विकास को नई गति मिलेगी।

न्यूज ब्रीफ

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव गजियापुर, सुहेला निवासी आंवा देवी पत्नी स्व. दाताराम ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 मार्च को उनका पुत्र मनोज कुमार अपने गांव से काम करने के लिए पंजाब जा रहा था। गोला सिकंद्राबाद रोड निकट काशीपुरम मोहल्ला के पास पहुंचते ही किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेजी व लापरवाही पूर्वक टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गयी थी।

### युवक ने खाया जहर अस्पताल में मौत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सीतापुर जिले के थाना लहरपुर क्षेत्र के गांव ठकुरनपुरवा निवासी राम सिंह के 19 वर्षीय बेटे अनुज ने शनिवार की देर रात अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ल लेकर पहुंचे। जहां रविवार की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव दुधवा मिदनियां निवासी मिथलेश का 20 वर्षीय बेटा धर्मवीर रविवार की अल सुबह घर से दौड़ने के लिए निकला था। सुबह करीब पांच बजे घर से एक किलोमीटर की दूरी पर उसका शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि धर्मवीर पुलिस या सेना में जाने की तैयारी कर रहा था, इसीलिए वह प्रतिदिन दौड़ने के लिए सुबह जाता था।

### पुत्री के घर आए पिता को दबंगों ने पीटा

**पसगवां, अमृत विचार :** शाहजहांपुर थाना सेहरामऊ दक्षिणी के ग्राम चांदा निवासी रामौतार अपनी पुत्री गोमती देवी पत्नी सतीश कुमार गुप्ता की ससुराल ग्राम घाघपुर आया था। शनिवार की देर शाम साढ़े सुषमा पत्नी अमित निवासी चांदा थाना सेहरामऊ दक्षिणी, कल्लू की पत्नी, कल्लू की पुत्री रंजना निवासी ग्राम व थाना रोजा जिला शाहजहांपुर ने रामौतार को गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर रामौतार की लात घूसों और लाठी डंडों से पिटाई कर दी जिससे उसके सिर में चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर घायल का मेडिकल परीक्षण सीएचसी पसगवां में कराया।

# कांप टांडा गांव में भीषण अग्निकांड, 40 घर राख, बछिया झुलसी

## गृहस्थी का सारा सामान, अनाज और पशुओं का चारा हो गया नष्ट, फायर ब्रिगेड ने ग्रामीणों की मदद से घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

संवाददाता, भानपुर/भीरा/मैलानी

**अमृत विचारः** विकास खंड बिजुआ के मैलानी थाना क्षेत्र के कांप टांडा गांव में रविवार दोपहर करीब 2 बजे भीषण आग लग गई। इस घटना में गांव के 40 घर जलकर राख हो गए, जिससे गृहस्थी का सारा सामान, अनाज और पशुओं का चारा नष्ट हो गया। अग्निकांड में गेहूं की फसल भी जल गई। कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन एक बछिया आंशिक रूप से झुलस गई।

आग लगने की सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक हिमांशु पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की गाड़ी भी रवाना की गई। थाना मैलानी से करीब 35 किलोमीटर दूर स्थित गांव में दमकल पहुंचने से पहले ही ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए थे। फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक मैलानी भी मौके पर पहुंचे और राहत कार्यों का जायजा लिया। आग की चपेट में कुल 40 परिवार आए, जिनमें सुमेरसिंह, देवेन्द्र कुमार, नन्दकिशोर, रामआसरे, विकास, जयप्रकाश, दुर्गासिंह, कुलदीप, मलखान, अजय कुमार, लाडले, रोमा देवी, पंकज, धर्मेन्द्र, श्रवन, शिवकुमार, ठाकुर, सुरेन्द्र, छोटे, धर्मपाल, अगमवीर, वेदप्रकाश, शिवकुमार, सुभाष, मन्शाराम, मंगलराम, अखिलेश, रुद्रपाल, ऋषिपाल, वीरपाल, जगपाल, खुशीराम, राजाराम, सोनपाल, मोरती, साधू सिंह, अजय, विक्की, रामकिशोर और रवि पुत्र विजयपाल के घर शामिल हैं। इन सभी परिवारों का अनाज, कपड़े, चारपाई, बर्तन और पशुओं का चारा जल गया, जिससे वे खुले आसमान के नीचे आ गए हैं।


कांपटांडा गांव में जला घर। ● अमृत विचार


कांपटांडा में आग से गेहूं की जली फसल। ● अमृत विचार

### अज्ञात कारणों से घर में लगी आग

**बांकेगंज, अमृत विचार :** बांकेगंज के अंबेडकर नगर के पास डेरा में लगी आग से भीख मांगकर जीवनयापन करने वाली महिला का सामान जलकर खाक हो गया। विकास खंड बांकेगंज कार्यालय के पास ही महावत समुदाय के लोग डेरा डाल कर रह रहे है। उसी डेरे रहने वाली विधवा कुसमा देवी के घर मे अचानक आग लग गई। मोहल्ले वालों ने आग की लपटों को देखा तब सभी दौड़े और घर से सामान निकालने का प्रयास करने लगे, लेकिन जब तक घर से कुछ निकाल पाते, आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। मोहल्ले वाले कुछ सामान ही निकाल पाए। बाकी का सारा सामान आग मे जल गया। लोगों ने बताया कि विधवा कुसमा देवी के आगे पीछे कोई नहीं है। वह गरीब महिला मांग कर अपना जीवन यापन करती है तथा झोपडी बनाकर डेरा में रह रही है। अज्ञात कारणों से लगी आग मे उसके घर का सारा सामान, कपड़े, राशन इत्यादि सब कुछ जल कर राख हो गया।

### नशे में युवक ने अपने ही घर में लगाई आग

**पलिया कलां, अमृत विचार :** रविवार को नगर के मोहल्ला इकरामनगर में एक युवक ने नशे की हालत में अपने ही घर में आग लगा दी, जिससे पूरा मकान और उसमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक नशे में था और अचानक उसने घर में आग लगा दी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख मोहल्ले में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी और खुद भी आग बुझाने में जुट गए। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास के मकानों को बचा लिया गया। घटना की सूचना पर चौकी पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपी युवक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह फरार हो गया। थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है और तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं लोगों ने नशे के बढ़ते अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## ग्राम पंचायत पहाड़नगर में आग से छप्परनुमा छह घर जले

- खाना बानाते समय पहले अनिल के घर में लगी थी आग, 5 घरों को लिया चपेट में लिया

**कुकरा, अमृत विचार :** तहसील गोला की ग्राम पंचायत पहाड़ नगर में दोपहर अचानक लगी आग से आधा दर्जन छप्परनुमा आशियाने जलकर राख हुए हैं, जिनमें नकदी समेत लाखों की संपत्ति राख हो गई।

दोपहर तेज हवा के मध्य खाना बानाते समय छप्परनुमा अनिल कुमार के घर में आग लग गई। कड़ी धूप और तेज हवाओं के कारण आग विकराल हो गई और छह घरों को अपने आगोश में ले लिया। इन घरों में सारा सामान राख हो गया। आग में .सुनील कुमार पुत्र पृथ्वीपाल, अनिल कुमार पुत्र पृथ्वीपाल, दाताराम पुत्र रामभजन, मदनलाल पुत्र दाताराम, रमेशचंद्र पुत्र तुलसीराम और विद्यावती पत्नी रामऔतार के आशियाने पूरी तरह जल गए। सबसे अधिक नुकसान दाताराम के परिवार को हुआ। उनके पुत्र अरविंद कुमार की शादी 25 अप्रैल को है और तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी थीं।


आग से जले नोट।

के पर चोकी प्रभारी कुकरा अवलीश कुमार पवार, थानाध्यक्ष मैलानी ब्रजेश कुमार मौर्य पुलिस बल के साथ पहुंचे। क्षेत्रीय लेखपाल कैलाशचंद्र भी मौके पर मौजूद रहे। ग्रामीणों, पुलिस और प्रशासन के संयुक्त प्रयास से आग पर काबू पाया गया। हालांकि फायर ब्रिगेड की टीम देर से पहुंची। प्रशासन ने नुकसान का आंकलन शुरू कर दिया है।

सूचना पर एसडीएम पलिया भी मौके पर पहुंचे और नुकसान का मुआयना किया। उन्होंने पीड़ितों से बात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रभारी निरीक्षक मैलानी बृजेश मौर्य ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है। आग लगने के सही कारणों का अभी पता नहीं चल सका है और जांच जारी है। प्रथम दृष्टया आशंका है कि तेज हवा के कारण चूल्हे या शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने आग पकड़ ली होगी।

प्रशासन ने नुकसान की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेज दी है, ताकि पीड़ितों को जल्द आपदा राहत के तहत मुआवजा दिलाया जा सके। पीड़ित परिवारों को तत्काल राशन और तिरपाल की आवश्यकता है।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, तीन गंभीर

संवाददाता, संसारपुर

**अमृत विचारः** मैलानी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर के बाद उनमें आग लग गई।

बाइक सवार श्रीराम और जितेंद्र, निवासी ग्राम रामपुर फुलहिया थाना मैलानी, अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक जिस पर विकास पुत्र रामबहादुर और रामवीर पुत्र प्यारेलाल सवार थे से उनकी जोरदार आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइकों में आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल भिजवाया। तीन घायलों को निजी वाहन से उपचार के लिए भेजा गया, जबकि एक गंभीर घायल को एंबुलेंस से सीएचसी बांकेगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान श्रीराम पुत्र शिवकुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

## सोशल मीडिया पर फैलाई झूठी खबर

संवाददाता, बांकेगंज

- पुलिस कस्टडी में महिला की मौत की बात पूरी तरह निकली फर्जी
- झूठी अफवाह की फेसबुक पोस्ट करने वाले पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** मोतीपुर गांव में 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के मौके पर हुए विवाद के बाद अब सोशल मीडिया पर फैलाई गई अफवाहों पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है।

कुछ लोगों ने बिना अनुमति और सूचना के गैर-परंपरागत तरीके से बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास किया था। इसी दौरान कुछ लोगों ने इसका विरोध किया, जिससे आपसी विवाद की स्थिति बन गई। विवाद के दौरान कुछ लोगों ने अपने ही वर्ग की एक महिला के साथ मारपीट की, जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने बचाया।

घटना के दौरान कुछ अराजक तत्वों ने पथराव का प्रयास भी किया, जिन्हें पुलिस ने मौके से खदेड़ दिया। इस मामले में पुलिस कार्रवाई करते हुए अब कुल 33 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

इस घटना को लेकर राहुल सोनी नामक व्यक्ति ने अपने फेसबुक अकाउंट से पोस्ट कर दावा किया कि पुलिस लाठीचार्ज में एक महिला की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति विजय पाल गौतम की पुलिस कस्टडी में मृत्यु हो गई है। पुलिस की जांच में यह दावा पूरी तरह भ्रामक, असत्य और अफवाहपूर्ण पाया गया। एएसपी पश्चिमी अमित राय ने बताया कि पुलिस महिला पूरी तरह सुरक्षित है और किसी भी आरोपी की पुलिस कस्टडी में मौत नहीं हुई है। इस मामले में झूठी सूचना फैलाकर लोक शांति भंग करने के आरोप में आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है। 67 आईटी एक्ट भी लगाया गया है। आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की सूचना को बिना सत्यापन के साझा न करें और अफवाहों से बचें।

## समाधान दिवस में मोबाइल में आईपीएल देखते दिखे थाना प्रभारी

संवाददाता, पुवायां

- घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आया

**अमृत विचार :** तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान अधिकारियों की मौजूदगी में एक थाना प्रभारी मोबाइल पर आईपीएल देखते नजर आए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में आ गया है।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एसडीएम सदानंद सरोज सहित अन्य अधिकारी प्रार्थनापत्रों की सुनवाई में व्यस्त थे, तभी खुटार थाना प्रभारी के मोबाइल पर आईपीएल मैच चलता दिखाई दिया। वीडियो में एक ओर अधिकारी शिकायतकर्ता से बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर थाना प्रभारी के मोबाइल पर मैच की झलकियां चलती दिख रही हैं।

इस पर भाकियू टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अनिल सिंह यादव ने कहा कि अधिकारी समाधान दिवस के प्रार्थनापत्रों को गंभीरता से नहीं लेते, जिससे लोगों को बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं है और वीडियो की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## रूपनपूर्वा विवाद में पांचवें दिन भी पुलिस मुस्तैद


गांव में तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार

संवाददाता, भानपुर

- नौ लोगों के खिलाफ पुलिस ने की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के रूपन पूर्वा गांव में हुए विवाद के पांचवें दिन भी स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल लगातार मुस्तैद है और चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है। पुलिस की सक्रियता के चलते गांव में फिलहाल शांति का माहौल बना हुआ है।

पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मिली तहरीर के आधार पर कुल नौ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एक पक्ष से अक्षय पुत्र रामदास, शिवचंद्र पुत्र रामदास, सूरज कुमार पुत्र गंगाराम और विनय पुत्र रामनिवास को नामजद किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष से गोविंद पुत्र दाताराम, परमानंद पुत्र दाताराम, अंकित पुत्र दाताराम, गोविंदा की पत्नी सहित अन्य को आरोपी बनाया गया है। इसके अलावा राठौर, गौतम और भार्गव परिवार से एक-एक व्यक्ति का शांति भंग की आशंका में चालान भी किया गया है। पुलिस का कहना है कि गांव में स्थिति सामान्य है।

### पारस इनकम टैक्स ऑफिसर के लिए चयनित



**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** उन्नकिसेस कृषि संस्थान के संरक्षक विनीत सिंह भदौरिया ने एसएससी सीजीएल परीक्षा क्वालीफाई कर इनकम टैक्स ऑफिसर पद पर चयनित हुए पंजाबी कॉलोनी निवासी सुधीर कोहली के पुत्र पारस कोहली को सम्मानित कर उसके उज्जवल भविष्य के कामना की। पारस कोहली ने सफलता का श्रेय माता-पिता और निरंतर किए गए प्रयासों को दिया। भानु प्रताप सिंह, अंकुर वर्मा, नेहा यादव, सत्यम यादव, गौरव यादव, राहुल भदौरिया, विशाल राठौर, राजकरन, प्रियांशू आदि ने खुशी जताई है।

## सर्राफा कार्यकारिणी के विश्वनाथ अध्यक्ष एवं आनंद बने महामंत्री

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** सर्राफा कमेटी की साधारण सभा में कार्यकारिणी का गठन कर विश्वनाथ राजपूत को अध्यक्ष और आनंद मोहन सोनी को महामंत्री निर्वाचित घोषित किया गया।

नगर पालिका सभागार में वरिष्ठ सर्राफा व्यवसायी शिवलाल राजपूत की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय हुआ कि शेष कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष एवं महामंत्री अपने विवेकानुसार करेंगे। सभा में आमंत्रित भाजपा के नगर अध्यक्ष एवं सर्राफा व्यापारी विनोद स्वर्णकार का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।


नव मनोनीत पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत करते व्यापारी।

- नगर पालिका सभागार में किया गया बैठक का आयोजन

संचालन उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी ने किया।

बैठक में पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार सोनी, निवर्तमान महामंत्री रिंकेश राजपूत, निवर्तमान कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल राजपूत, श्यामजी गुप्ता, मनोज गुप्ता, पंकज गुप्ता, सर्वेश वर्मा, रविन्द्र निरंकारी, चंदन सेठी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## रात में झूला के बाउंसरों के साथ मारपीट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

- ऐतिहासिक चैती मेला मैदान में पुलिस ने बंद कराए झूले

**अमृत विचारः** ऐतिहासिक चैती मेला के समापन पर 16 अप्रैल गुरुवार को नगर पालिका अध्यक्ष ने तीन दिन के लिए मेला अवधि बढ़ा दी थी। 18 अप्रैल की रात कुछ लोगों ने फ्री में झूला देखने के चलते झूले के बाहर तैनात बाउंसरों से मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने झूला बंद करा दिया। आरोप है कि इस दौरान पुलिस ने कुछ दुकानदारों को भी पीट दिया।

नगर में चल रहे हैं ऐतिहासिक चैती मेला में शनिवार की देर रात मेले में झूलों की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात बाउंसरों से किसी बात को लेकर मेला देखने गए कुछ लोगों से कहासुनी होने लगी, जिसमें बात बढ़ने पर बाउंसरों और युवकों में जमकर मारपीट हुई। मेले में अफरा तफरी मच गई। आसपास के दुकानदारों का कहना है कि युवक नशे की हालत में थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए सभी झूले बंद करवा दिए। इस दौरान आरोप है कि झूले के आसपास लगी दुकानों के खुला होने पर कुछ दुकानदारों को भी पुलिस ने पीट दिया।


गोला के चैती मेला में झूले के बाउंसर के साथ मारपीट के वायरल वीडियो के स्क्रीनशॉट।

रविवार को नगर पालिका परिषद के सभासदों ने पुलिस की कार्यवाही पर रोष व्यक्त करते हुए मेला शुरू कराने की मांग की। सभासद हर्ष अवस्थी ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्ष ने समापन के मौके पर मंच से मेले को तीन दिन बढ़ाने की घोषणा की थी। पुलिस का झूला बंद करवा देना ठीक नहीं है।

कोतवाल अंबर सिंह ने बताया कि मेले में महिला बाउंसरों के साथ मारपीट हुई है। मेला अवधि की सूचना 16 अप्रैल तक की थी। बाहर से आया फोर्स भी जा चुका है। सुरक्षा की दृष्टि से मेला बंद कराना पड़ा। फिलहाल रविवार को झूले संचालित हो रहे हैं।

### जलपरी मंच के पास से मनचला गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** मेला मैदान में जलपरी मंच के पास खड़े होकर आने जाने वाली महिलाओं पर फब्तियां कसने, अश्लील गाना गाने, इशारा करने के आरोप में उप निरीक्षक राजन कुमार, आरक्षी जीशान अली ने झाऊपुर गांव निवासी आदिल खान पुत्र साकिर खान को हिरासत में लेकर उसके नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


**आवश्यकता है**
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया/कैंटीन कुक/कैंटीन हेल्पर
- वार्ड बॉय/वार्ड आया

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बलजीत कौर व श्रीमती प्रभजोत कौर (निवासी 260, बरुजई-2, शाहजहाँपुर) की संपत्ति के मूल विक्रय विलेख दस्तावेज 1 (11/11/1986): खंड 1231, पृष्ठ 186-198, क्रमांक 4356. दस्तावेज 2 (26/12/1995): खंड 1014, पृष्ठ 135-154, क्रमांक 5101. दिनांक 10.10.22 को कहीं खो गए हैं। उक्त संपत्ति HDFC बैंक, चौक, शाहजहाँपुर में बंधक रखी जानी है। किसी भी आपत्ति/दावे की स्थिति में 15 दिन के भीतर बैंक शाखा में साक्ष्य सहित संपर्क करें, अन्यथा बैंक बंधक कार्यवाही पूर्ण कर लेगा। **संपर्क:- अभिषेक कश्यप (RM) 9005021405, 9415162042 (बैंक कर्मचारी)**

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
संपर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

**सूचना**
मेरे हाईस्कूल 2014 अनुक्रमांक 0972115, इंटरमीडिएट 2016 अनुक्रमांक 0792023, बीएससी प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 8031320060 वर्ष 2017, द्वितीय वर्ष अनुक्रमांक 2231320040 वर्ष 2019, तृतीय वर्ष अनुक्रमांक 200091320049 सन् 2020 वास्तव में गुम हो गए हैं। **कपिल पुत्र पुरुषोत्तम लाल ग्राम जयनगर नवाबगंज बरेली।**

**जे.एम.बी. इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज एंड हायर एजूकेशन**
कैम्पस- देवीपुरा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत
**आवश्यकता है**
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की
- रसायन विज्ञान
- वनस्पति विज्ञान
- इतिहास
- हिन्दी

योग्यता व वेतनमान- नेट/पी.एच.डी. विश्वविद्यालय नियमानुसार
इच्छुक अभ्यर्थी फोटोयुक्त बायोडाटा व प्रमाणपत्रों की प्रति सहित महाविद्यालय में 15 दिन की सीमा में आवेदन करें।
E-mail: jmbinstitute@gmail.com

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र धीरज कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा व हमारे परिवार से उसका कोई वास्ता नहीं होगा। **दिनेश कुमार भारती पुत्र श्री श्याम बिहारी लाल एवं राजेश कुमारी पत्नी दिनेश कुमार भारती निवासी 33/सी, पंचशील नगर, नजदीक अम्बेडकर पार्क, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली।**

**BIMT**
BADAUN INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
(Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly)
**REQUIRED**
Candidates for B.Ed. Course

| | |
|---|---|
| 1- Principal/HOD | 01 |
| 2- Perspectives in Education | 01 |
| 3- Pedagogy Subject (Math, Science, Social Science, Language) | 03 |
| 4- Health and Physical Education | 01 |
| 5- Fine Art | 01 |
| 6- Performing Arts (Music/Dance) | 01 |

Qualification/Experience as per NCTE/UGC Norms.
Submit your Resume within 07 Days in the BIMT.
Campus: Kakrala road, near Mandi Samiti, Badaun (U.P.)
E-mail: bimtbudaun@gmail.com
Contact: 9897777709, 9897777797

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज के लिए 50 लाख की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला वार्ड 7पहाड़ों वाला निवासीगुलशन पुत्री नसीम अहमद ने पुलिस को भी तेरे मेंकहा कि उसकी शादी 3 मार्च 2024 को ग्राम पत्थर पत्थर खेड़ा ग्वाड़ी/शिवनगर निवासी शमशाद हुसैन के पुत्र नसीम अहमद से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह के दौरान पीड़िता के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन आरोप है कि ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था और शादी के कुछ समय बाद ही ताने देने शुरू कर दिए गए। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के लगभग एक माह बाद से ही पति, सास जाफरी उर्फ मुन्नी, ससुर नन्हे, देवर नाजिल व नाजिम समेत अन्य परिजनों ने मिलकर 50 लाख रुपये की मांग रखी। जब उसने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, तो उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। ललिता की तहरीर पर पुलिस ने 12 लोगों के खिलाक मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विक्रम ने मारी ऑटो को टक्कर, दो घायल

**कांठ, अमृत विचार :** कांठ के ग्राम मुख्तियारपुर नवादा निवासी राहुल कुमार पुत्र राम सिंह रोहित रेफर्स पाइपलाइन कंपनी अगवानपुर में काम करने वाले मजदूरों को ऑटो से लाने ले जाने का कार्य करता है। 10 अप्रैल को वह ऑटो से अंकज व पंकज निवासी ग्राम मुख्तियारपुर नवादा को बैठाकर कैंच की पुलिया की तरफ से घर आ रहा था।ग्राम रसूलपुर की पुलिया के पास बने मुर्गी फार्म के पास सामान भरकर ले जा रहे विक्रम के चालक ने लापरवाही और तेज गति से ऑटो को टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार अंकज और पंकज गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर विक्रम ऑटो चालक के खिलाफ केस दर्ज किया।

### पोल से टकराकर कार में लगी आग

**भोजपुर, अमृत विचार :** रविवार को थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर तिगरी निवासी मुस्तफा पुत्र अब्दुल अली साथियों के साथ वाजिदपुर तिगरी में दावत खाकर लौट रहे थे। गांव से कुछ ही दूरी पर मारुति के सामने पशुओं के आ जाने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकराकर आग के गोले में बदल गई। खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर कार में सवार लोगों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बाल्टियों से जलती कार पर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया पर तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी। गनीमत रही कि जनहानि नहीं हुई। उप निरीक्षक शराफत अली ने मुआयना किया।

### अनियंत्रित कार दीवार में घुसी, हादसा टला

**कांठ, अमृत विचार :** छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम पुल की मढ़ैय्यो में शनिवार तड़के एक बड़ा हादसा टल गया। एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दीवार में जा घुसी। घटना सुबह करीब 4 बजे की बताई जा रही है। चालक को अचानक नींद की झपकी आने के कारण कार नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे खाई को पार करते हुए सीधे दीवार से टकरा गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ।

### किशोरी को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह परिवार के साथ सोनीपत के एक भट्टे पर मजदूरी करने गए थे। तेरह अप्रैल को वापस घर आए। दूसरे दिन सुबह आठ बजे पुत्री के साथ घरेलू सामान लेने के लिए पार्क तिराहा बिलसंडा आए थे। इस दौरान नाबालिग पुत्री को गांव का ही सुखदेव और राजीव बहला फुसलाकर ले गए। काफी तलाशने के बाद भी पुत्री का कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# संपर्क क्रांति में लूट के चार आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

## स्पेयर पार्ट्स कारोबारी के कर्मचारियों से पूर्व कर्मचारी ने चलती ट्रेन में लुटवाए थे ढाई लाख, एक आरोपी के पैर में लगी गोली

रामपुर/बिलासपुर

- तीन अन्य बदमाश भी मौके से गिरफ्तार, बदमाशों से 1.38 लाख बरामद

**अमृत विचार :** रविवार तड़के थाना जीआरपी रामपुर पुलिस, आरपीएफ पुलिस व सिविल पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेलवे स्टेशन के पास मुठभेड़ में 15 अप्रैल को काठगोदाम संपर्क क्रांति में हुई लूट के चार आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी के पैर में गोली भी लगी है। दो तमंचे और दो खोखों सहित चार कारतूस के साथ लूटे हुए 1,38,500 रुपये बरामद किए हैं। लूट का मास्टर माइंड स्पेयर पार्ट्स के होलसेलर का पूर्व कर्मचारी निकला।

जीआरपी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शुक्ला ने रविवार दोपहर को सिटी रेलवे स्टेशन जीआरपी थाने पर पत्रकारों को बताया कि 15 अप्रैल को उत्तराखंड के रुद्रपुर के सिंह कॉलोनी निवासी स्पेयर पार्ट्स के होलसेलर मंजीत सिंह गगनेजा के यहां काम करने वाले दो कर्मचारी मोहल्ला जाफरपुर निवासी रितिक मंडल और मोहल्ला आवास विकास कॉलोनी निवासी साहिब सिंह सामान लेने काठगोदाम संपर्क क्रांति एक्सप्रेस से दिल्ली रवाना हुए थे। दोनों के पास करीब सात लाख रुपये थे। सुबह करीब दस बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से एक किमी. पहले आनंदनगर के मझरे के पास तीन बदमाशों ने गन प्वाइंट पर दोनों कर्मचारियों से चलती ट्रेन में सात लाख रुपये लूट लिए। इसके बाद तीनों बदमाश तीव्र मोड़ पर ट्रेन जैसे ही धीमी हुई तो हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। मामले में हालांकि मुकदमा दर्ज करने के दौरान नगदी ढाई लाख रुपये बताई गई। मामले में जीआरपी पुलिस और स्थानीय पुलिस लगातार छानबीन कर रही थी।



थाना जीआरपी रामपुर में प्रेसवार्ता करते एसपी और पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



बरामद लूट की रकम और तमंचे।

बदमाशों की तलाश में जुटी जीआरपी, आरपीएफ व सिविल पुलिस ने रविवार सुबह करीब 4.54 बजे मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन बिलासपुर के पास मौजूद बदमाशों की घेराबंदी कर ली। इस पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जवाबी कार्रवाई में उत्तराखंड के नानकमत्ता निवासी मिसरा सिंह के बाएं पैर में गोली लगी। तीन अन्य आरोपियों में नानकमत्ता निवासी गुरदेव सिंह उर्फ डेविड तथा रम्पुरा रुद्रपुर निवासी गौरव और भारत को भी पुलिस ने दबोच लिया। एसपी जीआरपी ने बताया कि लूट में पांच और आरोपियों के नाम सामने आए हैं जो फरार हैं। आरोपी गौरव स्पेयर पार्ट्स होलसेलर मंजीत सिंह के यहां काम करता था और वही पूरे प्लान का मास्टरमाइंड निकला। घायल आरोपी मिसरा सिंह का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर में मेडिकल परीक्षण कराया, इसके बाद सीएचसी के चिकित्साधिकारी डॉ. एसके व्यास ने घायल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।



पुलिस की गिरफ्त में आए चारों आरोपी। ● अमृत विचार

### आरोपी गौरव ने पत्नी की डिलीवरी को मांगे थे मालिक से रुपये, नहीं देने पर छोड़ी नौकरी

आरोपी रम्पुरा रुद्रपुर निवासी गौरव होलसेलर मंजीत के यहां काम करता था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने मालिक से पत्नी की डिलीवरी के लिए कुछ रुपये उधार मांगे थे। आरोप है कि मालिक ने पहले तो उधार देने के लिए हां कर दी, लेकिन मौके पर जब उधार रुपये मांगे तो मालिक ने मना कर दिया। इसके बाद गौरव ने वहां से नौकरी छोड़ दी, लेकिन मालिक से नफरत करने लगा। उसे पूरी जानकारी थी किस तरह कर्मी दिल्ली सामान लेने जाते हैं। सभी नौ आरोपियों ने पूरी रेकी कर कर्मियों से दुकान से चलने की पूरी जानकारी मिलती रही। पूरी प्लानिंग के तहत इस घटना को अंजाम दिया गया।

### पुलिस बताकर ली तलाशी व लूट ली रकम

मामले में जीआरपी पुलिस अधीक्षक आशुतोष शुक्ला ने बताया कि रुद्रपुर सिटी व बिलासपुर स्टेशन के बीच संपर्क क्रांति ट्रेन में यात्रा के दौरान तीन आरोपियों ने खुद को पुलिस बताकर दोनों कर्मियों पर तस्करी करने का आरोप लगाया। इसके बाद उनकी तलाशी लेने के बहाने उन्हें सीट से उठाकर यात्री डिब्बे के गेट पर ले गए। तमंचे के बल पर रितिक मंडल व उसके साथी साहिब सिंह से 2,50,000 रुपये व मोबाइल लूटे थे। इसके बाद थाना जीआरपी रामपुर तीन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार करने वाली टीम:** थानाध्यक्ष ईश्वरचंद्र थाना जीआरपी रामपुर, उपनिरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल पुष्पेन्द्र सिंह, कांस्टेबल नितिन कुमार, मुकेश कुमार, उप निरीक्षक संतोष मीणा आरपीएफ चौकी रुद्रपुर सिटी, उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह सीआईबी लालकुआं उत्तराखंड, उप निरीक्षक चंद्रवीर सिंह थाना बिलासपुर रामपुर, कांस्टेबल राहुल कुमार थाना बिलासपुर, कांस्टेबल सुनील कुमार, विवेक शामिल हैं।

### एक ही रात में दो घरों से लाखों का सामान पार

**सैदनगली (अमरोहा), अमृत विचार:** नगर पंचायत सैदनगली में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने दो घरों को निशाना बनाते हुए लाखों की नकदी और आभूषण चोरी कर लिए।

सब्दलपुर शर्की निवासी नन्हे ने बताया कि वह दिल्ली में मजदूरी करता है और घर पर परिवार रहता हैं। शनिवार देर रात चोरों ने कमरे के पीछे नकब लगाकर सोने की झुमकी, अंगूठी, चांदी की पाजेब, बच्चों के लॉकेट समेत भूसा खरीदने के लिए रखी नगदी पर हाथ साफ कर दिया। कीमत करीब एक लाख रुपये है। दूसरी घटना गांव निवासी कपिल पुत्र श्यामलाल के घर में हुई। चोर दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए, जबकि परिजन बरामदे में सो रहे थे। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखी करीब 60 से 70 हजार रुपये की नकदी, बच्चों की गुल्लक और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। इनमें सोने की लॉन्ग, पेंडल, मंगलसूत्र, अंगूठी, पाजे आदि शामिल हैं। पीड़ित ने कुल कीमत लगभग चार लाख बताई है। पीड़ितों ने तहरीर दी है। थाना प्रभारी विकास सहरावत ने बताया कि दोनों घटनाएं संज्ञान में हैं। जांच की जा रही है।

# भूसे से लदे ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** करनपुर-डिलारी मार्ग पर रविवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की जान चली गई, जबकि उसका तीन वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।



यशोदा उर्फ चुनमुन।

डिलारी क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 30 वर्षीय यशोदा उर्फ चुनमुन अपने पति मनीष कुमार और तीन वर्षीय पुत्र श्रेविक के साथ बाइक से मायके से ससुराल, थाना भगतपुर क्षेत्र के गांव बढ़ापुर कूरी जा रही थीं। इसी दौरान गांव रहटा माफी के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार भूसे से लदे ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत उपचार के लिए मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान यशोदा उर्फ चुनमुन ने दम तोड़ दिया, जबकि मासूम श्रेविक की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे में घायल पति का भी उपचार जारी है। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### झारखंड पुलिस की छापेमारी में किशोरी बरामद

**कैला देवी/संभल, अमृत विचार:** कैला देवी क्षेत्र के गांव शकरपुर में झारखंड पुलिस ने देर रात छापेमारी कर एक किशोरी को बरामद किया।

गांव निवासी एक व्यक्ति की ससुराल बिहार में है। उसके साढ़ू के लड़के की इंस्टाग्राम पर झारखंड की एक किशोरी से दोस्ती हो गई थी। बातचीत के बाद किशोरी बिहार पहुंच गई, जहां से उसे शकरपुर गांव लाया गया। जानकारी मिलने पर झारखंड पुलिस ने स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय कर गांव में देर रात दबिश दी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने किशोरी को सकुशल बरामद कर अपने साथ ले गई। पुलिस जांच कर रही है।

# दढ़ियाल में वाहन की चपेट में आने से तेंदुए की मौत

**दढ़ियाल, अमृत विचार:** मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर कोसी पुल के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से नर तेंदुए की मौत हो गई। तेंदुए का सड़क पर तड़पता देख मार्ग से निकल रहे राहगीरों ने वन विभाग को सूचना दी।

दढ़ियाल चौकी के अंतर्गत कोसी नदी पर बने पुल के पास रविवार सुबह करीब 7 बजे तेंदुए का शव देखा गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई की। स्थानीय लोगों में यह भी चर्चा है कि मृत तेंदुए के साथ एक मादा तेंदुआ भी थी, जो हादसे के बाद जंगल की ओर भाग गई। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, खासकर उन किसानों और राहगीरों में जो खेतों की ओर जाते हैं। क्षेत्र के लोग लंबे समय से तेंदुए को पकड़ने की मांग कर रहे थे। तेंदुआ मेवला फार्म और हुसैन स्टोन क्रेशर पर भी कई बार देखा जा चुका था, और एक बार सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ था। वन विभाग की टीम अब अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गई है, जिसने तेंदुए को टक्कर मारी थी। वन रेंजर रमाकांत सक्सेना ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद तेंदुए के शव का दाह संस्कार कर दिया गया है।



दढ़ियाल में सड़क पर मृत पड़ा तेंदुआ। ● अमृत विचार

**तेंदुए की दहशत के बीच वन विभाग का पिंजरा खाली :** मसवासी, अमृत विचारः मसवासी क्षेत्र में तेंदुए की बढ़ती दहशत के बीच वन विभाग हरकत में तो आया, लेकिन उसकी कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। कुंदनपुर के जंगल में तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है और उसमें बकरी को शिकार के तौर पर बांधा गया है, लेकिन ग्रामीण इसे नाकाफी और गलत स्थान पर किया गया प्रयास बता रहे हैं। बताया जाता है कि शनिवार सुबह करीमपुर के जंगल में तेंदुए ने एक कुत्ते को अपना शिकार बना लिया था। खेतों पर पहुंचे मजदूरों ने जब कुत्ते का क्षत-विक्षत शव देखा तो उनके होश उड़ गए और पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और तेंदुए के पदचिह्नों की तलाश की। रविवार को विभागीय टीम ने कुंदनपुर के जंगल में परमजीत के फार्म हाउस के पास पिंजरा लगाकर उसमें बकरी बांध दी।

### शाहबादगेट के समीप सड़क पर नमाज पढ़ने वाला युवक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचारः** शहर के व्यस्तम इलाके शाहबाद गेट के समीप एक युवक का सड़क पर नमाज पढ़ने का वीडियो वायरल हुआ था। रविवार रात को वीडियो तेजी से वायरल हुआ तो पुलिस हरकत में आ गई और पुलिस युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक की पहचान नईम निवासी धावनी हसनपुर, थाना बिलासपुर के रूप में हुई। वो सिविल लाइंस क्षेत्र के एक होटल में करता है। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने बताया कि वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया।

# ट्रैक्टर स्टार्ट होने से मासूम की दबकर मौत, एक गंभीर

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के गांव मवई ठाकरान में लग्न का सामान ले जाने की तैयारी के दौरान एक दर्दनाक हादसा हो गया। घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर के अचानक स्टार्ट हो जाने से 6 वर्षीय मासूम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी गन्नोपाल की बेटी की लग्न एचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र के गांव घंसूरपुर जा रही थी। इसी दौरान परिवार में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था। मिंटू का भांजा रचित (7), निवासी नूरियो सराय अपनी मां के साथ यहां आया हुआ था। वहीं गांव के देवेंद्र का बेटा सूर्यांश (6) भी मौजूद था। बताया जाता है कि लग्न का सामान ट्रैक्टर में लोड कर घर के बाहर खड़ा किया गया था। इसी बीच चार-पांच बच्चे खेलते-खेलते ट्रैक्टर के पास पहुंच गए। दो बच्चे, सूर्यांश और रचित, ट्रैक्टर के नीचे खड़े थे, जबकि अन्य बच्चे ट्रैक्टर पर चढ़ गए। खेल-खेल में किसी बच्चे ने ट्रैक्टर की चाबी घुमा दी, जिससे वह अचानक स्टार्ट हो गया। ट्रैक्टर के अचानक आगे बढ़ने से नीचे खड़े सूर्यांश और रचित दब गए। हादसे में सूर्यांश की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि रचित गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में घायल को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

### अभिभावकों का न हो शोषण, करें निगरानी

**पीलीभीत, अमृत विचार :** निजी स्कूलों में कोर्स और ड्रेस के नाम पर अभिभावकों के शोषण के शोर के बीच सख्ती की तैयारी भी जारी है।

बीएसए रोशनी सिंह ने समस्त खंड शिक्षाधिकारियों को इसे लेकर जिम्मेदारी सौंपी है। सख्त निर्देश दिए है कि कोई भी स्कूल अभिभावकों पर किसी खास दुकान से किताबें या ड्रेस खरीदने का दबाव न बनाए। शिक्षा के नाम पर व्यावसायिक दबाव और मनमानी फीस वृद्धि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ये भी कहा कि क्षेत्र के स्कूलों से ये प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि स्कूल प्रबंधन किसी भी परिवार को विवश नहीं करेगा। अगर कहीं कोई मामला पकड़ा जाता है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने टीम बनाकर नियमित निगरानी के निर्देश दिए हैं।

# कपड़े के गोदाम में आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव गोपीवाला में रविवार देर रात एक कपड़े के गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। करीब छह लाख रुपये का कपड़ा जलकर राख हो गया। जबकि गोदाम की दीवार और टीनशेड बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आग लगने के कारणों को लेकर पीड़ित ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आगजनी की आशंका जताई है।



गांव गोपीवाला में कपड़े के गोदाम में लगी आग बुझाते दमकल कर्मचारी।

- पीड़ित कारोबारी सदमे में आगजनी का लगाया आरोप

गांव निवासी अनवर अहमद का कपड़ों का गोदाम गांव में ही स्थित है। उन्होंने बताया कि रविवार की आधी रात वह गांव में एक दावत में थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने उन्हें सूचना दी कि उनके गोदाम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि गोदाम के अंदर से आग की लपटें उठ रही थीं, जबकि बाहर से ताला बंद था। सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। मुरादाबाद के कटघर से पहुंचीं फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया। तब तक गोदाम में रखा लाखों रुपये का कपड़ा जलकर नष्ट हो चुका था। आग की लपटें और धुआं देखकर गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। लोगों ने अपने स्तर से भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि काबू पाना मुश्किल हो गया।

पीड़ित का आरोप है कि गोदाम में किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर आग लगाई है, क्योंकि गोदाम बाहर से बंद था। फिलहाल मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और जांच की मांग की गई है। हादसे के बाद से परिवार सदमे में है।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रिजोला वि.खं. उसावां जनपद बदायूं

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रिजोला में निम्न विवरण के अनुसार कार्य करवाया जाना प्रस्तावित है उक्त फर्म/सामग्री आपूर्तिकर्ता अपन टेण्डर इण्टरलॉकिंग, बजरी, बजरफुट, सरिया व अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 25.04.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा करें। सीलबन्द लिफाफे दिनांक 25.04.2026 को ग्राम पंचायत के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | दलेलनगर में मेन रोड से लज्जाराम के घर तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। | 60x2.5 मी. | 263163.00 |
| 2. | दलेलनगर में लज्जाराम के घर से महेन्द्र के घर तक इंटरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। | 60x2.30 मी. | 244688.00 |

ग्राम प्रधान — सचिव

## कार्यालय ग्राम पंचायत खेड़ा किशनी पुख्ता वि.खं. उसावां जनपद बदायूं

### अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खेड़ा किशनी पुख्ता में निम्न विवरण के अनुसार कार्य कराया जाना प्रस्तावित है इच्छुक फर्म/सामग्री आपूर्तिकर्ता अपना टेण्डर, इण्टरलॉकिंग, बजरी, बजरफुट, सीमेन्ट, सरिया व अन्य सामग्री आपूर्ति हेतु सीलबन्द लिफाफे में दिनांक 21.04.2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर जमा करें। सीलबन्द लिफाफे दिनांक 21.04.2026 को ग्राम पंचायत के समक्ष खोला जायेगा।

| क्र. | कार्य का विवरण | कार्य की माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | कड्डी नगला में संभू के घर से जालिम के घर तक इंटरलॉकिंग & नाली निर्माण कार्य। | 47x2.80 मी. | 211316.00 |
| 2. | खेड़ा किशनी पुख्ता में पतपाल के घर से मारूफ के घर तक इण्टरलॉकिंग नाली कार्य। | 25x2.80 मी. | 112989.00 |
| 3. | खेड़ा किशनी पुख्ता में इण्टरलॉकिंग और नाली मरम्मत कार्य। | 90मी.x0.9 | 171709.00 |

ग्राम प्रधान — सचिव


### तीन तस्कर गिरफ्तार 92 किलो गांजा बरामद

**बरेली, अमृत विचारः** इज्जतनगर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 92.20 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। तस्करों से पुलिस ने एक कंटेनर और ई-रिक्शा भी कब्जे में लिया है।

इंस्पेक्टर सुरेश चंद्र गौतम ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने विलयधाम पर पचौरी पेट्रोल पंप से करीब 250 मीटर पहले तीन संदिग्धों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से तीन सफेद प्लास्टिक के कट्टों में 18 बंडल मिले, जिनमें कुल 92.224 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाकिर खां निवासी अभयपुर भोजीपुरा, सलमान निवासी घंघोरा करेली पीलीभीत और अमजद खां निवासी मिर्जापुर भुता के रूप में हुई। पुलिस ने तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# विवाद के चलते भगवान परशुराम मूर्ति स्थापना और शोभायात्रा पर लगी रोक

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचारः** भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर बहजोई ब्लॉक क्षेत्र के गांव राजपुर में विवाद व विरोध के चलते पुलिस प्रशासन ने परशुराम भगवान की मूर्ति स्थापना और शोभायात्रा पर रोक लगा दी। दो पक्षों के बीच संभावित विवाद को देखते हुए अधिकारियों ने स्थिति संभाली। हालांकि गांव में पुलिस बल तैनात है।

रविवार को राजपुर में ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने के साथ ही शोभायात्रा निकालने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच ठाकुर व अन्य समाज के लोगों ने आपत्ति जताई और इसे नई परंपरा बताते हुए विरोध किया। विरोध की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया। उपजिलाधिकारी नीतू सिंह, क्षेत्राधिकारी दीपक तिवारी और प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दोनों पक्षों के लोगों से अलग-अलग वार्ता कर समझाने का प्रयास किया। प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मूर्ति स्थापना और शोभायात्रा की अनुमति देने से इनकार कर दिया। अधिकारियों का कहना है कि यदि कार्यक्रम की अनुमति दी जाती तो दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ सकता था, जिससे क्षेत्र की शांति भंग होने का खतरा था। वहीं आयोजन की तैयारी कर रहे लोगों ने प्रशासन के फैसले पर नाराजगी जताई। उनका कहना था कि उन्होंने पूर्व में ही थाना पुलिस को अनुमति के लिए प्रार्थना पत्र दिया था और उन्हें मौखिक रूप से आश्वासन भी मिला था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि गांव में इस तरह की मूर्ति स्थापना और शोभायात्रा की कोई पूर्व परंपरा नहीं रही है।



आयोजकों से बात करते सीओ दीपक तिवारी व कोतवाल। ● अमृत विचार

- बहजोई के राजपुर गांव में पुलिस बल किया तैनात

# ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर बाइक सवार महिला की मौत

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचारः** हाईवे पर रविवार की सुबह बाइक सवार पति-पत्नी व बेटे को सामने से आ रही बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों नीचे सड़क पर गिर गए। इसी दौरान सीमेंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया महिला के सिर के ऊपर से उतर गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पति और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए । जिन्हें उपचार के बाद जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया।

मौलागढ़ की मिलक निवासी लक्ष्मी (45) रविवार सुबह साढ़े पांच बजे पति प्रेम किशोर और बड़े बेटे यश के साथ बाइक से गांव आटा स्थित पेट्रोल पंप के पास खेत पर जा रही थी। बहजोई रोड पर आंबेडकर पार्क के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उनकी बाइक का संतुलन बिगड़ गया और तीनों सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान चंदौसी की ओर से आ रही सीमेंट से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली का पहिया लक्ष्मी के ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार युवक अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गए। वहीं ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक भी वाहन छोड़कर भाग निकला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल प्रेम किशोर व यश को अस्पताल भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। लक्ष्मी अपने पीछे पति, बड़े बेटे यश और छोटे बेटे आशु को छोड़ गई हैं।

# सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग

## लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' की मुख्यमंत्री योगी ने की शुरुआत, सांस्कृतिक चेतना का दिया संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु सोमनाथ धाम के लिए विशेष ट्रेन से रवाना

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश' की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद भारत की सनातन आस्था अडिग रही है और आज भी मजबूती से आगे बढ़ रही है। "जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी अमर पथ का प्रतीक है," उन्होंने कहा।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने बार-बार भारत की संस्कृति और आस्था पर प्रहार किए, लेकिन वे इसे न तो तोड़ सके और न झुका पाए। सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बर्बरता के बावजूद सनातन धर्म की शक्ति अक्षुण्ण रही और आज "यतो धर्मस्ततो जयः" के भाव के साथ पुनः शिखर पर स्थापित हो रही है।

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाधाओं के बावजूद सरदार पटेल के दृढ़ संकल्प से मंदिर का पुनर्निर्माण संभव हुआ।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर सहित तीर्थों के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब काशी की जीवंतता, अयोध्या की मर्यादा, मथुरा-वृंदावन की भक्ति और प्रयागराज की समरसता एक साथ दिखाई देती है।



लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत यात्रियों को विशेष ट्रेन से रवाना करते मुख्यमंत्री योगी।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा के तहत प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु गुजरात स्थित सोमनाथ धाम के लिए विशेष ट्रेन से रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा देश को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री डॉ. संजय निषाद, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी पवन चौहान, मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल व अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात मौजूद रहे।

### अयोध्या का नाम आते ही गूंजता है 'जय श्री राम'

सीएम योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर की कल्पना कठिन थी, लेकिन आज देश-दुनिया में "जय श्री राम" का उद्घोष गूंज रहा है। अयोध्या का नाम सुनते ही हर भारतीय के मन में श्रद्धा उमड़ पड़ती है और वहां जाने की इच्छा जाग उठती है।

# श्रद्धालु बोले, सोमनाथ यात्रा से पूरी हुई वर्षों पुरानी इच्छा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री योगी का आभार जताया

**अमृत विचारः** प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने वर्षों से लंबित उनकी आस्था से जुड़ी इच्छा को सोमनाथ यात्रा से पूरा किया है।

प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा (उत्तर प्रदेश) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू हुई इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

मुजफ्फरनगर के सतीश कुमार भावुक होते हुए बोले कि वर्षों से बाबा सोमनाथ के दर्शन की इच्छा थी, लेकिन कभी अवसर नहीं मिला। इस पहल से उनका सपना साकार हुआ है। वहीं बरेली की बिंदु इशिका सिंघानिया ने कहा कि यह यात्रा केवल दर्शन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है, जिससे युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ सकेगी। आजमगढ़ के अनंत तिवारी ने इसे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि पहले साधन न होने के कारण लोग तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते थे, लेकिन अब सभी को समान अवसर मिल रहा है। मेरठ के अनंत राणा ने भी पहली बार सोमनाथ दर्शन के अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए सरकार का आभार जताया।

## न्यूज ब्रीफ

### 15 मेडिकल कॉलेजों को 625 करोड़ रुपये मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को बड़ी राहत देते हुए वेतन मद में 625 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत मानक मद-31 (सहायता अनुदान-सामान्य/वेतन) में प्रदान की गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह धनराशि फेज-1 के पांच, फेज-2 के आठ मेडिकल कॉलेजों के साथ जौनपुर और बलरामपुर मेडिकल कॉलेज को दी जाएगी। इस फैसले से प्रदेश के कुल 15 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को लाभ मिलेगा। बजट पाने वाले मेडिकल कॉलेजों में अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, एटा, फतेहपुर, गाजीपुर, हरदोई, मीरजापुर, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, देवरिया, जौनपुर तथा बलरामपुर के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

### शराब पीकर ड्यूटी करने पर वार्ड बॉय निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ:** बांदा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विसंडा में वार्ड बॉय द्वारा शराब के नशे में ड्यूटी करने और अधिकारियों के प्रति अमर्यादित व्यवहार करने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो 10 अप्रैल को वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित वार्ड बॉय सुशील कुमार के निलंबन के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा ने तत्काल प्रभाव से उसे निलंबित कर दिया। बताया गया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी ने पहले कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर यह कार्रवाई की गई। मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है।

### मातृशक्ति को पीएम मोदी के कार्यक्रम की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ:** वाराणसी में 28 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा ने सक्रियता तेज कर दी है। रविवार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर मंथन किया और इसकी कमान पूरी तरह मातृशक्ति को सौंप दी। बैठक में महानगर और जिला इकाइयों के साथ जनसंपर्क अभियान, बूथ स्तर तक जिम्मेदारियों के निर्धारण और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। खास बात यह रही कि महिला सहभागिता को केंद्र में रखते हुए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां दी गईं। उन्होंने जोर दिया कि यह आयोजन न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि महिला नेतृत्व और सामर्थ्य का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

### महिला रेल कर्मियों ने देखा जंगल सफारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कर्मचारी कल्याण निधि के तहत कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के लिए एक दिवसीय निशुल्क जंगल सफारी का आयोजन किया। कार्यक्रम में गोंडा और बलरामपुर की 18 महिला रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने दुर्लभ वन्यजीवों और वनस्पतियों का अवलोकन कर प्रकृति के करीब समय बिताया।

# कानपुर में पिता ने जुड़वां बेटियों का गला घोंटा, फिर चापड़ से काट डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पत्नी पर शक के चलते की हत्या मारने के बाद शवों के पास बैठा रहा पिता

**अमृत विचार :** पत्नी पर शक के चलते नौबस्ता में के-ब्लाक किदवई नगर में शनिवार देर रात पिता ने अपनी 11 वर्षीय जुड़वां बेटियों का गला घोटने के बाद चापड़ से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हत्यारोपी पिता शवों के साथ बैठा रहा। करीब डेढ़ घंटे बाद खुद पुलिस को फोन करके वारदात की सूचना दी और हत्या कबूल की। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ डीसीपी साउथ मौके पर पहुंचे। कमरे में फर्श पर दोनों बेटियों के खून से लथपथ शव मिले।

पुलिस ने दूसरा कमरा खुलवाया तो हत्यारोपी की पत्नी व बेटा अंदर सोते मिले। बेटियों की हत्या का पता चलने पर मां चीख पड़ी। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात रात करीब एक से तीन बजे के बीच हुई है। भोर पहर 4.32 बजे हत्या की खबर पुलिस को मिली। पुलिस ने जांच की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए।


हत्यारोपी शशि रंजन।

मूलरूप से बिहार के गया निवासी शशि रंजन मिश्रा चंडीगढ़ की वन रेमेडीज कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। नौबस्ता में के-ब्लाक किदवईनगर स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-टू में किराये पर रहता है। शशि रंजन ने सिलीगुड़ी कलीमनगर की रहने वाली रेशमा से 2014 में मंदिर में प्रेम विवाह किया था। रेशमा स्वरूपनगर स्थित पार्लर में काम करती थी, जहां दोनों की मुलाकात हुई थी। शशि की दोनों 11 वर्षीय जुड़वां बेटियां रिद्धि व सिद्धि मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा पांच की छात्राएं थीं। बेटा रुद्रव यूकेजी का छात्र है। पुलिस के अनुसार आरोपी शशि ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि शनिवार रात सभी ने साथ में खाना खाया। इसके बाद वह बेटियों को अपने कमरे में लेकर चला गया, जबकि पत्नी बेटे के साथ दूसरे कमरे में सोने चली गई। आदत के अनुसार वह देर रात तक मोबाइल चलाता रहा। इसके बाद मकान की अधिकांश लाइट बंद कर दीं। जिससे घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ स्पष्ट न दिखे। पत्नी रेशमा व बेटे के दूसरे कमरे में सो जाने पर रात करीब ढाई बजे वह एक बेटी को लेकर वॉशरूम गया और फिर वापस आकर लाइट बंद कर दी। इसके बाद उसने दोनों बेटियों का गला दबाकर बेहोश किया। फिर जमीन पर लिटाकर चापड़ से गला काटा व हथौड़े से वार किया।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक पर सियासी संग्राम

## 33 प्रतिशत आरक्षण बिल गिरने पर महिला नेताओं ने जताया कड़ा विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पारित न होने के बाद प्रदेश में सियासत गरमा गई है। भाजपा की महिला नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने विपक्षी दलों पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है।

महिला नेताओं का कहना है कि यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा था, लेकिन विपक्ष ने इसे पारित नहीं होने दिया। इसे नारी विरोधी कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष की यह राजनीति आगामी चुनावों में उसे भारी पड़ेगी।

प्रदेश सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि क्या सिर्फ डिम्पल यादव को ही संसद में जाने का अधिकार है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है।

मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसमें तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का समय आया, तो विपक्ष ने बाधा डाल दी।

मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि विपक्ष का मूल स्वभाव ही विकास कार्यों में अड़ंगा लगाने का रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को आरक्षण मिलने से सशक्त भारत का सपना साकार होता, जिसे विपक्ष नहीं चाहता।

भाजपा विधायक अदिति सिंह ने कहा कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश के विकास को नई गति मिलेगी, लेकिन परिवारवाद की राजनीति करने वाले दल इसका विरोध कर रहे हैं।

### काला दिवस के रूप में जाना जाएगा 17 अप्रैल : अन्नपूर्णा देवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और 17 अप्रैल को "काला दिवस" बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से विधेयक का विरोध किया।

भाजपा राज्य मुख्यालय पर मुख्यमंत्री योगी से पहले उन्होंने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा सार्थक रही, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सहित विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इन दलों ने हमेशा की तरह इस बार भी विधेयक को लटकाने, भटकाने और अटकाने की राजनीति अपनाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की महिलाएं अब अधिक जागरूक और सशक्त हो चुकी हैं तथा हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी।


प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

# नई पीढ़ी की महिलाएं भाजपा के झांसे में नहीं आने वाली

## महिला आरक्षण बिल पर सपा प्रमुख अखिलेश ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक में हार के बाद भाजपा में बौखलाहट और हताशा है। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि जब बीती रात 8 बजे प्रधानमंत्री के संबोधन की खबर आई, तो सबको लगा कि शायद किसी महिला को प्रधानमंत्री बनाने का ऐतिहासिक ऐलान होगा, लेकिन हाथ सिर्फ मायूसी हाथ लगी।


सपा प्रमुख अखिलेश यादव

पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह पार्टी पहले लोगों को बांटती है और फिर उन्हें डराकर अपने पाले में लाने की कोशिश करती है, लेकिन अब यह भय का खेल जनता के बीच नहीं चलने वाला। भाजपा पुरानी सोच वाली महिलाओं को तो शायद वे गुमराह कर लें, लेकिन आज के दौर की जागरूक और पढ़ी-लिखी महिलाएं समझ चुकी हैं। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के नाम पर वह अपनी मनमानी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष विशेषकर उत्तर प्रदेश में सपा का विरोध प्रायोजित षड्यंत्र के तहत कर रही है। भाजपा के दूषित और भ्रामक प्रचार तंत्र के जवाब धरना-प्रदर्शन के बजाय सपा की महिलाओं और कार्यकर्ताओं को संयम से काम लेना चाहिए और धरना-प्रदर्शन से बचना चाहिए।

### चाय पिलाने वाले को भेंट किए पीतल के बर्तन

**अमृत विचार :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फतेहपुर में जिस चाय वाले के यहां पर चाय पी थी। उस चाय वाले शेषमन यादव को सपा कार्यालय में पीतल के बर्तन भेंट किए। चाय दुकान चलाने वाले शेषमन ने बताया कि अखिलेश भैया के दुकान पर आने के बाद 16 अप्रैल को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारी आए और पूछा कि एल्युमिनियम के बर्तन में चाय क्यों बनाते हो ? उन्होंने दुकान बंद करने की चेतावनी दी थी। दुकान चलाना मुश्किल कर दिया था। साथ ही कहा कि यह सरकार गरीबों को परेशान कर रही है।

# हैदराबाद से पाकिस्तानी हैंडलर्स तैयार कर रहे आतंक का नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एटीएस व बिजनौर पुलिस कर रही मास्टरमाइंड समेत तीन अन्य आरोपियों की तलाश

**अमृत विचारः** देश में हिंसात्मक गतिविधियों और सांप्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश रच रहे एक संगठित नेटवर्क का एटीएस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि दुबई और दक्षिण अफ्रीका में बैठे युवक पाकिस्तानी हैंडलर्स के निर्देश पर इस गिरोह का संचालन कर रहे थे, जबकि हैदराबाद से इसका नेटवर्क सक्रिय रूप से संचालित हो रहा था।

एटीएस ने 3 अप्रैल को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास से साकिब, अरबाब, विकास और लोकेश को गिरफ्तार किया था। इसके बाद हापुड़ पुलिस ने अजीम राणा को दबोचा, जबकि बिजनौर पुलिस ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से दिल्ली पहुंचे आरोपी मैजुल को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। अब तक इस मामले में सात आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी आकिब और उसका साथी आजाद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है और उनकी तलाश जारी है।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए युवाओं को भड़काकर उन्हें देशविरोधी और आतंकी गतिविधियों से जोड़ने का काम कर रहे थे। आरोपियों के पास से बरामद सात मोबाइल फोन में आगजनी, विस्फोट और हथियारों के प्रदर्शन से जुड़े कई आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। एक वीडियो में मुख्य आरोपी आकिब एके-47 और हैंड ग्रेनेड के साथ दिखाई दिया, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया था।

एटीएस की जांच में हैदराबाद कनेक्शन भी उजागर हुआ है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों के तार पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क से जुड़े हैं। अजीम राणा के माध्यम से हैदराबाद में संपर्क स्थापित किए गए थे, जहां से नेटवर्क को दिशा मिल रही थी। इसके अलावा, कुछ आरोपी सैलून में काम करते हुए युवाओं को जोड़ने और उन्हें भड़काने का काम कर रहे थे।

मामले में एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां लगातार पूछताछ कर नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने में जुटी हैं।

# सखी एप से जुड़ नहीं पाए स्वयं सहायता समूह, कई जिलों की प्रगति खराब

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह संगठित नहीं हो पाए हैं। समूहों को ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ से जोड़ने के लिए सखी एप (लोकोश) पर मैप करने में कई जिलों की प्रगति खराब है। इस कारण समूह को धनराशि निर्गत नहीं हो पा रही है।

मिशन के तहत गांव-गांव संचालित समूहों के माध्यम से महिलाएं घर बैठे बड़ा-छोटा काम करके आजीविका चलाती हैं। इन समूह को और बेहतर व हाईटेक बनाने के लिए ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर पर संगठित करना है। पहले समूहों को लोकोस एप पर मैपिंग करके ग्राम संगठन से जोड़ना है। इसके बाद ग्राम संगठन को संकुल स्तरीय संघ से जोड़ना है। मिशन स्तर पर समीक्षा की गई तो ग्राम संगठन में हाथरस, गाजीपुर, ललितपुर, महारागंज, बलिया, शाहजहांपुर, सीतापुर आदि जिलों की प्रगति बेहद खराब मिली। जबकि संकुल स्तरीय संघ में महाराजगंज, बरेली, गाजीपुर, उन्नाव और मुरादाबाद की प्रगति सर्वाधिक खराब मिली। इस कारण समूहों को मिशन द्वारा सीआईएफ की धनराशि निर्गत करना संभव नहीं हो पा रहा है। मिशन से मिलने वाली धनराशि से ही समूहों का संचालन होता है। भुगतान के लिए समूहों का ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ से 100 फीसद मैप होना जरूरी है। मिशन निदेशक ने 100 फीसद लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए हैं।

### डिप्थीरिया-टिटनेस से बचाव को टीडी टीकाकरण अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ:** डिप्थीरिया और टिटनेस जैसे गंभीर संक्रामक रोगों से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रदेश में सोमवार से 30 अप्रैल तक स्कूल-आधारित टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित होगा। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि डिप्थीरिया के मौसमी खतरे को देखते हुए 20, 21, 23, 24, 27 और 28 अप्रैल को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान कक्षा 1 के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर, कक्षा 4 व 5 के बच्चों को टीडी-10 तथा कक्षा 10 व 11 के छात्रों को टीडी-16 का टीका लगाया जाएगा।

पहल | 6 जिलों के 50 केंद्रों पर 39 हजार अभ्यर्थियों ने दी सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा

# एआई निगरानी और ओएमआर स्कैनिंग से हुई पारदर्शी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से सहायक आचार्य की लिखित पुनर्परीक्षा शनिवार और रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। 16 विषयों की यह परीक्षा प्रदेश के छह जिलों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के 50 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई। एआई निगरानी और प्रयागराज में ओएमआर स्कैनिंग के पायलट प्रोजेक्स से पारदर्शिता की नई पहल सामने आई।


पुनर्परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार।

परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 बजे और दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक आयोजित की गई। आयोग ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी केंद्रों की निगरानी की।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने स्वयं प्रयागराज के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक अभिनव प्रयोग के तहत पांच केंद्रों पर ओएमआर शीट की स्कैनिंग परीक्षा समाप्त होते ही परीक्षार्थियों और कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति में कराई गई। इस प्रक्रिया की समीक्षा भी अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर की। दो दिनों में कुल 39,192 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 18 अप्रैल को 19,718 परीक्षार्थी और 19 अप्रैल को 19,474 परीक्षार्थी शामिल हुए।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा में 18.29 फीसद बढ़े विद्यार्थी

**अमृत विचार, लखनऊ:** वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं की संख्या में 18 .29 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में जहां 68,423 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, वहीं इस बार 80,933 परीक्षार्थी शामिल हुए। यानी कुल 12,510 छात्रों की बढ़ोतरी हुई है। मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षाएं 9 फरवरी को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई थीं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि रीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष बनाने के लिए इस बार व्यापक इंतजाम किए गए थे। मदरसा शिक्षा परिषद के अनुसार, परीक्षा परिणाम मई माह में जारी किए जाने की तैयारी अंतिम चरण में है।

# महिलाओं को गन्ना समिति परिसर में मिलेगा मुफ्त स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो विभागों के बीच एमओयू, स्वयं सहायता समूह खोलेंगे प्रेरणा कैंटीन व मार्केटिंग सेंटर

**अमृत विचारः** अब गन्ना सहकारी समितियों के परिसरों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए निशुल्क स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल के तहत महिलाएं 'प्रेरणा कैंटीन' और अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के लिए मार्केटिंग सेंटर संचालित कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच इस संबंध में एमओयू साइन किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, गन्ना समितियां अपने परिसरों में उपलब्ध खाली स्थान को महिलाओं के समूहों को देंगी। शुरुआती दो वर्षों तक इन स्थानों के लिए कोई किराया नहीं लिया जाएगा। इसके बाद भी महिलाओं को केवल 50 प्रतिशत किराया ही देना होगा, जो जिला प्रशासन द्वारा तय सर्किल रेट के अनुसार निर्धारित होगा।



आपके जीवन में सबसे महत्वपूर्ण दो दिन होते हैं, एक तो वह दिन जिस दिन आप पैदा होते हैं और दूसरा वह दिन जब आपको पता चलता है कि आपका जन्म क्यों हुआ है।
-मार्क ट्वेन, अमेरिकी लेखक

# होर्मुज में हमला

पश्चिम एशिया के उथल-पुथल भरे परिदृश्य में भारतीय जहाजों पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की गोलाबारी जटिल भू-राजनीतिक संकेत है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से विश्व की लगभग एक-तिहाई तेल आपूर्ति गुजरती है, उस क्षेत्र में कोई भी टकराव वैश्विक संकट में बदल सकता है। ऐसे में भारतीय ध्वज वाले जहाजों को निशाना बनाना एक गंभीर सैन्य घटना है। जिन जहाजों ने ईरान द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया, अनुमति ली और जिनकी पहचान स्पष्ट थी, उन्हें निशाना बनाना ईरान की उस आक्रामक समुद्री नीति का हिस्सा हो सकता है, जिसका 'रणनीतिक संदेश' यह है कि वह अपने प्रभाव क्षेत्र में हर आवाजाही पर नियंत्रण रखता है, परंतु यह रणनीति जोखिमपूर्ण है, क्योंकि इससे तटस्थ या मित्र देशों का भरोसा भी डगमगाता है।

सवाल यह है कि ईरान, जिसने पहले भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने का आश्वासन दिया था, अचानक आक्रामक क्यों हुआ? इसके कई संभावित कारण हैं। पहला, क्षेत्रीय युद्ध का दबाव— इजराइल-ईरान तनाव और अमेरिकी सैन्य उपस्थिति ने ईरान को अधिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों बना दिया है। दूसरा, 'संदेश की राजनीति', ईरान अपने विरोधियों के साथ-साथ तटस्थ देशों को भी यह संकेत देना चाहता है कि क्षेत्र में उसकी शर्तें सर्वोपरि हैं। तीसरा, भारत का संतुलनकारी रुख- भारत के अमेरिका और खाड़ी देशों के साथ बढ़ते सामरिक संबंध ईरान को असहज कर सकते हैं, भले ही भारत ने कभी खुलकर विरोध नहीं किया हो। भारत को 'मित्र देशों' की सूची में रखने के बावजूद उसके प्रति ऐसा रुख दर्शाता है कि युद्धकालीन समीकरण स्थायी नहीं होते। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मित्रता अक्सर हितों से संचालित होती है, न कि भावनाओं से। यही कारण है कि भारतीय विरोध दर्ज कराने के बावजूद तेहरान की ओर से तत्काल खेद या स्पष्टीकरण नहीं आया। यह भी संभव है कि ऐसे हमले स्थानीय कमांड स्तर पर हुए हों, परंतु इतनी बड़ी संख्या में भारतीय जहाजों को निशाना बनाना संकेत देता है कि यह नीति-स्तर की स्वीकृति के बिना संभव नहीं। सरकार के सामने दुविधा है, क्या वह इसे युद्ध की 'सामान्य घटना' मानकर नजरअंदाज कर दे या कूटनीति की अपनी दिशा बदले? नजरअंदाज करना खतरनाक होगा, क्योंकि इससे भारतीय समुद्री हितों की सुरक्षा कमजोर पड़ेगी। वहीं, अत्यधिक आक्रामक प्रतिक्रिया भी भारत की संतुलनकारी विदेश नीति को नुकसान पहुंचा सकती है। फिलहाल भारत को कूटनीतिक दबाव बनाते हुए तेहरान से स्पष्टीकरण और सुरक्षा आश्वासन की मांग करने के साथ बहुपक्षीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाना चाहिए।

हमने पहले भी अपने व्यापारिक जहाजों को भारतीय नौसेना का एस्कॉर्ट दिया है, इसे फिर करना चाहिए। इन सबके साथ अमेरिका, खाड़ी देशों और ईरान के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा का प्रयास करना चाहिए। वैसे भी पश्चिम एशिया का संघर्ष अब बहुस्तरीय उलझाव बन चुका है, जहां हर देश अपने हितों के अनुसार चाल चल रहा है। पाकिस्तान में संभावित वार्ता इस जटिलता से तुरंत निजात नहीं दिलाने वाली, सो भारत को संयम और दृढ़ता दोनों का संतुलन साधना होगा।

## प्रसंगवश

# देश में प्राथमिक शिक्षा की रीढ़ हैं सरकारी स्कूल

शिक्षा वह शक्तिशाली हथियार है, जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला का यह कथन शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भारत में शिक्षा का विस्तार सरकारी स्कूलों से ही संभव हुआ है। सरकारी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय आदि न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि वे सामाजिक समानता, राष्ट्रीय एकता, विश्व बंधुत्व, समावेशी विकास तथा नैतिकता के मजबूत स्तंभ भी रहे हैं। आज भी देश के अधिकतर नीति निर्माता, शीर्षस्थ पदों में विराजित राजनेता, शिक्षक, कवि, लेखक, विचारक आदि सरकारी विद्यालयों से ही पठित हैं। वास्तव में सरकारी विद्यालय हमारे देश का गौरव हैं।

भारत के शिक्षा मंत्रालय के अनुसार देश में लगभग 14 लाख से अधिक स्कूल हैं, जिनमें से अधिकांश सरकारी विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में करोड़ों विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि आज भी भारत में शिक्षा की रीढ़ सरकारी विद्यालय ही हैं। सरकारी विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समाज के हर वर्ग के लिए खुले होते हैं, वहां किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होता, क्योंकि यहां अमीर-गरीब, शहर-गांव, सभी बच्चे एक साथ बैठकर शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा शिक्षणेत्तर गतिविधियों में प्रतिभाग भी करते हैं, जिससे छात्रों में सामाजिक समरसता और समानता की भावना विकसित होती है, क्योंकि सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में समरसता, समानता और मानवीय संवेदना की भावना दृढ़ होना जरूरी है।



डॉ. हेमंत जोशी
शिक्षक

सरकारी विद्यालय अपने छात्रों को मूल्यों तथा प्राणी मात्र की मूल जीवन संजीवनी के साथ जोड़ने का सतत् प्रयास करते हुए राष्ट्रीय हितों के साथ जोड़ते हैं, जो केवल एक औपचारिकता मात्र नहीं, अपितु भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को विद्यालय स्तर से ही तैयार करना है और जिससे छात्रों में जागरूकता आती भी रही है। निजी विद्यालयों की तुलना में सरकारी विद्यालय शिक्षा को अधिक लोकतांत्रिक बनाते हैं।

सरकार द्वारा संचालित होने के कारण इन विद्यालयों में शिक्षा लगभग निःशुल्क होती है। इसके अतिरिक्त छात्रों को कई योजनाओं का लाभ भी मिलता है, जो विकासशील देश में जरूरी रहा है। उदाहरण के लिए- मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है, जिससे न केवल उनकी उपस्थिति बढ़ती है बल्कि इससे विगत कई वर्षों में कुपोषण भी कम होता आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस योजना से देश के 10 करोड़ से अधिक बच्चे लाभान्वित होते हैं। इसके साथ ही निःशुल्क पुस्तकें, गणवेश और विभिन्न छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती हैं।

यह कहना गलत होगा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निम्न है। आज अनेक सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षक कार्यरत हैं। कई राज्यों में सरकारी विद्यालयों के छात्र बोर्ड परीक्षाओं में निजी विद्यालयों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकारी सेवाओं में भी इन्हीं छात्रों की उपस्थिति अधिकतर दिखाई दे रही है। उदाहरण के रूप में केरल और दिल्ली के सरकारी विद्यालयों ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम और भौतिक संसाधन देशभर में एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। अन्य राज्य भी इसका अनुकरण कर रहे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# भारत के जहाज पर ईरानी गोलीबारी का दुस्साहस





नवीन गुप्ता
बरेली

ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब कर रहा है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझ रहा है। हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है।

अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता जल्द होने वाली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात के संकेत दिए हैं, लेकिन ईरान के राष्ट्रपति अब भी अपनी जिद पर कायम हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के बाद दोबारा बंद करना और भारतीय जहाजों पर फायरिंग इस बात का संकेत है कि ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब करना चाहता है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझने को तैयार है, हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने ईरान को इस तरह की कार्रवाई पर परिणाम भुगतने के संकेत दिए हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच पहले दौर की शांति वार्ता के नाकाम होने के बाद यह लगा था कि युद्ध पुनः भड़क सकता है, लेकिन घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पड़ रहे दबाव के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किसी तरह की कार्रवाई न करने के संकेत दिए, हालांकि वे अब भी अपनी बात पर कायम हैं, लेकिन बीच-बीच में उनके द्वारा ईरान को भड़काने वाले बयान भी दिए जा रहे हैं। इस वजह से ईरान खफा है और उसने ट्रंप को चिढ़ाने के लिए ही होर्मुज को पुनः बंद कर दिया, जबकि इजरायल और हिजबुल्ला के बीच युद्ध विराम के बाद ही होर्मुज को ईरान ने खोल दिया था।

खुद उसके विदेश मंत्री ने इसकी घोषणा की थी और जहाजों की आवाजाही भी शुरू हो गई थी, लेकिन यह होर्मुज खोलने का आदेश बहुत दिनों तक नहीं चला। बमुश्किल 24 घंटे में ही ईरान अपनी बातों से पलट गया और इसका ठीकरा उसने ट्रंप पर फोड़ दिया। ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अपने परमाणु बम बनाने के कार्यक्रम से पीछे हट जाएगा और संवर्धित यूरेनियम उसे सौंप देगा। इस दावे से ही ईरान के विदेश मंत्री चिढ़ गए और उन्होंने होर्मुज को न सिर्फ बंद करा दिया, बल्कि उनकी नौसेना ने भारतीय जहाजों पर फायरिंग का दुस्साहस भी कर दिया, हालांकि भारतीय चालक दल को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। रणनीतिकार मानते हैं कि ईरान ने यह कार्रवाई पाकिस्तान के उकसावे की वजह से की है, अन्यथा भारतीय क्रूड ऑयल टैंकर 'जग अर्णव' और 'सनमार हेराल्ड' पर ईरानी नौसेना फायरिंग नहीं करती।

भारत ने साफ कर दिया है कि इस तरह की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर ऐसे कदम दोहराए गए, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स वहां होर्मुज में भारत से भी टैक्स वसूलना चाहता है, लेकिन भारत किसी भी हालत में टैक्स देने को तैयार नहीं है। इससे भी रिवोल्यूशनरी गार्ड चिढ़े हुए हैं, हालांकि भारत के सख्त रुख से अब ईरान परेशान है और सफाई दे रहा है। उधर, भारत को उम्मीद है कि ईरान और अमेरिका की बीच दूसरे दौर की वार्ता के बाद पूर्ण रूप से युद्ध विराम होगा और शांति आएगी। इसके बाद हालात सुधरेंगे तब तक वह ईरान को भी अपने सख्त रुख से भारतीय जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही के लिए मना लेगा।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दूसरे दौर की वार्ता की पुष्टि कर दी है। यह वार्ता पुनः इस्लामाबाद में होगी। पाकिस्तान का दावा है कि इस बार अपनी-अपनी शर्तों पर दोनों देश झुकेंगे और पूर्ण रूप से युद्ध विराम हो जाएगा, हालांकि विदेशी मामलों के जानकार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि ट्रंप बिना यूरेनियम पर कब्जा किए किसी भी स्थिति में वार्ता को सफल नहीं मानेंगे। ईरान भी यूरेनियम उन्हें नहीं देगा।

ऐसे में पूर्ण रूप से युद्ध विराम होना मुश्किल है। ट्रंप को भी पता है कि ईरान उनकी इस शर्त को तो कभी नहीं मानेगा और होर्मुज में टैक्स वसूलने, विदेशों में फ्रीज ईरान की संपत्तियों को मुक्त करने की मांग को ट्रंप कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि वे ऐसा करते हैं, तो उनकी हार मानी जाएगी और यह स्थिति उनके लिए ठीक नहीं होगी, इसीलिए ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह धमकी दी है। अगर बातचीत विफल होती है, तो ईरान के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी और उनके बुनियादी ढांचे पर हमले करते हुए सब कुछ तबाह कर दिया जाएगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा 'मेरे प्रतिनिधि इस्लामाबाद पाकिस्तान जा रहे हैं। वे कल शाम वहां बातचीत के लिए पहुंचेंगे। हम एक बहुत ही निष्पक्ष और उचित डील का प्रस्ताव दे रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वे (ईरानी) इसे स्वीकार करेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिकी सेना ईरान के सभी पॉवर प्लांटों को तबाह करेगी। उनकी इस पोस्ट को ईरान ने उकसावे की कार्रवाई माना है। वैसे अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट को घेर रखा है। वहां से ईरान के जहाज भी नहीं निकल पा रहे हैं।

अगर ईरान अपने तेलों का निर्यात नहीं कर पाएगा, तो उसकी अर्थव्यवस्था और खराब होगी। ऐसी स्थिति में वहां जनता सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगी और फिर ट्रंप जो चाहते हैं, उनकी मंशा पूरी हो जाएगी। ईरान को भी पता है कि यदि वह समझौता नहीं हुआ, तो उसके यहां भुखमरी की स्थिति आ जाएगी, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमाराई हुई है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने भी माना है कि युद्ध विराम समझौते का लेकर चल रही वार्ता में प्रगति हुई है। दूसरे दौर की वार्ता को लेकर चल रही कवायद पर पूरी दुनिया की निगाह टिकी हुई है। अब देखना यह है कि क्या परिणाम आते हैं।

## आमने सामने



विपक्ष ने इस बिल को हराकर महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई है। इसका 'पाप' उन्हें आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान और चार मई को आने वाले नतीजे ही अब तय करेंगे कि बंगाल की जनता ने किसके दावों पर भरोसा किया है।
-नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री

मोदी सरकार महिला आरक्षण को एक 'ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रही है, जबकि उनका असली मकसद परिसीमन के जरिए उन राज्यों में सीटें बढ़ाना है, जहां भाजपा का दबदबा है। 2023 में बिल पास होने के बाद तीन साल तक इंतजार क्यों किया गया? यह डॉ. अंबेडकर के संविधान के साथ छेड़छाड़ है।
-ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल



# 2023 में पास महिला आरक्षण बिल कब होगा लागू



सौरभ वार्ष्णेय
वरिष्ठ पत्रकार

2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है। सवाल उठ रहा है कि जब इसे अभी लागू ही नहीं किया, तो संशोधन बिल लाने की जरूरत क्यों पड़ी?

महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान भागीदारी देने के उद्देश्य से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम माना गया, लेकिन यह सवाल स्वाभाविक है कि जब यह कानून संसद से पारित हो चुका है, तो इसका असर अभी तक ज़मीनी स्तर पर क्यों नहीं दिख रहा? दरअसल इस अधिनियम के लागू होने में देरी का कारण इसकी संरचना और उससे जुड़ी शर्तें हैं। देश की संसद में 31वां संशोधन बिल लोकसभा में गिर गया, जो कि बहुत ही निराशाजनक है। संसद के विशेष सत्र में लंबी चली बहस में मतभेदों के सुर के आलावा आपसी राजनीति के आलावा कुछ समझ नहीं आया।

सरकार को इस संशोधन बिल को पास करवाने के लिए दो-तिहाई वोटों की जरूरत थी, लेकिन पक्ष में सिर्फ 298 वोट पड़े। विरोध में 230 वोट पड़े, जो दो तिहाई से बहुत कम है। इस बिल को पास करवाने की नरेंद्र मोदी सरकार की हर कोशिश नाकाम साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरआत्मा की आवाज सुनने वाली अपील भी कुछ खास असर नहीं दिखा पाई। अब सवाल यह है कि अब नहीं तो महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण कब मिलेगा?

सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है, लेकिन जब अभी तक इसे लागू ही नहीं किया गया तो संशोधन बिल लाने की क्या जरूरत पड़ी। महिलाओं के लिए कोटा 2034 से पहले संभव हो पाएगा या फिर बीच की कोई और राह अभी भी निकल सकती है? ये कह पाना मुश्किल है कि बिल अब कब लागू हो पाएगा? जबकि यह अब कानून बन चुका है।

मान लीजिए कि सरकार और विपक्ष के बीच आने वाले समय में बिल पर कोई सहमति बन जाती है फिर भी महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव के पहले लागू होना मुश्किल लगता है। 2023 के मूल कानून के हिसाब से संसद के दोनों सदनों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तभी लागू होना था, जब अगली जनगणना पूरी हो जाए। अभी जनगणना चल रही है। इसे पूरा होने में वक्त लगेगा। इसके बाद सीटों का डिलिमिटेशन यानी कि नया बंटवारा भी होगा, जबकि नए बिलों के हिसाब से महिला आरक्षण को 2029 तक लागू होना था। इसके लिए सीटों का बंटवारा 2011 की जनगणना के आधार किया जाना था, लेकिन ये हो नहीं सका।

केंद्र सरकार 31वें संशोधन बिल में दक्षिणी राज्यों की सीटें बढ़ाने जैसे कुछ बदलाव कर सकती है। मतलब यह कि 2011 के बजाय 2027 की जनगणना को आधार बनाया जाए। इसके बाद बिल को नए सिरे से पेश किया जाए। सहमति बनाने के लिए विपक्ष के सुझाव लिए जाएं। कई विश्लेषकों का कहना है कि ओबीसी महिलाओं के लिए अलग उप-कोटा देने से पहले पूरे ओबीसी समुदाय के लिए ही राजनीतिक आरक्षण को संविधान में शामिल करना होगा। फिलहाल ओबीसी आरक्षण शिक्षा और नौकरी तक सीमित है, विधायिकाओं में नहीं।

महिलाओं के बिल के पिछले प्रयास (1996, 1997, 1998, 2008-2010) ओबीसी उप-कोटा की मांगों की वजह से ही अटकते रहे। यही पुरानी खाई 2023-26 की बहस में भी दिखाई दी। बीजेपी ने ओबीसी वोट बैंक में बड़ा विस्तार किया है। विश्लेषकों का तर्क है कि अगर वह अभी ओबीसी राजनीतिक आरक्षण का दरवाज़ा खोलती है, तो सीट शेयर, 50 प्रतिशत कैप और आंतरिक उप-वर्गीकरण पर बड़े विवाद खड़े हो सकते हैं, जिसे वह टालना चाहती है।

विपक्ष लगातार ओबीसी महिलाओं के अलग कोटे की मांग कर रहा है। वह आरोप लगा रहा है कि बीजेपी महिला आरक्षण का क्रेडिट तो लेना चाहती है, लेकिन ओबीसी महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक हिस्सेदारी देने से बच रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण पर फैसलों में कहा है कि कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से ज़्यादा नहीं दिया जा सकता और ओबीसी कोटा के लिए समकालीन, भरोसेमंद तथ्यात्मक डेटा ज़रूरी है। यही तर्क राष्ट्रीय स्तर पर भी उठेगा। संसद चाहे तो संविधान में संशोधन कर लोकसभा-विधानसभाओं में ओबीसी वर्ग के लिए राजनीतिक आरक्षण और उसमें से ओबीसी महिलाओं का उप-कोटा तय कर सकती है। भले ही नई जातिगत जनगणना पूरी नहीं हुई हो।

संविधान किसी विशेष डेटा स्रोत को अनिवार्य नहीं ठहराता, लेकिन किस जाति समूह को कितना हिस्सा मिलेगा, इसका आधार तय करने के लिए ठोस, नए और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य जातिगत आंकड़े जरूरी होंगे, वरना अदालतों में इसे मनमाना मानकर चुनौती दी जा सकती है। अब आगे महिलाओं को ही मुखर होकर आगे आना होगा। इन पार्टियों को समझाना पड़ेगा कि आधी आबादी को संसद से क्यों वचिंत रखना चाहते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# कहानी सिल्वेस्टर की

1000 ऑडिशन में 'बदसूरत' कहकर रिजेक्ट किया गया एक लड़का बीवी की प्रेग्नेंसी के खर्च के लिए अपना सबसे प्यारा कुत्ता बेचने को मजबूर हुआ। वही इंसान आगे चलकर बना दुनिया का नंबर वन एक्शन हीरो! यह कहानी है सिल्वेस्टर स्टेलोन की। एक ऐसी प्रेरणा, जो बताती है कि हालात चाहे कितने भी खराब क्यों न हों, अगर हौसला मजबूत हो तो किस्मत बदलते देर नहीं लगती।



कैलाश गोयल
कारोबारी

6 जुलाई 1946 को न्यूयॉर्क के हेल्स किचन में जन्मे स्टेलोन का जीवन शुरुआत से ही आसान नहीं था। जन्म के समय हुई मेडिकल गलती की वजह से उनके चेहरे का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया। उनकी आवाज लड़खड़ाती थी और चेहरा अलग दिखता था। इसी वजह से बचपन में उन्हें मज़ाक का सामना करना पड़ा। माता-पिता के अलगाव ने उनकी जिंदगी को और मुश्किल बना दिया। कई बार उन्हें अनाथालय जैसी परिस्थितियों में भी रहना पड़ा।

स्टेलोन ने एक्टर बनने का सपना देखा, लेकिन उनका लुक और आवाज उनके रास्ते की सबसे बड़ी बाधा बन गई।1000 से ज्यादा ऑडिशन दिए और हर बार रिजेक्ट हुए। कास्टिंग डायरेक्टर्स हंसकर बाहर कर देते थे। हालात इतने खराब हो गए कि उन्हें कई रातें बस स्टेशन पर सोकर बितानी पड़ीं।

एक वक्त ऐसा आया जब उनकी पत्नी प्रेग्नेंट थीं और घर में खाने तक के पैसे नहीं थे। मजबूरी में उन्होंने अपने सबसे प्यारे बुलमास्टिफ डॉग 'बटकस' को सिर्फ 40 डॉलर में बेच दिया। यह उनके जीवन का सबसे दर्दनाक फैसला था।

1975 में मुहम्मद अली और चक वेपनर के बीच हुए मुकाबले ने उनकी जिंदगी बदल दी। इस मैच से प्रेरित होकर स्टेलोन ने सिर्फ तीन दिनों में फिल्म रॉकी की स्क्रिप्ट लिख डाली। स्टूडियो को स्क्रिप्ट पसंद आई, तो उन्होंने 3,60,000 डॉलर देने की पेशकश की। स्टेलोन ने साफ मना कर दिया। आखिरकार कम बजट में फिल्म बनी और 1976 में रिलीज हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 225 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की और तीन ऑस्कर अवॉर्ड जीते। स्टेलोन को बेस्ट एक्टर और स्क्रीनप्ले के लिए नॉमिनेशन मिला। 'रॉकी' हॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में शामिल हो गई। कामयाबी मिलते ही स्टेलोन ने सबसे पहले अपने कुत्ते 'बटकस' को वापस खरीदा।

-फेसबुक वॉल से

## सामयिकी

# कच्चा माल आयात पर टिका जेनरिक दवाओं का निर्यात

भारत आज वैश्विक स्तर पर सस्ती दवाओं के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक बन चुका है। 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में उसकी पहचान केवल एक उपमा नहीं, बल्कि उसकी उत्पादन क्षमता, निर्यात विस्तार और वैश्विक जनस्वास्थ्य में उसके योगदान का सशक्त प्रमाण है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय औषधि बाजार 50 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है और वैश्विक जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति में उसका योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है।

अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी भारतीय कंपनियां लगभग 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करती हैं, जबकि अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता में भारत की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। यह उपलब्धि 1970 के दशक में पेटेंट कानूनों में हुए परिवर्तन का परिणाम है, जब भारत ने प्रक्रिया पेटेंट प्रणाली को अपनाकर घरेलू उद्योग को सशक्त किया और सस्ती दवाओं के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त किया।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

इस चमकदार उपलब्धि के पीछे एक गहरा विरोधाभास भी छिपा हुआ है। भारत जहां एक ओर तैयार दवाओं का प्रमुख निर्यातक है, वहीं दूसरी ओर उनके निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल और सक्रिय औषधीय संघटकों के लिए भारी मात्रा में आयात पर निर्भर है। अनुमानतः भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 60 से 70 प्रतिशत सक्रिय औषधीय संघटक विदेशों से आयात करता है, जिसमें प्रमुख हिस्सा चीन से आता है। पेनिसिलिन जी, क्लैवुलैनिक अम्ल और पैरासिटामोल जैसे महत्वपूर्ण संघटकों के मामले में यह निर्भरता 80 प्रतिशत से भी अधिक है। यह स्थिति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।

कोविड-19 महामारी ने इस निर्भरता की वास्तविकता को स्पष्ट रूप से उजागर कर दिया। चीन में लॉकडाउन के कारण आपूर्ति बाधित होते ही भारत में दवा उत्पादन प्रभावित हुआ। अनेक औषधि निर्माण इकाइयों को उत्पादन घटाना पड़ा और कुछ को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। इससे यह स्पष्ट हो गया कि कच्चे माल की आपूर्ति में व्यवधान भारत की औषधि उत्पादन क्षमता को तुरंत प्रभावित कर सकता है। इस अनुभव ने आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को और अधिक प्रासंगिक बना दिया।

इसी संदर्भ में सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जिसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर सक्रिय औषधीय संघटकों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। यद्यपि इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, फिर भी अनेक संरचनात्मक समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। उच्च उत्पादन लागत, तकनीकी सीमाएं तथा कठोर पर्यावरणीय नियमों के कारण कई उत्पादन इकाइयां बंद हो चुकी हैं, जिससे घरेलू उत्पादन क्षमता सीमित हो गई है।

नियामक ढांचे की कमजोरी भी इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर औषधि नियंत्रण संस्थाओं में संसाधनों और प्रशिक्षित मानव बल की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गुणवत्ता नियंत्रण में खामियों के कारण कई भारतीय औषधि निर्माण इकाइयों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ा है। कुछ मामलों में विदेशी नियामक संस्थाओं द्वारा आयात प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जिनका कारण निर्माण प्रक्रियाओं में त्रुटियां और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन रहा है। इससे भारत की वैश्विक साख प्रभावित होती है और निर्यात संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# तपती धूप में भी दिखें कूल और स्टाइलिश



मौसम बदलते ही फैशन का मिजाज भी बदल जाता है और इसी के साथ बदलती हैं हमारी स्टाइल चॉइसेज। आज की महिलाएं चाहे टीनएज हों, यंग प्रोफेशनल्स या मिड एज, हर मौसम के अनुसार अपने वॉर्डरोब को अपडेट रखना पसंद करती हैं। खासकर गर्मियों में स्टाइलिश दिखते हुए कंफर्टेबल रहना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है, लेकिन सही फैब्रिक, प्रिंट और कलर चुनकर इस चुनौती को आसानी से पार किया जा सकता है।



## फैब्रिक पर दें ध्यान

गर्मियों के मौसम में सबसे पहले ध्यान देना चाहिए फैब्रिक पर। हल्के, सॉफ्ट और ब्रीदेबल कपड़े जैसे कॉटन, लिनन, रेयॉन और मलमल इस सीजन के लिए बेस्ट माने जाते हैं। ये न केवल पसीना सोखते हैं, बल्कि शरीर को ठंडा भी रखते हैं। इसके साथ ही इन फैब्रिक्स में आने वाले प्रिंट्स आपके लुक को और भी आकर्षक बना देते हैं।

## स्टाइल को दें मॉडर्न टच

जहां तक प्रिंट्स की बात है, फ्लोरल प्रिंट्स हर साल समर फैशन का हिस्सा बने रहते हैं। छोटे-छोटे फूलों से लेकर बड़े-बड़े बोल्ड फ्लोरल पैटर्न तक, ये हर तरह के आउटफिट में खूबसूरती जोड़ते हैं। फ्लोरल प्रिंट्स न केवल फ्रेश और कूल लुक देते हैं, बल्कि दिन के समय आउटिंग, ब्रंच या कैजुअल मीटअप के लिए एकदम परफेक्ट रहते हैं। इसके अलावा, इस सीजन में चेक्स, स्ट्राइप्स और ज्योमेट्रिक प्रिंट्स भी काफी ट्रेंड में हैं, जो आपके स्टाइल को एक मॉडर्न टच देते हैं।





## सही कलर का चुनाव

कलर्स किसी भी आउटफिट की जान होते हैं। गर्मियों में हल्के और सॉफ्ट कलर्स पहनना सबसे अच्छा रहता है। सफेद (व्हाइट) रंग इस मौसम का सबसे पसंदीदा रंग माना जाता है, क्योंकि यह गर्मी को कम महसूस कराता है और एक क्लासी लुक देता है। व्हाइट मैक्सी ड्रेस, चिकनकारी सूट, अनारकली या शर्ट-ट्राउजर सेट हर रूप में शानदार लगता है। व्हाइट के अलावा पेस्टल शेड्स जैसे बेबी ब्लू, लैवेंडर, पिंक, मिंट ग्रीन और पीच भी इस सीजन में काफी ट्रेंड में हैं। ये रंग आंखों को सुकून देते हैं और एक फ्रेश लुक प्रदान करते हैं। खासतौर पर लैवेंडर और सी ग्रीन जैसे कलर्स पिछले कुछ समय से फैशन में अपनी खास जगह बनाए हुए हैं। इसके साथ ही कोरल और पीच जैसे सॉफ्ट वॉर्म टोन भी समर आउटफिट्स में चार चांद लगा देते हैं। अगर आप अपने समर लुक को और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो हल्के एक्सेसरीज जैसे स्ट्रॉ हैट, सनग्लासेस, स्लिंग बैग और मिनिमल ज्वेलरी का इस्तेमाल जरूर करें। सही फुटवियर जैसे फ्लैट्स, सैंडल या एस्पैड्रिल्स आपके पूरे लुक को कंप्लीट कर देते हैं। इस तरह, सही फैब्रिक, ट्रेंडी प्रिंट्स और सॉफ्ट कलर्स के साथ आप गर्मियों में भी स्टाइलिश और कंफर्टेबल दोनों रह सकती हैं।

## कंफर्ट और स्टाइल का कांबो

अगर आप कुछ नया ट्राय करना चाहती हैं, तो टाई-डाई प्रिंट्स, ब्लॉक प्रिंट्स और इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन स्टाइल्स भी इस बार खूब पसंद किए जा रहे हैं। खासतौर पर हैंडब्लॉक प्रिंटेड कुर्ते, स्कर्ट्स और को-ऑर्ड सेट्स युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, शर्ट ड्रेस, रैप ड्रेस और कफ्तान स्टाइल आउटफिट्स भी गर्मियों में कंफर्ट और स्टाइल का बेहतरीन मेल पेश करते हैं।

## ड्रेस की लंबाई और फिटिंग

ड्रेस की लंबाई और फिटिंग भी बहुत मायने रखते हैं। समर सीजन में मैक्सी ड्रेसेस, मिडी ड्रेसेस और शॉर्ट ड्रेसेस काफी पसंद की जाती हैं। ये न सिर्फ पहनने में आसान होती हैं, बल्कि हर बॉडी टाइप पर अच्छी भी लगती हैं। अगर आप प्लस साइज हैं, तो छोटे और मीडियम प्रिंट्स आपके लिए ज्यादा फ्लैटरिंग रहेंगे। वहीं स्लिम फिगर वाली महिलाएं बड़े और एक्सपेरिमेंटल प्रिंट्स भी आसानी से कैरी कर सकती हैं।

---

**जिंदगी का सफर**

# सुरों की वह शक्ति जो इतिहास बन गई

भारतीय संगीत आकाश का वह अनमोल सितारा सदा के लिए मौन हो गया है, जिसकी स्वर-लहरियों ने सात दशकों तक हर पीढ़ी की धड़कनों को एक नई ताल दी। 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में आशा भोंसले का निधन केवल एक महान गायिका का जाना नहीं, बल्कि उस अद्वितीय 'अदा', 'नजाकत' और 'स्वैग' का अवसान है, जिसने साड़ी की गरिमा में भी भारतीय पॉप और कैबरे संगीत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। 800 से अधिक फिल्मों में 12,000 से ज्यादा गीतों को अपनी आवाज देकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने वाली आशा जी का जीवन केवल सुरों की साधना भर नहीं था, बल्कि यह संघर्ष, आत्मविश्वास और निरंतर आत्म-नवाचार की अद्भुत गाथा भी था।



योगेश कुमार गोयल

लेखक







8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के एक प्रतिष्ठित संगीत परिवार में जन्मी आशा भोंसले का जीवन आरंभ से ही सुरों से जुड़ा था, किंतु नियति ने उनके बचपन को सहज नहीं रहने दिया। पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर से शास्त्रीय संगीत की प्रारंभिक शिक्षा मिली, परंतु महज 9 वर्ष की आयु में पिता के निधन ने उनके जीवन से संरक्षण का साया छीन लिया। परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था और बड़ी बहन लता मंगेशकर ने घर की जिम्मेदारी संभाली। ऐसे कठिन समय में आशा जी ने भी कम उम्र में ही संघर्ष को अपना साथी बना लिया। पार्श्व गायन की दुनिया में उनका सफर किसी सरल राह पर नहीं चला। उस दौर में लता मंगेशकर का वर्चस्व था और बड़े संगीतकारों की पहली पसंद वही थी। आशा भोंसले के संगीत सफर में वास्तविक परिवर्तन तब आया, जब उनकी मुलाकात संगीतकार ओ.पी. नैयर से हुई। नैयर साहब ने उस समय की परंपरा को चुनौती देते हुए लता मंगेशकर के बिना संगीत रचना का निर्णय लिया और उन्हें आशा की आवाज में वह अनोखी 'शरारत', 'चंचलता' और 'कशिश' दिखाई दी, जिसकी वे तलाश कर रहे थे। 1957 की फिल्म नया दौर का गीत 'उड़े जब जब जुल्फें तेरी' आशा जी के करियर का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ, जिसने उन्हें मुख्यधारा की नायिकाओं की आवाज बना दिया। वहीं 1956 की सी.आई.डी. में 'लेके पहला पहला प्यार' गीत में शमशाद बेगम की स्थिरता और आशा की चुलबुली अदाओं का अद्भुत संगम श्रोताओं के दिलों में बस गया। यही वह दौर था, जब आशा जी ने अपनी ऐसी गायिका की एक अलग पहचान गढ़ी, जिसकी आवाज में 'बोल्डनेस', 'वेस्टर्न वाइब' और अद्वितीय ऊर्जा का सम्मोहन था।

1970 का दशक हिंदी सिनेमा में संगीतात्मक प्रयोगों का स्वर्णिम काल था और इसी दौर में आशा भोंसले को मिला उनका सबसे सशक्त रचनात्मक साथी 'आर.डी. बर्मन', जिन्हें प्यार से 'पंचम' कहा जाता है। इस अद्वितीय जोड़ी ने न केवल गीतों को नया रूप दिया, बल्कि संगीत की परंपरागत सीमाओं को भी तोड़ डाला। 'पिया तू अब तो आजा' और 'दम मारो दम' जैसे गीतों ने आशा जी को 'कैबरे क्वीन' के रूप में स्थापित कर दिया। उनकी आवाज में जो मादकता, ऊर्जा और आधुनिकता थी, उसने भारतीय संगीत में पश्चिमी प्रभाव को एक नया आयाम दिया। हालांकि 'दम मारो दम' को लेकर उस समय काफी विवाद हुआ। इसे 'अश्लील' कहकर आलोचना झेलनी पड़ी, यहां तक कि ऑल इंडिया रेडियो ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और दूरदर्शन ने फिल्म से इसे हटा दिया। फिर भी, आशा जी की आवाज ने इस गीत को अमर बना दिया। दिलचस्प यह है कि जहां एक ओर वे कैबरे और पॉप की पहचान बन रही थी, वहीं 'इजाजत' के 'मेरा कुछ सामान' में उन्होंने गहन भावनाओं की ऐसी अभिव्यक्ति दी, जो उनकी असाधारण बहुमुखी प्रतिभा को सिद्ध करती है।


1980 के दशक तक आशा भोंसले को प्रायः चुलबुले, चंचल और आधुनिक गीतों की आवाज के रूप में देखा जाने लगा था, लेकिन इसी धारणा को तोड़ते हुए संगीतकार खय्याम ने उन्हें फिल्म 'उमराव जान' (1981) के लिए चुना। यह एक ऐसा निर्णय था, जिसने इतिहास रच दिया। खय्याम साहब की शर्त भी उतनी ही असाधारण थी, 'आशा, मुझे इन गीतों में तुम्हारी जानी-पहचानी आवाज नहीं चाहिए।' उन्होंने उनसे अपनी आवाज का स्केल लगभग डेढ़ सुर नीचे लाकर गाने को कहा ताकि गजलों में नजाकत और गहराई उतर सके। परिणाम अद्भुत था। 'दिल चीज क्या है' और 'इन आंखों की मस्ती के' जैसे गीतों में आशा जी ने ऐसी संजीदगी, दर्द और अदब का संसार रचा कि हर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठा। यह केवल गायन नहीं, बल्कि भावनाओं की सूक्ष्म अभिव्यक्ति थी। इसी फिल्म ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी प्रतिभा किसी एक शैली तक सीमित नहीं है और इसके लिए उन्हें अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

संगीत के साथ-साथ उन्हें पाक-कला में भी गहरी रुचि थी और वे एक उत्कृष्ट शेफ के रूप में जानी जाती थीं। उनकी इसी रुचि ने 'आशाज' नाम से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रेस्टोरेंट श्रृंखला को जन्म दिया, जो दुनिया के 10 से अधिक देशों में भारतीय स्वाद का परचम लहरा रही है। सम्मानों की दृष्टि से भी उनका सफर उतना ही गौरवशाली रहा। उन्हें वर्ष 2008 में पद्म विभूषण, 2000 में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त, सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली कलाकार के रूप में उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, जो उनकी अथाह साधना और समर्पण का प्रमाण है। उनके करियर के विभिन्न पड़ाव भी उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाते हैं। आशा भोंसले अपनी मधुर मुस्कान और अमिट उपस्थिति के साथ हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। अलविदा, सुरों की अमर जादूगरनी!

---

# आर के नारायण के उपन्यास पर बनी कालजयी फिल्म 'गाइड'

**फ्लैश बैक**





नवकेतन बैनर के तले बनी देव आनंद की फिल्म 'गाइड' 6 दिसंबर 1965 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बने 61 साल हो गए हैं। इस फिल्म को भारतीय हिंदी सिनेमा के इतिहास में कल्ट क्लासिक होने का गौरव प्राप्त है। फिल्म में देव आनंद ने राजू नाम के गाइड की भूमिका निभाई थी, जो रोजी (वहिदा रहमान) के प्रति आकर्षित होता है और उसे डांसर बनने के लिए प्रेरित करता है। प्रेम, लालच, पतन और अंततः आत्मज्ञान को दर्शाती यह फिल्म भारतीय रिश्तो के बदलते उतार-चढ़ाव को दिखती है। फिल्म में किशोर साहू, लीला चिटनिस, अनवर हुसैन, गजानन जागीरदार, प्रेम सागर, कृष्ण धवन और उल्लास आदि ने भी विभिन्न भूमिकाएं निभाई हैं।

फिल्म राजू गाइड की कहानी है, जिसकी मुलाकात मार्को और उसकी पत्नी रोजी से होती है। मार्को द्वारा अपेक्षित होने पर राजू रोजी को सहारा देता है और रोजी को नृत्य के प्रति जुनून को पहचानकर उसे प्रसिद्ध नृत्यांगना बनाने में मदद करता है। दोनों के बीच प्यार हो जाता है और समय के साथ दोनों अमीर भी हो जाते हैं, लेकिन राजू के मन में लालच और असुरक्षा की भावना आ जाती है। वह रोजी के जाली दस्तखत कर अपराध करता है और जेल चला जाता है। जेल से छूटने के बाद एक मंदिर में शरण लेता है। गांव वाले उसे साधु समझ लेते हैं। जब गांव में सूखा पड़ता है, तो राजू गांव के लिए उपवास रखता है और अंत में अपने निःस्वार्थ त्याग के माध्यम से जीवन से मुक्ति पा जाता है।



दीपक नौगांई

लेखक, हल्द्वानी

यह फिल्म 'मालगुडी डेज' वाले लेखक आरके नारायण के उपन्यास 'गाइड' पर आधारित थी। आरके नारायण एक जाने-माने लेखक थे और उनकी एक किताब दुनियाभर में तारीफें बटोर रही थी। एक बार किसी ने देव साहब को यह किताब पढ़ने को दी। उन्हें इसकी कहानी अच्छी लगी और उन्होंने इस पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। हालांकि मूल उपन्यास और फिल्म की कहानी में कुछ अंतर भी है। फिल्म में राजू रोजी का प्यार पाने के लिए जतन करता है, लेकिन फिल्म में रोजी पहले से ही अपनी शादी से दुखी है। देव आनंद ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में इस फिल्म को बनाने का निर्णय लिया। देव आनंद ने फिल्म के निर्देशन का जिम्मा पहले अपने भाई चेतन आनंद को दिया था। चेतन वहीदा रहमान की जगह फिल्म में लीला नायडू को लेना चाहते थे, क्योंकि वह अच्छी डांसर थी, लेकिन देव साहब इसके लिए तैयार नहीं हुए। फिल्म के शूटिंग के दौरान भी देव आनंद और चेतन आनंद के बीच कुछ मतभेद उभर आए। नतीजन चेतन आनंद ने फिल्म ही छोड़ दी और वह अपनी फिल्म 'हकीकत' बनाने में जुट गए। उसके बाद फिल्म को निर्देशित करने की जिम्मेदारी देव आनंद ने अपने दूसरे भाई विजय आनंद (गोल्डी) को दी। फिल्म ने सफलता के नए प्रतिमान स्थापित किए। पहली बार गाइड में एंटी हीरो की भूमिका की झलक देव आनंद के चरित्र में दिखाई देती है।

फिल्म के गाने लिखने की भी अलग कहानी है। पहले गाने लिखने के लिए हसरत जयपुरी को साइन किया गया था, लेकिन उनके लिखे एक गाने की लाइन देव आनंद को पसंद नहीं आई। उसे बदलने को कहा गया परंतु हसरत ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और फिल्म ही छोड़ दी। इसके बाद शैलेंद्र को फिल्म में लिया गया, जिन्होंने फिल्म के सारे गीत लिखे। देव आनंद और वहीदा रहमान पर फिल्माए गीत। 'आज फिर जीने की तमन्ना है' क्लासिक बन गया और सुपरहिट गीतों में शामिल हुआ। फिल्म में गीतों को लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार ,मन्ना डे और एसडी बर्मन ने अपनी आवाजें दी है। फिल्म गाइड बॉक्स ऑफिस का सुपरहिट रही और आज भी बहुत पसंद की जाती है। कई फिल्म फेयर पुरस्कार इस फिल्म को प्राप्त हुए, जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, निर्देशक, लेखक और छायाकार शामिल हैं।

## निफा ग्रुप 10 देशों में कारोबार का विस्तार करेगी

**कोलकाता।** कोलकाता की कंपनी निफा ग्रुप ने अपने कृषि उपकरण कारोबार के विस्तार के लिए 'वनहॉर्न' नाम से नया ब्रांड शुरू किया है। कंपनी भारत के 20 राज्यों के साथ अमेरिका सहित 10 देशों में कारोबार बढ़ाएगी। कंपनी के चेयरमैन महेश चंद्र शाह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मशीनों का उपयोग और उद्यमिता दोनों को बढ़ना जरूरी है।

अमृत विचार
बरेली, सोमवार, 20 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन–** तुलसी 2550, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2680, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2360, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2520, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2505

**किराना–** निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल–(प्रति कु0)–** डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400

**दाल दलहन–**मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12700

**चीनी –** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम–** सोना पक्के आभूषण 154200, सोना गिन्नी 150200, चांदी (पक्की) 2500 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### आईटीसी का प्रोटीन प्रोडक्ट्स पर जोर

**बेंगलुरु।** विविध कारोबार क्षेत्र में कार्यरत कंपनी आईटीसी लिमिटेड के खाद्य प्रभाग के मुख्य कार्यकारी और कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक ने कहा है कि कंपनी स्वास्थ्य और पोषण के तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए प्रोटीन युक्त खाद्य उत्पादों पर जोर बढ़ा रही है। मलिक ने कहा कि कंपनी ने अलग-अलग श्रेणियों में प्रोटीन युक्त नए उत्पाद पेश किए हैं।

# एलपीजी में 20% डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये

## रसोई गैस के आयात में आ सकती है प्रति वर्ष 63 लाख टन की कमी, बचेगी विदेशी मुद्रा

नई दिल्ली, एजेंसी

कोयला गैसीकरण से उत्पादित 20 प्रतिशत डाइमिथाइल ईथर (डीएमई) को रसोई गैस (एलपीजी) के साथ मिलाने से एलपीजी आयात में सालाना लगभग 63 लाख टन की कमी आ सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार इससे प्रति वर्ष लगभग 34,200 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया में कोयले को सिनगैस में बदला जाता है, जिसे बाद में डीएमई में बदल दिया जाता है। डीएमई एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है, जो आयातित एलपीजी के स्वदेशी विकल्प के रूप में इस्तेमाल होता है। पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद से भारत को एलपीजी आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के मद्देनजर यह रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ईवाई-पार्थेनन और घरेलू कोयला गैसीकरण कंपनी न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन लिमिटेड की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार,कोयला गैसीकरण से उत्पादित डीएमई, एलपीजी आयात को आंशिक रूप से प्रतिस्थापित कर सकता है।



● न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन ने जारी की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' पर रिपोर्ट

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 20 प्रतिशत मिश्रण से सालाना लगभग 63 लाख टन एलपीजी आयात कम हो सकता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) पहले ही भारत में 20 प्रतिशत तक डीएमई-एलपीजी मिश्रण की अनुमति देने वाले मानकों को अधिसूचित कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, डीएमई स्वच्छ ईंधन के एक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

अभी भारत में पायलट स्तर पर ही डीएमई उत्पादन किया जा रहा है। न्यू एरा क्लीनटेक के प्रबंध निदेशक बालासाहेब दराडे ने कहा कि निवेश को आकर्षित करने और घरेलू डीएमई उत्पादन बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट मिश्रण नीति महत्वपूर्ण होगी।

### मार्च में 13 प्रतिशत घटी एलपीजी की खपत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी आपूर्ति दिक्कतों की वजह से भारत में एलपीजी की खपत में मार्च में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे घरों की रसोई और वाणिज्यिक ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्धता पर असर पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मार्च में एलपीजी की खपत 23.79 लाख टन रही है, जो पिछले साल की इसी अवधि के आंकड़े 27.29 लाख टन से 12.8 प्रतिशत कम है। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में घरेलू को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति 8.1 प्रतिशत घटकर 22.19 लाख टन रह गई, जबकि गैर-घरेलू उपयोगकर्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में 48 प्रतिशत की कमी आई।

### सिनगैस क्या है और कैसे बनती है

सिनगैस, जिसका पूरा नाम सिंथेसिस गैस है, एक उपयोगी गैस मिश्रण होता है जिसमें मुख्यत: कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और हाइड्रोजन (H) शामिल होते हैं। यह ऊर्जा उत्पादन और रसायन बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। सिनगैस आमतौर पर कोयला, प्राकृतिक गैस, बायोमास (जैसे लकड़ी या कृषि अवशेष) या कचरे से बनाई जाती है। इसे बनाने की प्रक्रिया को गैसीकरण (Gasification) कहा जाता है। इस प्रक्रिया में इन पदार्थों को बहुत उच्च तापमान (700–1500C) पर सीमित ऑक्सीजन या भाप की उपस्थिति में गर्म किया जाता है। इससे ठोस या तरल ईंधन गैस में बदल जाता है और CO व H का मिश्रण बनता है। इस गैस का उपयोग बिजली बनाने, ईंधन (जैसे मेथनॉल, डीज़ल) तैयार करने और उर्वरक उद्योग में किया जाता है। इस तरह सिनगैस ऊर्जा और उद्योग के लिए एक बहुपयोगी संसाधन है।

# प. एशिया तनाव, तेल कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

नई दिल्ली, एजेंसी



इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है।

सबसे बड़े निजीबैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की। एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की चेतावनी भी दी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान वार्ता की दिशा पर रहेगा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है।

## 1.87 लाख करोड़ रुपये बढ़ी शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी, एयरटेल को सबसे अधिक लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497.45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत की तेजी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 58,831.52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,25,125.21 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 27,608.62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,691.31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 20,731.64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका कुल मूल्यांकन 9,34,063.56 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,231.05 करोड़ रुपये बढ़कर 18,47,317.84 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का मूल्यांकन 18,577.91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,63,314.50 करोड़ रुपये हो गया।

हालांकि, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,163.04 करोड़ रुपये घटकर 12,31,315.53 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में भी 9,769.3 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,65,437.17 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही, जिसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

## प्रगति के लिए नवोन्मेषण और शिक्षा जरूरी : सैमसंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग का मानना है कि भारत में नवोन्मेषण और शिक्षा प्रगति को सक्षम बनाने के साथ-साथ समावेशन के लिए उत्प्रेरक का काम करते हैं। कंपनी के दक्षिण-पश्चिम एशिया के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष एस पी चुन ने यह बात कही है। कंपनी ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत फंड को बढ़ाकर 193.89 करोड़ रुपये कर दिया है, जो 2024-25 में 144.48 करोड़ रुपये थी। सैमसंग इंडिया के ''सिटीजनशिप'' कार्यक्रम से अब तक 15 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। चुन ने बयान में कहा कि भारत में तीन दशक पूरे होने के साथ हम नवोन्मेषण और शिक्षा को प्रगति और समावेशन के लिए उत्प्रेरक मानते हैं। कहा कि हम युवा नवोन्मेषकों की ऐसी पीढ़ी तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें कौशल, रचनात्मकता और सहयोग की भावना हो, ताकि वे जटिल सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर सकें।

## भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर वार्ता आज से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर तीन दिन की वार्ता के लिए भारत के लगभग एक दर्जन अधिकारी 20 अप्रैल को वाशिंगटन पहुंचेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि अमेरिका में शुल्क ढांचा बदल गया है, इसलिए दोनों पक्ष उस समझौते पर फिर से विचार कर सकते हैं, जिसका मसौदा सात फरवरी को जारी किया गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। अधिकारी ने कहा कि बैठक 20-22 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होगी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि द्वारा शुरू की गई जांच पर चर्चा हो सकती है।

## लोन गारंटर बनने के बड़े खतरे ...




कारोबार डेस्क



किसी लोन का गारंटर बनना सिर्फ गवाही नहीं, बल्कि कानूनी जिम्मेदारी है यानी कानूनी तौर पर कर्ज आपके सिर पर आ जाता है। यदि कर्जदार चूक जाता है, तो बैंक लोन की वसूली आपसे करेगा। आपकी जमा पूंजी या संपत्ति भी जोखिम में हैं। किस्त चुकने में छोटी देर भी आपके क्रेडिट स्कोर को नुकसान पहुंचा सकती है और भविष्य में स्वयं को लोन मिलना कठिन हो सकता है। आइए समझते हैं गारंटर बनने के बाद आपके सामने क्या चुनौतियां आ सकती हैं–

### लाभ किसी का, जिम्मेदारी आपकी

● किसी व्यक्ति के लोन यानी कर्जे का गारंटर बनने का सीधा अर्थ है कि यदि कर्ज लेने वाला व्यक्ति ऋण चुकाने में किसी कारण विफल रहता है तो उस पूरे कजर् की वसूली बैंक आपसे करने के लिए अधिकृत है। बैंक को इससे कोई सरोकार नहीं कि लोन का पैसा आपने इस्तेमाल किया है या नहीं। यदि कर्जदार भाग गया या मुकर गया, तो बैंक आपका दरवाज खटखटाएगा। आपका वेतन, पेंशन, जमा पूंजी और यहां तक कि अचल संपत्ति भी इस वसूली की चपेट में आ सकती है।

### ध्यान दें

● **बहुत क्रेडिट स्कोर पर प्रहार :** अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि यदि मुख्य कर्जदार किस्त चुकाने में एक दिन की भी देरी करता है, तो उसका बुरा असर आपके क्रेडिट प्रोफाइल पर भी पड़ता है।

● **भविष्य के रास्ते बंद :** यदि कभी आपको स्वयं किसी काम के लिए धन की आवश्यकता पड़ी, तो बैंक आपको ऋण देने से मना कर सकता है, क्योंकि आप पहले ही किसी और के द्वारा लिए गये कर्ज के लिए उत्तरदायी हैं।

● **साख में गिरावट :** कर्जदार की एक चूक आपके वर्षों से बनाए गए वित्तीय सम्मान को मिट्टी में मिला सकती है।

● **कानूनी पचड़े और मानसिक तनाव :** हम सबको जीवन में शांति और अच्छे स्वास्थ्य की जरूरत होती है। लेकिन जब कोई लोन डिफाल्ट होता है तो अदालती नोटिस और वसूली एजेंटों के चक्कर आपको मानसिक रूप से तोड़ सकते हैं।

### कानूनी कार्रवाई और रिश्ते

● **कानूनी कार्रवाई :** कर्ज देने वाला बैंक कर्जदार के साथ आपके विरुद्ध भी मुकदमा चला सकता है।

● **रिश्तों में खटास :** रिश्तों के बीच जब पैसे का लेनदेन आ जाता है तो रिश्ते बिगड़ने का अंदेशा रहता है। अगर मामला कर्ज का हो तो जिस अपने की मदद के लिए आप गारंटर बने थे, वही व्यक्ति आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन सकता है।

### इमरजेंसी फंड पर संकट

● हम सभी अपने कठिन समय, बीमारियों और आकस्मिक खर्चे के लिए एक इमरजेंसी फंड बनाकर रखते हैं। लेकिन यदि पूंजी का बड़ा हिस्सा किसी और का कर्ज चुकाने में चला गया, तो आप अपने उपचार और अन्य किसी आपात स्थिति के लिए दूसरों पर निर्भर हो सकते हैं।


### काम की बात

● नियम-शर्तों को समझकर ही गारंटर बनें। बल्कि गारंटर बनने के बजाय कर्जदार को बीमा कराने की सलाह दें, ताकि उसकी अनुपस्थिति में बीमा कंपनी कर्ज का बोझ उठाए।

● मदद करना धर्म है, लेकिन यदि आपका मन गवाही नहीं दे रहा, तो विनम्रता से 'ना' कहें।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# घुसपैठियों के लिए उन्हीं की सरकार बनाना चाहती हैं ममता बनर्जी : मोदी

झाड़ग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को राज्य की पहचान बचाने की लड़ाई बताया। उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर ऐसी राजनीति करने का रविवार को आरोप लगाया जो मूल निवासियों के बजाय 'घुसपैठियों' का समर्थन करती है। मोदी ने आदिवासी बहुल झाड़ग्राम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों के लिए, घुसपैठियों की सरकार' बनाना चाहती है। उन्होंने मतदाताओं से इसे सत्ता से हटाने को एकजुट होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव इस भूमि की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है... यह बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। आज बंगाल को अपनी पहचान खोने का डर है। आरोप लगाया कि तृणमूल जिस रास्ते पर चल रही है वह बहुत खतरनाक है। तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों की सरकार'बनाना चाहती है। एक ऐसी सरकार जो बंगाल की जनता के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों के बजाय केवल घुसपैठियों के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों की रक्षा करेगी। मोदी ने दावा किया कि ऐसी सरकार के लिए सबसे बड़ी बाधा पश्चिम बंगाल के आम लोग होंगे। उस सरकार के लिए, अगर कोई शत्रु है, तो वे यहीं बैठे भाई-बहन होंगे, जो घुसपैठियों के शत्रु होंगे।



पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

● **कहा- बंगाल की पहचान बचाने की लड़ाई है यह विस चुनाव**

## मंदिर के ऊपर 'दीपम' जलाया जाएगा: राजनाथ सिंह



**चेन्नई, एजेंसी।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर अवैध रेत खनन और गिरती कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनते ही तिरुपरनकुंद्रम मंदिर के ऊपर दीपम जलाया जाएगा। तेनकासी जिले के वासुदेवनल्लूर (आरक्षित) और राधापुरम निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपाउम्मीदवारों अनंतन अय्यानाथन और बालकृष्णन के समर्थन में रोड शो करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अदालत के आदेशों के अनुसार वहां दीपम निश्चित रूप से जलाया जाएगा। गौरतलब है कि मद्रास उच्च न्यायालय ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित पत्थर के खंभे (दीपथून) पर कार्तिकेय दीपम जलाने की अनुमति दी थी।

## ममता ने कांग्रेस के साथ साजिश रचकर महिलाओं से किया विश्वासघात : नबीन

**बलूरघाट (प. बंगाल), एजेंसी।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के कार्यान्वयन में आई बाधा के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियों को जिम्मेदार ठहराया। बलूरघाट में भाजपा उम्मीदवार बिद्युत रॉय के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालने, जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाना आवश्यक हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महिला होने के बावजूद, ममता बनर्जी ने कांग्रेस जैसी पार्टियों के साथ मिलकर बंगाल की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया ताकि लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक पारित न हो सके। भाजपा अध्यक्ष ने राज्य की महिला मतदाताओं से तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।

## विस चुनाव : निर्वाचन आयोग ने की 11 हजार गैर कानूनी सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि उसने पांच विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रक्रिया से संबंधित करीब 11,000 'गैरकानूनी' सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की है। असम, केरल और पुडुचेरी विधानसभा के लिए पहले ही मतदान हो चुका है जबकि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव इस महीने के अंत में चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि सोशल मीडिया पर कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा सृजित या हेरफेर की गई किसी भी भ्रामक या गैरकानूनी सामग्री की जानकारी मिलते ही तीन घंटे के भीतर कार्रवाई की जानी चाहिए। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और अभियान प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रचार के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी कृत्रिम रूप से निर्मित या एआई-जनित सामग्री को स्पष्ट रूप से एआई-जनित, 'डिजिटल रूप से उन्नयन किया गया' या 'कृत्रिम सामग्री' के रूप में लेबल किया जाए, साथ ही मूल संस्था का खुलासा भी किया जाए, ताकि पारदर्शिता और मतदाताओं का विश्वास बना रहे।

# राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता

तारकेश्वर(प.बंगाल), एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने हुगली जिले के तारकेश्वर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक के संबंध में राष्ट्र को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए अवैध तरीके से प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) कल सरकारी तंत्र का दुरुपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए किया।



पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

हम इसकी निंदा करते हैं और निर्वाचन आयोग में शिकायत कराएंगे। वर्ष 2029 से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक के संसद के निचले सदन में पारित नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को चेतावनी दी कि भारत की महिलाएं उन्हें भ्रूण हत्या के पाप के लिए कड़ी सजा देंगी। बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता को जवाब देना होगा कि आप अपनी पार्टी के लिए अवैध प्रचार कर रहे हैं।

## टीवीके ने एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार को दिया समर्थन

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय ने अपनी पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के उम्मीदवार एम. अरुण कुमार का एडापडी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन रद्द होने के बाद ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. प्रेमकुमार का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि मैं एडापडी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। प्रेमकुमार बतौर एक निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। हममें से ही एक हैं और पहले हमारे फैन क्लब में काम कर चुके हैं। श्री विजय ने मतदाताओं से अपील की कि वे इस विधानसभा क्षेत्र में श्री प्रेमकुमार को उनकी पार्टी टीवीके के उम्मीदवार के तौर पर ही देखें।

## निर्वाचन आयोग ने जोड़े सात लाख नए मतदाता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में लगभग सात लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने हालांकि नए जोड़े वोटरों आयु या अन्य जानकारी साझा नहीं की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन नए मतदाताओं में से लगभग 3.22 लाख मतदाता पहले चरण में वोट करेंगे, जबकि शेष लगभग 3.88 लाख वोटर दूसरे चरण में मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### संडाकन के कम्पुंग बहागिया में भीषण आग 8,000 लोग विस्थापित

**संडाकन/कुआलालंपुर।** मलेशिया के संडाकन स्थित कम्पुंग बहागिया इलाके में रविवार तड़के हुई दुर्घटना के कारण भीषण आग लग गई जिससे 200 घर जलकर नष्ट हो गए और लगभग 8,000 लोग विस्थापित हो गए। गांव प्रमुख शरीफ हाशिम शरीफ इतिंग ने बताया कि आग करीब 1:30 बजे ब्रिज ए स्थित एक घर में लगी, जब खाना बनाते समय गैस चूल्हे की आग भड़क उठी। दमकल के पहुंचने से पहले आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि घनी आबादी, पास-पास बने लकड़ी के मकानों कारण हालात और बिगड़ गए।

### इजराइल को कोई पसंद करे न करे, वह हमारा सहयोगी: ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल ने खुद को अमेरिका का एक महान सहयोगी साबित किया है। ट्रंप ने ट्रूथसोशल पर कहा, चाहे लोग इजराइल को पसंद करें या न करें, उसने अमेरिका का एक महान सहयोगी साबित किया है। उन्होंने कहा कि इजराइल जीतना जानता है, ऐसे कुछ लोगों के विपरीत जिन्होंने संघर्ष और तनाव के दौरान असली रंग दिखाया है। ट्रंप ने यह टिप्पणी उस बयान के बाद की है जिसमें उन्होंने इजराइल पर लेबनान पर बमबारी पर रोक लगाई थी।

### मोटर साइकिल के तारबंदी से टकराने से दो युवकों की मौत

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के झिनझिनयाली थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने रविवार को बताया कि बाड़मेर जिले के रामसर थाना क्षेत्र के रेडाणा निवासी चंदा राम मेघवाल और कंवराराम मेघवाल काम के सिलसिले में मोटर साइकिल से जैसलमेर जिले के झिझनियाली आये थे। शनिवार शाम दोनों अपने गांव रेडाणा लौट रहे थे। निंबली फाटा के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक बेकाबू होकर ट्यूबवेल की तारबंदी में जा घुसी।

### बैसाखी उत्सव के बाद पाकिस्तान से सिख तीर्थयात्री भारत लौटे

**लाहौर।** पाकिस्तान में 10 दिवसीय बैसाखी उत्सव और 327वें खालसा जन्मदिन समारोह में भाग लेने के बाद 2,200 भारतीय सिख श्रद्धालु भारत लौट गए। वैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने कहा कि पाकिस्तान के पंजाब में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री सरदार रमेश सिंह अरोड़ा और ईटीपीबी के अध्यक्ष ने वाघा बॉर्डर पर सिख तीर्थयात्रियों को विदाई दी। बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए 10 अप्रैल को लगभग 2,238 भारतीय सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान पहुंचे थे।

# वार्ता से पहले ईरान के कड़े तेवर, कहा- किसी हाल में नहीं सौंपेंगे अपना संवर्धित यूरेनियम

## ट्रंप प्रशासन पर लगाया अतिवादी मांगें थोपने का आरोप, कहा- अब सीधी वार्ता में भी दिलचस्पी नहीं

अंताल्या (तुर्किये), एजेंसी

पश्चिम एशिया में शांति के लिए दूसरे दौर की वार्ता शुरू होने से पहले ईरान ने अमेरिका के खिलाफ तीखी टिप्पणियां करते हुए साफ कर दिया है कि वह किसी भी हालत में उसकी धमकियों के दबाव में नहीं आएगा। ईरान के उप विदेशमंत्री सईद खतीबजादेह ने रविवार को यहां तक कहा कि ईरान फिलहाल अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ सीधी बातचीत का एक नया दौर शुरू करने का इच्छुक नहीं है क्योंकि प्रमुख मुद्दों पर वाशिंगटन अपनी अतिवादी मांगों को छोड़ने से इन्कार कर रहा है। खतीबजादेह ने ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए यह भी साफ किया है कि ईरान किसी हालत में अपना संवर्धित यूरेनियम अमेरिका को नहीं सौंपेगा।

तुर्किये में एक राजनयिक मंच के कार्यक्रम में पहुंचे ईरानी उप विदेशमंत्री ने कहा, किसी भी हालत में संवर्धित यूरेनियम अमेरिका नहीं भेजा जाएगा। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया था कि अमेरिका ईरान में घुसकर सारी परमाणु सामग्री हासिल कर लेगा। उनका इशारा पिछले साल अमेरिकी सैन्य हमलों से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए परमाणु केंद्रों में दबे 440 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम की ओर था। खतीबजादेह ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संदेशों का कई बार आदान-प्रदान हुआ है। लेकिन अमेरिका उन मांगों पर अड़ा हुआ है जिन्हें ईरान अतिवादी मानता है।

उन्होंने कहा कि ईरान आमने-सामने की बैठक से पहले एक समझौते ढांचे को अंतिम रूप देना चाहता है। खतीबजादेह से जब पूछा गया कि क्या ईरान युद्धविराम के बावजूद लेबनान पर इजराइल द्वारा नए सिरे से किए गए हमलों का जवाब देगा तो उन्होंने कहा, ईरान के पास हमलावरों को हमेशा के लिए रोकने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के तहत होर्मुज के लिए एक नई नियमावली' लागू की जाएगी और यह सभी असैन्य जहाजों के आवागमन के लिए खुला और सुरक्षित रहेगा।



### गालिबफ का एलान- ईरानी सेना युद्ध के लिए तैयार

**मॉस्को।** ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत के बावजूद ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार हैं। गालिबफ ने कहा, हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है। अभी भी जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है। सशस्त्र बल जमीन पर पूरी तरह तैयार हैं। संसद अध्यक्ष ने इस बात से इन्कार किया कि बातचीत के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही हो सकती है।

### अमेरिका की हैसियत क्या है जो परमाणु कार्यक्रम के वैध अधिकार से वंचित कर सके: पेजेश्कियान



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के अविभाज्य अधिकार को छीनने की स्थिति में नहीं हैं। पेजेश्कियान ने एक बयान में कहा कि अमेरिका यह कहता है कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का उपयोग न करे, लेकिन यह नहीं बताता कि किस अपराध के लिए। आखिर दुनिया में उसकी क्या हैसियत है कि वह किसी राष्ट्र को उसके वैधानिक अधिकारों से वंचित कर सके। पेजेश्कियान ने मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र की भी आलोचना की। आरोप लगाया कि वे अमेरिका और इजराइल के हमलों पर चुप हैं, जिनमें वैज्ञानिकों की हत्या की गई और नागरिक क्षेत्रों तथा रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान ने कभी युद्ध की शुरुआत नहीं की है। हम शांतिप्रिय हैं और जो कर रहे हैं वह वैध आत्मरक्षा है। उन्होंने ईरान के सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि ईरान ने व्यापक समर्थन प्राप्त महाशक्तियों के खिलाफ भी मजबूती से खड़े होने की क्षमता दिखाई।

**यूरोपीय संघ को भी ईरान की झिड़की..**

### ईरानियों पर अत्याचार की अनदेखी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का वास्ता न दें

**मॉस्को।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन की स्थिति को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन की यूरोपीय संघ की अपील को खारिज करते हुए इसे चरम पाखंड बताया। बगाई यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास की उस पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे थे, जिसमें उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का हवाला देते हुए ईरान से होर्मुज से जहाजों के बिना शुल्क और टोल मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। बगाई इसके जवाब में एक्स पर कहा, अरे, वो अंतर्राष्ट्रीय कानून ! वही कानून जिसका हवाला देकर यूरोपीय संघ दूसरों को उपदेश देता है जबकि चुपचाप अमेरिका–इजराइल के आक्रामक युद्ध को हरी झंडी देता है और ईरानियों पर हो रहे अत्याचारों को अनदेखा करता है! उपदेश देना बंद करो। यूरोप की अपने उपदेशों पर अमल न करने की आदत ने उसके अंतर्राष्ट्रीय कानून के वादों को पाखंड की पराकाष्ठा में बदल दिया है।

### ट्रंप को क्यूबा का भी दोटूक जवाब- हम जंग से नहीं डरते

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कानेल ने कहा है कि अगर अमेरिका ने उनके देश के खिलाफ कोई अवैध आक्रामक कदम उठाया तो क्यूबा अपनी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि क्यूबा ऐसा मुल्क नहीं है जो जंग चाहता है या उसे बढ़ावा देता है, लेकिन अगर अपनी जमीन की रक्षा के लिए युद्ध लड़ना पड़ा तो वह इससे डरता भी नहीं। उन्होंने कहा, जब से अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकियां बढ़ी हैं, तबसे क्यूबा सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा को शीर्ष प्राथमिकता बना लिया है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य घटनाक्रमों के संदर्भ में कहा था कि वहां काम खत्म करने के बाद हम क्यूबा का रुख कर सकते हैं। क्यूबा पिछले छह दशकों से अधिक समय से अमानवीय अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन माना जाता है।

# पाकिस्तान के आतंकी चेहरे से मुखौटा हटाएगा भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

- कैपिटल हिल में प्रदर्शनी आयोजित कर दुनिया में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को करेगा उजागर

अमेरिका में भारतीय दूतावास पहलगाम में आतंकवादी हमले का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को अमेरिकी संसद परिसर कैपिटल हिल में एक प्रदर्शनी आयोजित करेगा जिसमें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर किया जाएगा। द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की मानवीय कीमत) नाम की इस प्रदर्शनी का उद्घाटन अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा करेंगे।

यह प्रदर्शनी ऐसे समय में आयोजित की जा रही है जब पाकिस्तान 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-ईरान युद्ध में खुद को शांति स्थापित कराने वाले देश के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान स्थित संगठनों से जुड़े आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर गोलीबारी की थी जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। इस हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने पिछले साल जुलाई में भी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इसी तरह की एक प्रदर्शनी आयोजित की थी। उस समय पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली थी।

कैपिटल हिल में आयोजित की जाने वाली डिजिटल प्रदर्शनी में दुनिया भर में हुए भीषण आतंकवादी हमलों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट, 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले और पहलगाम आतंकवादी हमले को भी दिखाया जाएगा। इसमें प्रत्येक हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी संगठनों के नाम भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा जैसे पाकिस्तान स्थित कई संगठन एवं आतंकवादी शामिल हैं।

## यूपीए सरकार में मंत्री रहे दिनेश त्रिवेदी बन सकते हैं बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के अनुभवी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के अगले उच्चायुक्त बनाए जा सकते हैं।

बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त रहे प्रणय वर्मा को बेल्जियम और यूरोपीय संघ के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। माना जा रहा है कि बांग्लादेश में नई सरकार बनने के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए भारत ढाका में राजनयिक पद पर किसी राजनीतिक हस्ती को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास आ गई थी।

# इटली में गुरुद्वारे से निकल रहे दो भारतीयों की गोली मारकर हत्या

रोम, एजेंसी

- ताबड़तोड़ गोलियां चलाने के बाद अपनी कार में बैठकर फरार हुआ हमलावर

इटली में बर्गामो प्रांत के कोवो में दो भारतीयों की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वे एक गुरुद्वारे से बाहर निकल रहे थे। यह गुरुद्वारा एक गोदाम में था जिसका इस्तेमाल पूजा स्थल के रूप में किया जा रहा था।

खबरों के मुताबिक, यह हमला शुक्रवार को मध्यरात्रि से कुछ देर पहले शहर के औद्योगिक क्षेत्र में गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के सामने स्थित चौक में हुआ। मृतकों की पहचान कोवो निवासी 48 वर्षीय रागिंदर सिंह और एग्नाडेलो निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। खबर के अनुसार, हमलावर इन लोगों के पास पहुंचा, उसने गोलियां चलाईं और फिर कार में बैठकर फरार हो गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, अचानक झड़प के बाद हत्या किए जाने की संभावना को खारिज किया गया है।



घटनास्थल पर जांच करती कोवो शहर की पुलिस।

घटनास्थल से लगभग 10 कारतूस बरामद किए गए हैं और अधिकारी सुनियोजित हत्या की संभावना को ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गोली चलाने वाला भी एक भारतीय था जो अक्सर गुरुद्वारे में आता-जाता था।

# उ. कोरिया ने समुद्र की ओर कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत रवाना होने से ऐन पहले किया प्रक्षेपण

सियोल, एजेंसी

उत्तर कोरिया ने रविवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ये प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत और वियतनाम की यात्रा के लिए रवाना होने से कुछ घंटे पहले किए गए। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों पर जापान और दक्षिण कोरिया ने कड़ी आपत्ति जताई है। दक्षिण कोरिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में भी इन परीक्षणों पर चिंता जताई है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के मुताबिक उत्तर कोरिया के सिनपो क्षेत्र से दागी गईं ये मिसाइलें देश के पूर्वी समुद्री क्षेत्र की दिशा में करीब 140 किलोमीटर (87 मील) तक गईं। जेसीएस ने कहा कि उत्तर कोरिया की उकसाने वाली हर प्रकार की कार्रवाई का जवाब देने के लिए दक्षिण कोरिया तैयार है और वह अमेरिका एवं जापान के साथ सूचनाओं का लगातार आदान-प्रदान कर रहा है। अमेरिका के हिंद प्रशांत कमान ने कहा कि वह अपनी एवं अपने सहयोगियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जापान ने कहा कि उसने इन प्रक्षेपणों को लेकर उत्तर कोरिया के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये प्रक्षेपण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा हैं तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं जिनके तहत उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक है।



जयशंकर ने किया ली जे का स्वागत।

### परमाणु हथियार बनाने में उत्तर कोरिया बेहद तेज

ये मिसाइल ऐसे समय में दागी गई हैं जब कुछ दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने परमाणु हथियार बनाने के उत्तर कोरिया के प्रयासों में बेहद गंभीर प्रगति होने की चेतावनी दी थी। एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा था कि उत्तर कोरिया के परमाणु केंद्रों में गतिविधियों में तेज बढ़ोतरी हो रही है। उत्तर कोरिया की गतिविधियां उसके परमाणु हथियार उत्पादन की क्षमता में बहुत गंभीर वृद्धि की ओर संकेत करती हैं।

# राजनीति में दिखावा जरूरी, इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में टिप पर कोई टैक्स नहीं नीति के एक साल पूरे होने पर ओवल ऑफिस में बर्गर मंगवाने को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारी आलोचना हो रही है और इसे प्रचार का घटिया तरीका बताया जा रहा है। ट्रंप को इसके लिए सफाई देने पर भी मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने लास वेगास की एक रैली में कहा कि यह वाकई शर्मिंदगी भरा है लेकिन राजनीति में यह करना पड़ता है और इसका फायदा भी होता है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब ऑनलाइन डिलिवरी सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी डोरडैश की ओर से शैरोन सिमंस नाम की महिला ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में बर्गर और फ्राइज के दो बैग पहुंचाए जिसके बाद व्हाइट हाउस ने टिप्पणी जारी की कि 'टिप पर कोई टैक्स नहीं' नीति के कारण सिमंस ने 11,000 अमेरिकी डॉलर की बचत की थी। इस राजनीतिक पैंतरे की आलोचना होने के बाद ट्रंप ने माना कि प्रचार का यह कदम थोड़ा अजीब था। उन्होंने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार अभियान के समय की उस घटना का भी जिक्र किया जब उन्होंने बर्गर की आपूर्ति करने वाली कंपनी में फ्राइज परोसे थे और एक सुरक्षा जैकेट पहनकर अभियान के लोगो वाले कचरा ट्रक में चढ़ गए थे। उन्होंने कूड़ा ढोने वाले ट्रक की घटना का उदाहरण देते हुए कहा, प्रचार टीम अजीबो-गरीब विचार लेकर आती है।



- टिप पर कोई टैक्स नहीं नीति की बरसी पर ओवल ऑफिस में बर्गर मंगाने पर उठे सवालों का दिया जवाब

### डिलीवरी के लिए नौकरी छोड़ चुकी चर्चित महिला को बुलाया

डोर डैश को ओवल ऑफिस में बर्गर पहुंचाने वाली घटना को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल कुछ लोगों का कहना था कि सिमंस ने पिछले साल जुलाई में कांग्रेस के समक्ष टिप पर टैक्स नहीं नीति के समर्थन में गवाही दी थी। उस समय उन्होंने खुद को नेवादा की निवासी बताया था। बाद में वह अरकंसास चली गईं और ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस सप्ताह, संभवत: केवल एक दिन के लिए वाशिंगटन डीसी क्षेत्र में डोरडैश चालक बनीं।

## अमेरिका में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत

**श्रेवेपोर्ट।** अमेरिका के लुइसियाना में रविवार को घरेलू झगड़े में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र एक से चौदह वर्ष के बीच है। श्रेवेपोर्ट पुलिस प्रमुख वेन स्मिथ के अनुसार, गोलीबारी की घटना रविवार सुबह लगभग छह बजे हुई। उन्होंने बताया कि कुल 10 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि वे तीन स्थानों पर हुई इन घटनाओं के बारे में और जानकारी जुटा रहे हैं। स्मिथ ने कहा कि संदिग्ध हमलावर को पुलिस ने पीछा कर मार गिराया।

## श्रीनगर में दो अमेरिकी नागरिक हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नियमित जांच के दौरान सामान से सैटेलाइट फोन बरामद होने के बाद दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

## एआई उपकरण के जरिए मरीजों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी करेंगे डॉक्टर

**नई दिल्ली/चेन्नई।** दक्षिण भारत में स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से चिकित्सकों की अगुवाई वाला एआई आधारित एक मंच रविवार को चेन्नई में शुरू किया गया जिसकी मदद से अस्पताल के बाहर भी मरीजों के स्वास्थ्य पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा सकेगी।

- कलाई में पहने जाना वाला उपकरण किसी आपात स्थिति की तुरंत देगा जानकारी

इस पहल का उद्देश्य दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के स्वास्थ्य पर नजर रखना है ताकि उनकी स्थिति गंभीर होने से पहले ही कदम उठाए जा सके और हृदयाघात के खतरे को कम किया जा सके। ई-लिव कनेक्ट एआई सक्षम ऐसा तंत्र है जिसके केंद्र में एक छोटा वायरलेस बायोसेंसर पैच है जिसे कलाई पर पहने जाने वाले बैंड के साथ जोड़ा गया है। यह हृदय गतिविधि और रक्तचाप जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मापदंडों पर नजर रखता है। इस प्रणाली के तहत अनुभवी चिकित्सक स्वास्थ्य मापदंडों पर चौबीसों घंटे एक दूरस्थ कमान केंद्र के जरिए नजर रख सकते हैं। यह केंद्र किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति का पता चलने पर मरीजों एवं उनके परिवारों को सतर्क करता है। इस प्रणाली के उद्घाटन समारोह में करीब 40 चिकित्सकों ने भाग लिया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** - आज दिन के दूसरे हिस्से में व्यावहारिक निर्णय लेना अधिक लाभ देगा। किसी काम को अधूरा छोड़ने से बचें।

**वृष** - आज आपके लिए स्थिति मजबूत होने का दिन है। आप अपने फैसलों में स्पष्ट रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण काम आपके पक्ष में जा सकता है।

**मिथुन** - आज आप थोड़ा शांत रहकर काम करना पसंद करेंगे। भीड़ से हटकर सोचने का फायदा मिलेगा। कोई अवसर आपके काम आ सकता है।

**कर्क** - आज टीम के साथ किया गया काम सफल होगा। प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलेगा। लोगों के साथ तालमेल बनाकर रखें।

**सिंह** - आज का दिन आपके पक्ष में जा सकता है। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम में लापरवाही न करें।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए प्रगति का संकेत दे रहा है। आप किसी नए तरीके से काम करने की कोशिश करेंगे।

**तुला** - आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। मन में असंतुलन आ सकता है। जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें।

**वृश्चिक** - आज आपके लिए साझेदारी और संबंध महत्वपूर्ण रहेंगे। मिलकर किया गया काम आगे बढ़ेगा। बातचीत में स्पष्टता रखें।

**धनु** - आज का दिन थोड़ा व्यस्त रहेगा। आपको लगातार सक्रिय रहना पड़ेगा। सही दिशा में मेहनत करने से लाभ मिलेगा।


**मकर** - आज आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। अलग तरीके से काम करने पर सफलता मिलेगी।

**कुंभ** - आज निजी मामलों पर ध्यान देना पड़ सकता है। किसी विषय पर गंभीर चर्चा हो सकती है। काम के साथ निजी जीवन को संतुलित रखें।

**मीन** - आज के दिन को हल्के में न लें। आपके लिए बातचीत महत्वपूर्ण रहेगी। छोटी सी बात आपके लिए बड़ा मौका बन सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 20 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत–2083, शक संवत 1948 मास– वैशाख, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तृतीया 07 .27 तक तत्पश्चात चतुर्थी 21 अप्रैल 04 .14 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**–पूर्व, **ऋतु**– वसंत।
**चन्द्रबल**– वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**–अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**–रोहिणी 21 अप्रैल 02 .08 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |

### सुडोकू -125

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | 5 | 7 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 6 | | 4 | 8 | | | | 5 | |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | |
| 5 | | | 2 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 1 | | 6 | | |

## यूक्रेन से पाइप लाइनों पर हमला न करने की गारंटी ले तुर्किये: रूस

**मास्को।** रूस ने तुर्किये से अपील की है कि वह यूक्रेन से इस बात की गारंटी ले कि तुर्कस्ट्रीम और ब्लू स्ट्रीम गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे पर कोई हमला नहीं किया जाएगा।

रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने कहा, काला सागर के नीचे तुर्किये को गैस आपूर्ति करने वाली पाइपलाइनों पर यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों को देखते हुए, हमने अपने तुर्की भागीदारों से आग्रह किया है। हमने उनसे कहा है कि वे यूक्रेन को कड़े संकेत भेजें और मांग करें कि वे इस तरह के कृत्यों को तुरंत रोकें।

**वैश्विक रिपोर्ट** | **लागत कम करने के लिए एआई आधारित पुनर्गठन पर जोर दे रही हैं कंपनियां**

# आईटी सेक्टर से पहली तिमाही में ही 73,200 कर्मचारी बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2026 की पहली तिमाही में आईटी सेक्टर के 73,200 से भी अधिक कर्मियों की नौकरियां चली गई हैं। यह आंकड़ा टेक इंडस्ट्री में छंटनी पर नजर रखने वाली वैश्विक साइट लेऑफ डॉट एफवाईआई ने जारी किया है। इसके मुताबिक पहली तिमाही के दौरान 95 कंपनियां इस छंटनी प्रक्रिया में शामिल रहीं। पिछले रुझानों पर गौर करने से पता चलता है कि 2025 में भी बड़े स्तर पर नौकरियां गई थीं।



वर्तमान आंकड़े बताते हैं कि कंपनियां अब लागत कम करने और एआई आधारित पुनर्गठन पर जोर दे रही हैं। एक के बाद एक छंटनी की घोषणा करने वाले प्रमुख नामों में द वॉल्ट डिज्नी कंपनी, मेटा प्लेटफॉर्म्स, स्नैप इंक और ओरेकल कॉर्पोरेशन ॉशामिल थे। डिज्नी नौकरियों में करीब 1,000 और कटौती की तैयारी कर रहा है। मार्च में जोश डी अमारो के सीईओ के रूप में पदभार संभालने के बाद से यह पहला बड़ा पुनर्गठन है। डिज्नी की सेवा समाप्ति पर मिलने वाली राशि पद और कार्यकाल के आधार पर अलग-अलग हैं। पांच साल से कम की सेवा वाले गैर-प्रबंधकीय कर्मचारियों को चार सप्ताह का वेतन मिलेगा, जबकि लंबे कार्यकाल वाले कर्मचारियों को प्रति वर्ष सेवा के लिए एक सप्ताह का वेतन दिया जाएगा, अधिकतम सीमा 52 सप्ताह है।

मार्च में मेटा ने 700 पदों को कम कर दिया। बरलिंगम और सनीवेल स्थित कैलिफोर्निया कार्यालयों में 198 पद और कम किए जाने हैं। इससे पहले जनवरी में, कंपनी ने अपनी ऑग्मेंटेड और वर्चुअल रियलिटी पहलों से जुड़ी लगभग 1,500 नौकरियों में पहले ही कटौती कर दी थी। ओरेकल कॉर्पोरेशन भी अब तक के सबसे बड़े पुनर्गठन अभियानों में से एक चला रहा है।

### भारत सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में शामिल

भारत सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक है, जहां 12,000 नौकरी गईं हैं। रिपोर्टों के अनुसार, ये छंटनी क्लाउड, हेल्थकेयर, सेल्स और नेटसूट डिविजनों में फैली हुई है। स्नैप इंक 1,000 कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रहा है जो इसके कुल कार्यबल का 16 प्रतिशत है। स्नैप 300 से अधिक खाली पड़े पदों को भी खत्म कर रहा है, जो बड़े स्तर पर भर्ती में मंदी का संकेत है। कंपनी को दूसरी छमाही तक सालाना 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर (4,630 करोड़ भारतीय रुपये) से अधिक बचत होने की उम्मीद है।



> हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि हम कुछ रन कम रह गए हैं। हमने कुछ शानदार कैच पकड़े, बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से रन बचाए। हमने 175 रनों को 190 रनों जैसा महसूस कराया, जो कि आप कर सकते हैं।
> –दिनेश कार्तिक, बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच

# स्टेडियम

बरेली, सोमवार ,20 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस बनाम मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप



- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन


## पर्पल कैप



- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 11 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट

# प्रियांश-कोनोली की तूफानी पारियों से पंजाब ने सत्र का सर्वोच्च स्कोर बनाकर जीता मैच

## आईपीएल-2026 : लखनऊ सुपर जाएंट्स को 54 रनों से परास्त किया



प्रियांश आर्य।

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

पंजाब किंग्स ने प्रियांश आर्य (93 रन) और कूपर कोनोली (87 रन) के अर्धशतकों के दम पर रविवार को यहां आईपीएल में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ 54 रन की आसान जीत दर्ज कर अपना विजय अभियान जारी रखा। पंजाब किंग्स छह मैच में से पांच जीत से 11 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर बरकरार है। एलएसजी की यह लगातार तीसरी हार है।

वैभव सूर्यवंशी के साथ देश की सबसे रोमांचक टी-20 बल्लेबाजी प्रतिभाओं से एक सलामी बल्लेबाज प्रियांश और कोनोली के बीच दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी से पंजाब किंग्स ने सात विकेट पर 254 रन का सत्र का सर्वोच्च स्कोर खड़ा किया। जवाब में एलएसजी की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 200 रन ही बना सकी जिसमें कप्तान ऋषभ पंत ने 43 रन, ऐडन मारक्रम ने 42 रन, मिचेल मार्श ने 40 रन और आयुष बडोनी ने 35 रन बनाए। पंजाब किंग्स के लिए मार्को यानसेन ने 37 रन देकर दो विकेट झटके जबकि अर्शदीप सिंह, विजयकुमार विशाक और युजवेंद्र चहल को एक एक विकेट मिला।

पंजाब किंग्स भले ही जीत गई हो लेकिन उसके क्षेत्ररक्षकों का प्रदर्शन काफी खराब रहा, जिन्होंने मैच के दौरान काफी कैच छोड़े। दिल्ली के 24 साल के खिलाड़ी प्रियांश ने अपनी पारी के दौरान नौ छक्के और चार चौके लगाए जबकि ऑस्ट्रेलिया के कोनोली की 46 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़े थे। इन दोनों के बीच 80 गेंद की साझेदारी में 16 छक्के (नौ प्रियांश ने लगाए) और 12 चौके जड़े थे। मार्कस स्टोइनिस ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले 29 रन का योगदान दिया। पंजाब किंग्स का पावरप्ले में एक विकेट पर 63 रन का स्कोर अच्छा था, लेकिन सातवें से 11वें ओवर के बीच का मध्य चरण और भी बेहतर रहा जिसमें 66 रन बने।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएसजी ने बडोनी को पारी का आगाज करने के लिए भेजा जो अर्शदीप के सामने जूझते नजर आए। पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर तीसरे ओवर में मार्श का कैच लपकने से चूक गए जिसे अर्शदीप के दूसरे ओवर में 17 रन बने। मार्श और बडोनी ने रन जुटाना जारी रखते हुए बार्टलेट के ओवर में 15 रन जोड़े। लेकिन जल्द ही विशाक ने बडोनी को आउट कर 61 रन की भागीदारी का अंत किया। पंत ने सातवें ओवर में यानसेन पर लगातार दो छक्के जमाकर बड़ी पारी खेलने की उम्मीद जगाई। 11 ओवर के बाद टीम का स्कोर एक विकेट पर 109 रन था। मार्श अगले ओवर में चहल की गेंद को उठाने की कोशिश में बार्टलेट को आसान कैच थमा बैठे। पंत ने इसी ओवर में चहल पर लांग ऑन पर लगातार दो छक्के लगाकर दबाव कम करने का प्रयास किया। 13वें ओवर में अर्शदीप की गेंद पर आउट हो गए। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने दबाव बना दिया जिससे एलएसजी की टीम रन जुटाने के लिए जूझती रही।

### पंजाब किंग्स

**254/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का मार्श बो सिद्धार्थ | 93 |
| प्रभसिमरन सिंह का मार्श बो शमी | 00 |
| कूपर कोनोली का सिद्धार्थ बो प्रिंस | 87 |
| श्रेयस अय्यर का शमी बो मोहसिन | 05 |
| मार्कस स्टोइनिस रन आउट | 29 |
| नेहाल वढेरा का पूरन बो सिद्धार्थ | 13 |
| शशांक सिंह का मारक्रम बो प्रिंस | 17 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-3, 2-185, 3-187, 4-193, 5-208, 6-252, 7-254

**गेंदबाजी** : शमी 4-0-56-1, मोहसिन 4-0-43-1, प्रिंस 4-0-25-2, बडोनी 1-0-14-0, आवेश 3-0-46-0, सिद्धार्थ 3-0-35-2, मारक्रम 1-0-32-0

### लखनऊ सुपर जाएंट्स

**200/5** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| मिचेल मार्श का बार्टलेट बो चहल | 40 |
| आयुष बडोनी का बार्टलेट बो विशाक | 35 |
| ऋषभ पंत का प्रभसिमरन बो अर्शदीप | 43 |
| निकोलस पूरन का अय्यर बो यानसेन | 09 |
| ऐडन मारक्रम का स्टोइनिस बो यानसेन | 42 |
| मुकुल चौधरी नाबाद | 21 |
| हिम्मत सिंह नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-61, 2-109, 3-128, 4-139, 5-199

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-41-1, बार्टलेट 4-0-54-0, यानसेन 4-0-37-2, विशाक 4-0-30-1, चहल 4-0-36-1

# मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का अनुबंध एक साल और बढ़ाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है। अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने पीटीआई को बताया अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया। अगरकर के करीबी सूत्रों ने हमेशा यही कहा कि वह खुद अनुबंध बढ़वाने की मांग करने की जगह फैसला करने वालों को अपनी समिति के प्रदर्शन का आकलन करने देना अधिक पसंद करते हैं। पचास ओवर के विश्व कप से पहले निरंतरता बनाए रखना बोर्ड के इस फैसले के पीछे के मुख्य कारणों में से एक है। अपने कार्यकाल के दौरान समिति ने कई कड़े फैसले किए हैं जिनमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को देखना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना शामिल है। समिति ने एक साहसिक चयन फैसला भी लिया जिसमें टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी इशान किशन को टीम में शामिल किया गया।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 7. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -1.173 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |
| 10. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |

## हाईलाइट

### द, अफ्रीका को 2-0 की बढ़त, भारतीय महिलाएं फिर हारीं

**डरबन।** क्लो ट्रायोन (22 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के बाद कप्तान लौरा वोल्वार्ट (54) और सुने लुस (57) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को यहां भारत को 17 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के आक्रामक 57 रन के बावजूद भारतीय टीम 147 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने 17.1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर सीरीज में 2-0 की बढ़त कायम कर ली। वोल्वार्ट ने 34 गेंदों की पारी में सात चौके और एक छक्का, जबकि लुस ने 46 गेंदों की पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा। दोनों ने महज 73 गेंदों में 106 रन की साझेदारी कर टीम की एकतरफा जीत सुनिश्चित की। भारतीय क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा और टीम ने कई आसान कैच टपकाए।

### सीएसके को झटका म्हात्रे का मौजूद सत्र में खेलना संदिग्ध

**हैदराबाद।** युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे का चोटिल होने के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए करारा झटका है। सीएसके के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान 18 वर्षीय म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने वाले म्हात्रे काफी असहज नजर आ रहे थे और उसके बाद वह लंबे समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाए। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, उसकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। अभी मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। हम कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे।

# मुंबई को एक और झटका देना चाहेगा गुजरात

**अहमदाबाद, एजेंसी**

पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है।

गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाज अभी तक विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोहम्मद सिराज और कागिसो रबाडा कई बार महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है।



अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात जाइंट्स के प्रसिद्ध कृष्णा। एजेंसी

### लगातार हार से दबाव में मुंबई इंडियंस

मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

### टीम

**गुजरात टाइटंस** : शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

**मुंबई इंडियंस** : हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

# नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर खोला जीत का खाता


जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते रिंकू सिंह।

**कोलकाता, एजेंसी**

वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी के जादू के बाद रिंकू सिंह के जुझारू अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां विषम परिस्थितियों से उबरते हुए राजस्थान रॉयल्स चार विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

रॉयल्स के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम 14वें ओवर में 85 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन रिंकू (नाबाद 53 रन, 34 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और अनकूल रॉय (नाबाद 29, 16 गेंद, दो छक्के, एक चौका) के बीच सातवें विकेट की 37 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।

सात मैच में पहली जीत दर्ज करने के बाद नाइट राइडर्स की टीम तीन अंक के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। लगातार दूसरी हार के बाद रॉयल्स की टीम छह मैच में आठ अंक के तीसरे स्थान पर है। सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी (46 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (39 रन, 29 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 81 रन की साझेदारी के बावजूद रॉयल्स की टीम नौ विकेट पर 155 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में पांच रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों टिम सीफर्ट और कप्तान अजिंक्य रहाणे के विकेट गंवा दिए जो खाता खोलने में भी नाकाम रहे। जोफ्रा आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर सीफर्ट को बोल्ड किया जबकि अगले ओवर में नांद्रे बर्गर ने रहाणे को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया।

### राजस्थान रॉयल्स

**155/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का रहाणे बो नारायण | 39 |
| वैभव सूर्यवंशी का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 46 |
| ध्रुव जुरेल स्टं सीफर्ट बो चक्रवर्ती | 05 |
| रियान पराग बो चक्रवर्ती | 12 |
| शिमरोन हेटमायर का रघुवंशी बो त्यागी | 15 |
| डोनोवन फरेरा कैच एवं बो नारायण | 07 |
| रविंद्र जडेजा का ग्रीन बो त्यागी | 09 |
| जोफ्रा आर्चर रन आउट | 08 |
| रवि बिश्नोई का सीफर्ट को त्यागी | 00 |
| ब्रिजेश शर्मा नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **विकेट पतन** : 1-81, 2-97, 3-99, 4-117, 5-124, 6-144, 7-146, 8-146, 9-155

**गेंदबाजी** : अरोड़ा 4-0-37-0, त्यागी 4-0-22-3, ग्रीन 2-0-27-0, नारायण 4-0-26-2, चक्रवर्ती 4-0-14-3, रमनदीप 2-0-26-0

### कोलकाता नाइट राडर्स

**161/6** (19. 4 ओवर)

| | |
|---|---|
| टिम सीफर्ट बो आर्चर | 00 |
| अजिंक्य रहाणे का जुरेल बो बर्गर | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी पगबधा बो जडेजा | 10 |
| कैमरन ग्रीन स्टं जुरेल बो बिश्नोई | 27 |
| रोवमैन पावेल का फरेरा बो जडेजा | 23 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 53 |
| रमनदीप सिंह बो यश | 10 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 29 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-0, 2-5, 3-37, 4-52, 5-70, 6-85

**गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-35-1, बर्गर 2-0-20-1, बिश्नोई 4-0-41-1, यश 4-0-25-1, जडेजा 3-0-8-2, ब्रिजेश 1.4-0-21-0

**53** रनों की नाबाद पारी रिंकू सिंह ने 34 गेंदों पर खेली, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं

## सफलता

### पेनाल्टी शूटआउट तक खिंचे फाइनल में एटलेटिको को 4-3 से हराया

# रियल सोसिडाड ने कोपा डेल रे का खिताब जीता

**सेविले (स्पेन), एजेंसी**

रियल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया।

सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज़ के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा यह अविश्वसनीय सफर रहा है।


खिताब के साथ जश्न मनाते रियल सोसिडाड के खिलाड़ी।

### एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में विसेल कोबे से टकराएगा अल अहली

**जेद्दा।** सऊदी अरब का क्लब अल अहली चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सोमवार को जापान के विसेल कोबे से भिड़ेगा। एशिया के इस प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जापान की माचिदा ज़ेलविया का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल अहली से होगा। पिछले साल मई में पहली बार खिताब जीतने वाले अल अहली ने क्वार्टर फाइनल में यहां मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम को 2-1 से हराया। जेद्दा टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की मेजबानी कर रहा है। अली मजराशी ने 19वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिससे जोहोर को बढ़त मिल गई। अल अहली के इस डिफेंडर को जल्द ही लाल कार्ड दिखाया गया।

### मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने रैपिड्स को हराया

**कॉमर्स सिटी (अमेरिका)।** लियोनेल मेसी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3-2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। मेसी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया।